सुप्रभात
रांची, रविवार
25.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 340



12 मणिपुर में शांति के लिए हर संभव किये जा रहे हैं प्रयास : शाह

## न्यूज डायरी

### एनएचएआइ चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**रांची।** एनएचएआइ के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने झारखंड दौरे के तीसरे दिन शनिवार को धनबाद- खैरटुंडा- बगोदर- हजारीबाग सेक्शन में बन रहे रोड का निरीक्षण कर एनएच 2 के इस महत्वपूर्ण रोड का जायजा लिया।

### हत्यारिन पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

**दुमका।** अवैध संबंध का विरोध करने पर 23 जुलाई 2021 को सरैयाहाट के सोनू पोद्दार की हत्या हुई थी। शौचालय के निर्माणाधीन टैंक में शव फेंकने वाली पत्नी गौरी व उसके प्रेमी रविकांश शर्मा को प्रधान जिला जज अनिल मिश्रा ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

### असम में बाढ़ से 16 जिलों में भारी तबाही

**असम।** लगातार बारिश से 16 जिलों के करीब 4.89 लाख लोग प्रभावित हैं। रिपोर्ट के अनुसार अकेले बजाली जिले में लगभग 2.67 लाख प्रभावित हैं। प्रभावित जिलों में 140 राहत शिविर और 75 राहत वितरण केंद्र स्थापित हैं।

### पांच की हत्या कर खुद कर ली आत्महत्या

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के किशनी क्षेत्र में एक सिरफिरे ने परिवार के चार सदस्यों और भाई के दोस्त की हत्या कर खुद गोली मार कर आत्महत्या कर ली। युवक गोकुलपुरा के सुभाष यादव का पुत्र शिववीर है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

# पुतिन के तख्तापलट की कोशिश

- पुतिन के मॉस्को छोड़ने की अफवाह, राजधानी की ओर बढ़ी वैगनर सेना
- मॉस्को में लॉकडाउन, विद्रोहियों को कुचल देंगे : व्लादिमिर पुतिन

## रूस में कयामत की रात, मॉस्को की ओर बढ़ रही वैगनर सेना

### देश को नया राष्ट्रपति शीघ्र: प्रिगोझिन

वैगनर सेवा प्रमुख प्रिगोझिन ने दावा किया कि देश को नया राष्ट्रपति शीघ्र मिलेगा। उन्होंने पुतिन के उस बयान का मजाक भी उड़ाया है, जिसमें प्रिगोझिन को देशद्रोही कहा था। मॉस्को में लॉकडाउन है, क्योंकि सैनिक शहर की रक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। वैगनर मरने-मारने को तैयार हैं। प्रिगोझिन का कहना है कि रूसी सेना के हमले में वैगनर आर्मी के कुछ लोग मारे गये हैं। इस बीच ऐसी अफवाह है



कि राष्ट्रपति पुतिन ने राजधानी छोड़ दिया है। इन अफवाहों को ऑनलाइन मौजूद विमान के रडार डेटा से हवा मिलती है। इसके मुताबिक पुतिन का

### हमारा जवाब कठोर होगा : पुतिन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेना के खिलाफ हथियार उठाने वाला हर कोई गद्दार है। उन्होंने कहा, मौजूदा 'विद्रोह' में भाग लेने वाले सभी लोगों को दंडित करेंगे। 'हमारा जवाब कठोर होगा'। पुतिन ने जनता के सामने वैगनर लड़ाकों पर नकेल कसने का संकल्प लिया।

**एजेंसी**

**मास्को।** रूस-यूक्रेन का युद्ध पिछले कुछ महीनों से एक चर्चा का विषय है। ऐसे में इस जंग के बीच रूस में आपसी युद्ध ही शुरू हो गया है। कभी राष्ट्रपति पुतिन के खास रहे रूस में वैगनर ग्रुप के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के तख्ता पलट को ले कर उनके खिलाफ बगावत कर दी है। प्राइवेट आर्मी वैगनर ने रोस्तोव शहर पर कब्जा जमाया हुआ है। वैगनर आर्मी राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ रही है। इस बीच राष्ट्रपति पुतिन ने शनिवार को देश को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि सैन्य नेता ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा है। विद्रोहियों को कड़ी सजा देंगे। राष्ट्रपति का कहना है कि स्थिति कठिन है, लेकिन उन्होंने रूस की रक्षा के लिए सब कुछ करने का वादा किया है। (शेष पेज 11 पर)

## टी-शर्ट और टॉफी बांटने के मामले में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**2016 राज्य स्थापना दिवस**

**झारखंड हाइकोर्ट में 11 को फिर होगी सुनवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य की तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर टी शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई शनिवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13-14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी। उसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर इस पर सवाल उठाया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान मामले में प्रार्थी ने कोर्ट को बताया था कि 2016 में स्थापना दिवस समारोह के लिए 10 करोड़ स्वीकृत हुए थे, जिसमें से साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख से टॉफी खरीदी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में असर दिखायेगा चक्रवात

**रांची।** झारखंड में मानसून लगभग पूरी तरह फैल गया है। उत्तर पश्चिमी भाग के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के कई हिस्सों में मानसून का असर भी दिखने लगा है। मौसम विभाग ने 25 और 26 जून को पलामू और राज्य के दक्षिणी और इससे सटे मध्य भागों में बारिश की संभावना जाहिर की है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई है।

**अभी भी रांची में तेज बारिश का इंतजार :** राजधानी रांची में मौसम ने अपना मिजाज बदला है लेकिन अब तक तेज बारिश नहीं हुई। रांची में अब भी गर्मी सता रही है। आसमान में बादल छाये हैं, कई बार हल्की बारिश भी हुई लेकिन तेज बारिश का इंतजार है। मौसम विभाग ने संभावना जतायी है कि अगले 24 घंटे में रांची में तेज बारिश हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)

ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे- गाने से मोदी का काहिरा में स्वागत

## आज राष्ट्रपति से आपसी संबंधों पर होगी चर्चा

**एजेंसी**

**काहिरा।** पीएम मोदी अपनी विदेश यात्रा के दूसरे चरण में अमेरिका से शनिवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मिस्त्र पहुंचे। वहां मोदी, राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी से द्विपक्षीय विषयों और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। काहिरा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर मिस्त्र के पीएम मुस्तफा मैडबौली ने उनकी अगवानी की। उनके स्वागत के लिए मुस्तफा कमाल मदबूली और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मिस्त्र की एक महिला ने काहिरा में पीएम मोदी के स्वागत में 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' गाना



गाया। जब महिला पीएम मोदी के सामने ये गाना गा रही थी तो वहां मौजूद लोगों के चेहरे पर मुस्कान थी। राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के निमंत्रण पर मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर वहां पहुंचे हैं। (शेष पेज 11 पर)

वंदे भारत ट्रेन : 27 को पीएम करेंगे शुभारंभ

## रांची-पटना की बुकिंग शुरू, शिड्यूल भी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची-पटना वंदे भारत का उद्घाटन 27 जून को पीएम मोदी भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। 28 जून से मंगलवार को छोड़ छह दिन ट्रेन चलेगी। ट्रेन के टिकट की बुकिंग शुरू हो गयी है। आईआरसीटीसी एप के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक रांची से पटना के बीच चेयरकार के लिए 1175 रुपये लगेंगे। इकोनॉमी क्लास का किराया 2110 रुपये होगा। रांची से पटना के बीच चेयर कार के लिए कुल 411 सीटों की बुकिंग होगी। इकोनॉमी क्लास के लिए 37 सीट बुकिंग के लिए रखे गये हैं। वहीं पटना से रांची के बीच चेयरकार के लिए 423 सीटें और इकोनॉमी क्लास के लिए 40 सीटों की बुकिंग होगी। रांची से यह ट्रेन दोपहर 4:15 बजे खुलेगी और 10:05 बजे पटना पहुंचेगी। रांची से पटना पहुंचने में ट्रेन को पांच घंटे पचास मिनट लगेंगे। वहीं पटना से रांची पहुंचने में ट्रेन को 6 घंटे लग जाएंगे। हफ्ते में छह दिन बुधवार से सोमवार तक ट्रेन चलेगी। रेल मंत्रालय, दानापुर रेल मंडल, रांची रेल मंडल और धनबाद रेलमंडल के अधिकारियों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई हाई लेबल मीटिंग के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है।

**पटना-रांची टाइम टेबल :** पटना से यह ट्रेन सुबह सात बजे खुलकर 8:25 में गया पहुंचेगी। वहां 8:35 बजे खुलेगी और सुबह 9:35 बजे कोडरमा पहुंचेगी। वहां से 9:37 में खुलकर 10:33 बजे हजारीबाग टाउन पहुंचेगी। वहां से 10:35 में खुलेगी। ट्रेन 11:35 में बरकाकाना पहुंचेगी, जहां से 11:40 बजे खुलकर यह ट्रेन दोपहर एक बजे रांची पहुंच जायेगी।

**रांची-पटना के बीच टाइम टेबल :** रांची से यह ट्रेन दोपहर बाद 4:15 बजे खुलेगी। 5:30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और वहां से 5:35 में खुलेगी। हजारीबाग टाउन स्टेशन पर ट्रेन 6:30 बजे पहुंचेगी और वहां से 6:32 में खुलेगी। शाम 7:30 बजे यह ट्रेन कोडरमा पहुंचेगी, जहां से 7:32 में ट्रेन खुल जायेगी। 8:45 बजे गया पहुंचेगी जहां से पटना के लिए 8:50 में खुलेगी। इस ट्रेन के पटना पहुंचने का समय रात 10:05 बजे है।

### छह दिन चलेगी ट्रेन



### ट्रेन का किराया

| स्टेशन | चेयर | इकोनॉमी |
|---|---|---|
| रांची-पटना | 1175 | 2110 |
| रांची-बरकाकाना | 490 | 920 |
| रांची-हजारीबाग | 555 | 1060 |
| रांची-कोडरमा | 690 | 1340 |
| रांची-गया | 1040 | 1835 |
| पटना-रांची | 1025 | 1930 |
| पटना-गया | 565 | 995 |
| पटना-कोडरमा | 685 | 1250 |
| पटना-हजारीबाग | 825 | 1525 |
| पटना-बरकाकाना | 915 | 1710 |



## खबर एक नजर में

### झारखंड के 81 कार्यकर्ता भोपाल रवाना

**रांची।** आगामी 27 जून को महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल से देश भर के कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबंधित करेंगे। प्रदेश भाजपा के ये 81 कार्यकर्ता प्रत्यक्ष रूप में भोपाल की रैली में शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के सभी 513 मंडलों में डिजिटल लिंक के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी को सुनेंगे।

### तत्कालीन सीओ मनोज कुमार पर चलेगी कार्यवाही

**रांची।** राज्य सरकार ने तत्कालीन शहर अंचल और वर्तमान में गम्हरिया के सीओ रांची मनोज कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनपर लगे आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। बिना राजस्व पंजियों, अभिलेखों, परिपत्रों की जांच पड़ताल किए राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक की अनुशंसा पर आदिवासी भूमि का हस्तांतरण गैर आदिवासी को करने का आरोप है। रांची डीसी ने 21 मार्च 2020 को ही उनके उपर सीएनटी एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन का आरोप लगाकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

### एनएचएआई अध्यक्ष ने धनबाद-खैरटुंडा-बगोदर-हजारीबाग रोड का किया निरीक्षण

**रांची।** एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने अपने झारखंड दौरे के तीसरे दिन शनिवार को धनबाद-खैरटुंडा-बगोदर-हजारीबाग सेक्शन में बन रहे रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान इंजीनियरों के साथ उन्होंने इस रोड निर्माण में आ रही परेशानियों को भी समझा। अधिकारियों व संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि इसके निर्माण में क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाये। उन्होंने हजारीबाग-रांची फोरलेन सेक्शन में ओरमांझी के आगे पुंदाग टोल प्लाजा के समीप प्लांटेशन भी किया। उन्होंने पौधे भी लगाये।

### सिविल कोर्ट में कामकाज का समय बदला

**रांची।** सोमवार से राज्य भर के जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जाएगा। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही है, लेकिन यह व्यवस्था सोमवार से बदल जाएगी। रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में 5 अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी लेकिन अब झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे 28 जून तक झारखंड में करेंगे प्रवास

**रांची।** महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे आज से 28 जून तक झारखंड में प्रवास करेंगे। इस दौरान वह पलामू, गढ़वा और रांची जिला के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से जानकारी दी गयी कि महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे अपने चार दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर 25 जून को सेवा विमान से सुबह 8.30 बजे रांची आयेंगे। प्रो शिंदे 10 बजे पूर्वाह्न गढ़वा केलिए प्रस्थान करेंगे। शाम 5 बजे वे भवनाथपुर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 26 जून को प्रो शिंदे बाबा बंशीधर के दर्शन पूजन के बाद पलामू पहुंचेंगे और 12.30 बजे अपराह्न प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। मेदनीनगर में वे रात्रि 8 बजे तक संपर्क से समर्थन, विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। 27 जून को प्रो शिंदे रांची पहुंचेंगे और शाम 5 बजे कांके विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगे। 28 जून को प्रो शिंदे हटिया विधानसभा क्षेत्र एवं रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम 4 बजे मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्रदेश भाजपा का आज प्रबुद्ध जन सम्मेलन

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से आज रविवार को राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश सरायकेला में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कहा गया कि 1975 में 25 जून को इंदिरा गांधी के निर्देश पर आपातकाल के माध्यम से भारत के लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास किया गया था, जिसे देश की जनता ने संघर्ष ,त्याग , बलिदान के द्वारा विफल किया। देश की नई पीढ़ी को इस मानसिकता को समझने की जरूरत है। प्रदेश भाजपा आज सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजन सम्मेलन के माध्यम से इस काले अध्याय की चर्चा करेगी।

### वीरेन्द्र राम के सीए नीरज मित्तल को भेजा गया जेल

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल को जेल भेज दिया गया है। नीरज मित्तल को ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। शनिवार को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीए नीरज मित्तल पर बीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। केनरा बैंक की नई दिल्ली स्थित एनएसई शाखा में वीरेंद्र राम व उनकी पत्नी राजकुमारी देवी के नाम से संयुक्त खाता है, जहां बड़ी रकम मिली है। इस खाते में वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2018-19 के बीच 9.30 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। इसके अलावा वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के नई दिल्ली स्थित केनरा बैंक के एसएमई नारायण विहार शाखा में 22 दिसंबर 2022 से 23 जनवरी 2023 के बीच 4.48 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। दोनों ही खातों में सीए मुकेश मित्तल ने फर्जी तरीके से राशि जमा की थी।

## स्मार्ट मीटर आवंटन में गड़बड़ी मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा

# टेंडर शर्तों की अवहेलना कर बिजली वितरण निगम ने 98 करोड़ की जगह 140 करोड़ वाले को दिया काम

**सरयू राय ने इस मामले में मुख्यमंत्री से जांच करने की मांग की**

**विधायक सरयू राय ने ट्वीट किया- याचिकाकर्ता पर बिजली वितरण निगम बना रहा दबाव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यभर में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। धनबाद में इसके लिये सर्वे जारी है। स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही राजधानी में स्मार्ट मीटर घोटाले की खबरें आने लगी। पहले स्मार्ट मीटर के लिए तार को लेकर एजेंसियों की मनमानी की खबरें आयीं। वहीं, अब झारखंड बिजली वितरण निगम पर टेंडर घोटाला का आरोप लगा है। मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। इस संबध में विधायक सरयू राय ने ट्वीट भी किया है। जिसमें बताया गया है कि बिजली वितरण निगम ने टेंडर शर्तों की अवहेलना करते हुए टेंडर आवंटित किया है जिस कंपनी की ओर से मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है, उसने निगम पर आरोप लगाया है कि मीटर आपूर्ति की निविदा दर 98 करोड़ रुपए रखी गयी। इसके बाद भी निगम ने 140 करोड़ रुपए वाली कंपनी को आपूर्ति आदेश दे दिया।

विधायक सरयू राय ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि याचिकाकर्ता पर निगम की ओर से दबाव बनाया जा रहा है जहां केस वापस लेने की बात की जा रही है। सरयू राय ने इस मामले में मुख्यमंत्री से जांच करने की मांग की है।

### एजेंसी के खिलाफ मिलती रही है शिकायत

राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि एजेंसी की ओर से मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं से तार की मांग की जा रही है। जिसके बाद जेबीवीएनएल ने गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि पुराना कनेक्शन होने पर उपभोक्ताओं को तार नहीं देना होगा। तार सही पाये जाने पर एजेंसी उसी तार का इस्तेमाल करेगी जबकि तार कटा फटा होने पर एजेंसी खुद तार बदलेगी। वहीं, नये कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को खुद का तार निगम को देना है।

### धनबाद शहर में स्मार्ट मीटर का सर्वे कार्य जारी, रांची में 90 हजार मीटर लगाये गये



रांची में इस साल जनवरी से स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। अब तक राजधानी में लगभग 90 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है जबकि एक हजार स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर कार्यरत है। राजधानी रांची में ये काम एजेंसी जीनस सेक्योर को दिया गया है। रांची में तीन लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर बदले जाने हैं, जबकि धनबाद में स्मार्ट मीटर के तहत सर्वे कार्य जारी है। सर्वे के बाद चयनित एजेंसी स्मार्ट मीटर लगायेगी। यहां डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर देना है इसके लिये एजेंसी बेनटेक को कार्य दिया गया है।

## दुमका पेट्रोल कांड मामला

# हाईकोर्ट ने एमिकस क्यूरी से मृतका के परिजनों को मिले लाभ की मांगी जानकारी

**राज्य सरकार ने अबतक पीड़ित परिवार को 10 लाख रूपये का किया है भुगतान**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दुमका में बीते साल 23 अगस्त को हुए पेट्रोल कांड में नाबालिग छात्रा अंकिता की हत्या कर दिए जाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में एमिकस क्यूरी रमित सत्येंद्र की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि राज्य सरकार ने विक्टिम फैमिली को अब तक की सहायता के रूप में 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में एमिकस क्यूरी को यह बताने को कहा है कि मृतक लड़की के परिजनों को और क्या-क्या लाभ दिया गया है, कोर्ट को इसकी जानकारी उपलब्ध करायें।

मामले में केंद्र सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका जबकि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि देवघर, एम्स में बर्न वार्ड कब तक स्थापित हो जायेगा। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि मामले में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, ट्रायल जारी है। यह भी बताया कि राज्य सरकार ने विक्टिम फैमिली को 10 लाख रूपया दिया है। वहीं केंद्र सरकार एवं एम्स, देवघर के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कोर्ट को बताया था कि लोकल एमपी ने भी अपने स्तर पर पीड़ित फैमिली के लिए 28 लाख का फंड जमा किया है। केंद्र सरकार और एम्स, देवघर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। बता दें कि 23 अगस्त 2022 को दुमका में हुए इस घटना के बाद 30 अगस्त 2022 को हाईकोर्ट ने मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## बोकारो में वनभूमि खरीद-बिक्री मामले में राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची। बोकारो में फॉरेस्ट लैंड की गैरमजरूआ जमीन की फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद-बिक्री की जांच का आग्रह करने वाली पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने इससे संबंधित दर्ज एफआईआर की स्टेटस रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगी है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बताया कि बोकारो में फॉरेस्ट लैंड जो गैरमजरूआ जमीन थी, उसे कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद बिक्री की। इस मामले को लेकर वर्ष 2016 में प्राथमिकी हुई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से मामले के दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में अद्यतन जानकारी मांगी है।

## आकलन परीक्षा पास करनेवाले पारा शिक्षकों का बढ़ेगा मानदेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अगले माह 30 जुलाई को राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर जैक ने सिलेबस जारी कर दिया है। परीक्षा के स्वरूप पर भी सूचना जारी कर दी है। इस आकलन परीक्षा में पास करने के बाद ही उनके मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) के अनुसार वैसे प्रशिक्षित सहायक अध्यापक जो शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं, के मानदेय में वृद्धि करने के लिए आकलन परीक्षा ली जानी है। इसके आयोजन के लिए जैक को अधिकृत किया गया है। परिषद् की ओर से बताया गया कि परीक्षा के लिए आवेदन प्रपत्र भरने वाले सभी सहायक अध्यापक की आकलन परीक्षा का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। पारा शिक्षक प्रवेश पत्र परिषद की वेबसाइट से ऑनलाइन 20 जुलाई से डाउनलोड कर सकते हैं। परिषद् के मुताबिक परीक्षा आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

**अब 150 अंकों की होगी परीक्षा**

पारा शिक्षक आकलन परीक्षा पहले 250 अंक की निर्धारित थी। यह परीक्षा अब 150 अंक की होगी। परीक्षा क्लास एक से पांच और छह से आठ के लिए होगी।

**क्लास एक से पांच की परीक्षा :** क्लास एक से पांच में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा, गणित, पर्यावरण विज्ञान, मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा ली जायेगी। जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा, हिंदी व अंग्रेजी की परीक्षा 30-30 अंकों की होगी। गणित, पर्यावरण विज्ञान, बाल विकास विषय की परीक्षा 25-25 अंकों की ली जाएगी। मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा 15 अंक की होगी।

**क्लास छह से आठ की परीक्षा**

क्लास छह से आठ में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा, बाल विकास व मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा अनिवार्य विषय के रूप में ली जाएगी। इन विषयों की परीक्षा 105 अंकों की होगी। शेष 45 अंक की परीक्षा, विज्ञान, भाषा व सामाजिक विज्ञान विषय में से अभ्यर्थी जिस विषय के शिक्षक होंगे उसकी परीक्षा होगी।

## चार जिलों में स्वास्थ्य विभाग खोलेगा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर

**एक हेल्थ सेंटर के निर्माण में ₹10 करोड 72 लाख 48 हजार रुपये होंगे खर्च**

**रांची।** स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को लेकर विभाग पूरी तरह से जुट गया है। विभाग राज्य के चार जिलों में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण करेगा, ताकि यहां के लोगों को डॉक्टर से दिखाने के लिए दूसरे शहर न जाना पड़े। सामान्य के अलावा बड़ी बीमारियों का भी इलाज एक ही छत के नीचे मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने 4 सेंटरों के निर्माण के लिए समय सीमा तय कर दी है। टेंडर के एक साल के भीतर भवन का काम पूरा कर लिया जाना है। प्रति हेल्थ सेंटर के लिए विभाग की ओर से 10,72,48,082 रुपए दिए गए हैं। इन सेंटरों पर इलाज के साथ दवाएं उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं, मरीजों को टेस्ट की भी सुविधा मिलेगी।

**कहां-कहां बनेगा सेंटर :** कम्युनिटी हेल्थ सेंटर मझगांव ब्लॉक वेस्ट सिंहभूम, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर गारू, लातेहार, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर मांडर, रांची और कम्युनिटी हेल्त सेंटर सतबरवा, पलामू में बनाया जायेगा।

## दीपक प्रकाश के बयान पर प्रतिक्रिया दी

# विपक्ष की बैठक में शीर्ष नताओं का शमिल होना सुखदः शहजादा अनवर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने पटना में आयोजित विपक्षी दलों की हुई बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बैठक ऐतिहासिक अभूतपूर्व और आसधारण रही है। इससे पहले भी विपक्ष की बैठकें हुई लेकिन पहली बार इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों के साथ उनके शीर्ष नेताओं ने भाग लिया। केन्द्र की भाजपा के नेतृत्व में चल रही सरकार के द्वारा देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। संवैधानिक मूल्यों को तार-तार किया जा रहा है। भय का माहौल बनाया जा रहा है, वैसे परिस्थिति में विपक्षी पार्टियों का एक साथ आना अपने आप में एक बड़ी बात और बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है।

श्री अनवर ने कहा कि तमाम वैचारिक मतभेदों और अपने राज्य के राजनैतिक बाध्यताओं के बावजूद सभी विपक्षी पार्टियों का एक मत और एकजूट होना लोकतंत्र में विश्वास करने वाले लोगों के लिए बहुत ही सुखद संदेश है। बैठक के सफल आयोजन के बाद जिस प्रकार की प्रतिक्रिया भाजपा और उसके सहयोगी दलों के राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के द्वारा दिया जा रहा है, वह उनकी हताशा और बेचौनी को दशार्ता है।

श्री अनवर ने कहा कि आगामी जुलाई महीने में शिमला होने वाली प्रस्तावित बैठक के बाद विपक्षी एकजुटता का ठोस स्वरूप और भावी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में स्पष्ट रणनीति बना ली जाएगी। 2024 में केन्द्र की सत्ता से भाजपा की विदाई के लिए विपक्ष कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

## विपक्ष की बैठक पर बोलने से पहले भाजपा अपने गिरेबां में झांके : राजद

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा है कि बिहार में विपक्ष की एकजुटता देख भाजपा के नेता बेचैन हैं। उन्होंने भाजपा नेता दीपक प्रकाश के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार में विपक्षी एकता की बैठक में एकता के नाम पर जुटे थे भ्रष्टाचार के संरक्षक। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को बोलने से पहले अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए। डॉ मनोज ने कहा कि यहां भाजपा की जब-जब सत्ता रही झारखंड को लूटखंड बनाने का काम किया। झारखंड की जनता को ठगने और धोखा देने का काम किया। जीरो टॉलरेंस वाली रघुवर दास की सरकार के समय सबसे ज्यादा 31 घोटाले हुए जिसमे मोमेंटम झारखंड में 100 करोड़, 400 करोड़ का लौह अयस्क, 18 करोड़ का कंबल घोटाला, 61 करोड़ अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाला, टॉफी टी-शर्ट घोटाला सहित अनेक घोटाले उजागर हुए। भाजपावालों को यह भ्रष्टाचार नहीं दिखता। जनता सब देख रही है समय आने पर जवाब देगी।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देवघर और गोड्डा जिले का किया दौरा, संवाद कार्यक्रम के जरिए लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू

# प्लास्टिक के कारण जलस्त्रोत होते हैं प्रभावित कपड़े के थैले का ही उपयोग करें : राज्यपाल

**देवघर के ठाढ़ीयारा पंचायत भवन में ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए, बांटी परिसंपत्तियां**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के ठाढ़ीयारा पंचायत भवन पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रत्येक जिला में लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिए जाने से लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। जीवन-स्तर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों की परेशानियों को कम करने के लिए सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत फ्री कुकिंग गैस कनेक्शन दिया गया है। इस योजना से भारत का 95% आबादी आच्छादित हो चुकी है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए नल-जल योजना के तहत पेयजलापूर्ति की जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि हमें प्लास्टिक के बदले थैले का उपयोग करना चाहिए। प्लास्टिक के कारण सभी जलस्त्रोत विशेष रुप से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि सिक्किम भारत का एक ऐसा प्रदेश है, जहां पूर्णतः ऑर्गेनिक खेती की जाती है। झारखंड भी धीरे-धीरे पूर्णरूप से ऑर्गेनिक खेती की ओर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में पहले ऑर्गेनिक खेती की जाती थी, लेकिन धीरे-धीरे पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर हमलोग पारंपरिक खेती छोड़ रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग करने लगे जिससे हमारा खेत प्रभावित होने लगे। अब हम पुनः ऑर्गेनिक खेती की तरफ बढ़ रहे हैं।

### जिनका आवास नहीं बना उन सभी का आवास बनेगा

एक ग्रामीण ने कहा- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यहां 150 आवास का निर्माण हुआ है, लेकिन अभी भी इसकी जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि पूरे भारत में कोई भी व्यक्ति गृहविहीन न रहे, जिनका आवास नहीं बना है, उन सभी का आवास बनेगा। एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि शौचालय बनने के बाद भी इसका उपयोग नहीं किया जाता है। कई शौचालय में पानी नहीं है। राज्यपाल ने डीसी से कहा कि नल-जल योजना के पूर्ण होने के पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बोरिंग के माध्यम से जल समस्या को दूर करें।

### मोहनपुर में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग उठी

जन संवाद कार्यक्रम में सूरज आजीविका सखी मंडल की सदस्य संजू टुडू ने बताया कि वह ऋण लेकर राशन व कॉस्मेटिक दुकान चला रही है, जिससे लगभग 8 हजार रुपए की आमदनी होती है। वह ऋण भी चुकता कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हुई हैं और उनका जीवन-स्तर बढ़ा है। जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी एवं सदस्य गीता मंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि यहां पर एक डिग्री कॉलेज खोला जाये, क्योंकि यहां के बच्चों को देवघर कॉलेज जाना पड़ता है। कई बच्चों का नामांकन नहीं हो पाता है एवं बच्चियां आगे पढ़ना छोड़ देती हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस दिशा में निश्चित रूप से सार्थक पहल होगी, लेकिन तब तक आवागमन के लिए बस की व्यवस्था की जाएगी। जिप अध्यक्ष ने मिड डे मील कर्मियों का मानदेय बढ़ाने की मांग की।

**गोड्डा के सुंदर पहाड़ी के फुटवॉल मैदान में राज्यपाल का लोक संवाद कार्यक्रम**

# स्वयं सहायता समूह से बदल रही महिलाओं की जिंदगी : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को गोड्डा जिले के सुन्दरपहाड़ी स्थित फुटबॉल मैदान में लोक संवाद कार्यक्रम में कहा कि स्वयं सहायता समूह से महिलाओं की जिंदगी बदल रही है। हमें यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50,000 से अधिक घरों का निर्माण किया जा चुका है। संवाद के क्रम में जब एक महिला ने बताया कि कच्चा घर से पक्का मकान मिल जाने से बहुत खुशी हो रही है और अब मौसम की मार नहीं झेलनी पड़ती है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बेघर का अपना घर हो। सिर्फ घर ही नहीं, घर के साथ-साथ उन्हें पेयजल भी उपलब्ध हो। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नल-जल योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर में पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।



### 21 जिलों में 7000 किमी से अधिक का कर चुके हैं दौरा

लोक संवाद कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा ने बताया कि इस विद्यालय में काफी संख्या में गरीब परिवार के बच्चे भी पढ़ते हैं। उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाती है। उसका सपना है कि भविष्य में वह शिक्षक बनकर छोटी-छोटी बच्चियों को शिक्षा प्रदान करें। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों का उत्साह उन्हें अभिभूत कर रहा है। निश्चित रूप से ये बालिकाएं जीवन में सफल होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों 21 जिलों में 7000 किमी से अधिक का दौरा कर झारखंड के ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया है एवं सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति एवं लोगों की समस्याओं से भी अवगत हुए हैं। लोगों की समस्याओं का निराकरण संबंधित स्तर से किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि एक सम्मानजनक जिंदगी के लिए लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिये। आवास एवं पेयजलापूर्ति के साथ-साथ निर्बाध बिजली, अच्छी सड़क, बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### स्वयं सहायता समूह से सशक्त हो रहीं महिलाएं

लोक संवाद कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की एक दीदी ने बताया कि समूह से जुड़ने के पहले उसके घर की माली हालत दयनीय थी। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने ऋण लेकर बकरी पालन किया एवं किराना दुकान खोली। 15-20 हजार प्रतिमाह कमा रही है और अपने बच्चों को अच्छे विद्यालयों में पढ़ा रही है। एक अन्य दीदी ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद जीवन में आए बदलाव को बताया। राज्यपाल ने गोड्डा जिले में 1 लाख से अधिक महिलाओं के स्वयं सहायता समूह से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा है और उनके परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर सशक्त बनें एवं स्वावलंबी बनें।

# स्पीड न्यूज

## एंटीटीएफ के 8 छात्रों का गोवा स्थित सिपला कंपनी में चयन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों गोवा स्थित सिपला कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। कंपनी द्वारा आयोजित केंपस सिलेक्शन में सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया।गोवा स्थित सिपला कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 8 छात्रों को 2.44 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। सभी चयनित छात्र डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के है, जिसमें संजय कुमार, सुदर्शन कुमार, कुंवर प्रताप सिंह, प्रियांशु प्रसाद, ऋतिक घोष, विशाखा पानी, एलन मंडल, संतोष कुमार सिंह शामिल है। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। रमेश राय, पंकज कु गुप्ता, दीपक सरकार अनिल के जवाली प्रीति मंजुला हरीश कुमार साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## तेरह आदिवासी युवाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर रक्तदान किया



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के संस्थापक सचिव राजेश मार्डी के नेतृत्व में कुल तेरह आदिवासी युवाओं ने चिलचिलाती धूप में जमशेदपुर ब्लड बैंक आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर सरप्राईज अतिथि झारखंड पुलिस में कार्यरत सारो हेम्ब्रम ने रक्तदान के बाद सभी रक्तदाता साथियों को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया। पारंपरिक परिधान में जमशेदपुर ब्लड बैंक पहुंचे सभी युवा काफी उत्साहित दिखे। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से सीताराम हेम्ब्रम, राईसेन टुडू, शंभू टुडू, संग्राम टुडू, मोटेश्वर सोरेन, गणेश टुडू, संजय मुर्मू, मुकेश टुडू, शंकर सोरेन, रविन्द्र माझी, लक्ष्मण टुडू, दिकू मुर्मू, सुरेश मुर्मू शामिल रहें।

## रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कोल्हान वीरांगना ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक के निर्देशानुसार महान वीरांगना महारानी दुर्गावती के 459 वें बलिदान दिवस शनिवार को साउथ पार्क टीओपी शिवमंदिर प्रांगण में वीरांगना मंजू सिंह की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि सुषमा सिंह और अन्य सभी वीरांगनाओं ने महारानी दुर्गावती के अमर चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन में ज्ञानती सिंह, सरोज सिंह, एडवोकेट दीपा सिंह, सुषमा सिंह, मंजू सिंह, नीलम सिंह नीलू, रिंकू सिंह, पुर्णिमा सिंह, प्रतिमा सिंह, माधवी सिंह आदि ने रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि दी। सभा में संगठन के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम बेटी को स्वावलंबी बनाओ मिशन में और बेहतर बनाने पर सहमति हुई। धन्यवाद ज्ञापन वीरांगना नीलू सिंह ने किया।

# बन्ना गुप्ता का जनता दरबार, ऑन स्पॉट हुआ समस्याओं का समाधान

>> कई फरियादियों की समस्याओं का ऑन दि स्पॉट ही निष्पादन हो गया, जबकि कई लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कार्यालय में सुबह-सुबह जनता दरबार लगा कर क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके निष्पादन का निर्देश दिया।

शनिवार को जनता दरबार में फरयादियों ने अपनी समस्याएं बताई। कई फरियादियों की समस्याओं का ऑन दि स्पॉट ही निष्पादन हो गया, जबकि कई लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।



जनता दरबार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

मौके पर पहुंची धतकीडीह की रहने वाली महिला लक्ष्मी मुखी को व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया। जनता दरबार में बिजली बिल, पेयजल की समस्या, रांची रिम्स में इलाज, कदमा में नाली की समस्या, पेवर ब्लॉक से निर्मित सड़क बनाने से संबंधित आवेदन, जुस्को की वाटर कनेक्शन से संबंधित समस्या,विधवा महिलाओं का विधवा पेंशन शुरू करवाने संबंधित समस्याओं को जनता ने माननीय मंत्री के समक्ष रखा। जनता दरबार में माननीय मंत्री ने विद्धा पेंशन,विधवा पेंशन के 325 स्वीकृत लोगों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया। इस दौरान भोला गोस्वामी, मनोज झा,प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, तिवारी,रवि दुबे, माजिद अख्तर, कैलाश रजक, जय प्रकाश साहू, इरशाद हैदर, राजेश बहादुर, धनु महतो, जितेंद्र सिंह, संजीव झा, छोटू शहनवाज अहमद, बबन शुक्ला,भरत गढ़वाल, सूरज हरपाल,सुमित ठाकुर, राजेश गोराई, हरिदास, बिशु दा, जी एम रजा, सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रीमन त्रिगुण के पिता का श्राद्ध कर्म संपन्न



शिक्षाविद् और शहर के युवाओं को बैंकिंग एवं सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में अव्वल श्रीमन क्लासेस के निदेशक श्रीमन त्रिगुण के पिता स्व. मार्कंडेय त्रिगुण का श्राद्धकर्म आज उनके मानगो एनएच-33 महावीर कालोनी स्थित आवासीय परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक, मीडिया आदि क्षेत्र की हस्तियों के अलावा परिवार जन उपस्थित थे। सभी ने स्व. मार्कंडेय त्रिगुण की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि स्व. मार्कंडेय त्रिगुण का निधन गत 13 जून को लंबी बीमारी के पश्चात हो गया था। वे अपने पीछे पुत्र श्रीमन त्रिगुण, विकास त्रिगुण और बेटियों के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नतिनियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. त्रिगुण के पैतृक गांव से भी बड़ी संख्या में उनके रिश्तेदार एवं पटटीदार श्राद्धकर्म में भाग लिए।

# पूर्वी सिंहभूम को बिरसा हरित ग्राम योजना में हासिल हुई 200 फीसदी उपलब्धि

## दो दिनों में बागवानी योजना के लिए 2100 एकड़ से ज्यादा भूमि किया गया चिन्हित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर किए जा रहे व्यापक प्रयास के सुखद परिणाम परिलक्षित हुए हैं। राज्य द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले को फेज 2 में 1100 एकड़ में बिरसा हरित ग्राम योजना क्रियान्वित किए जाने का लक्ष्य दिया गया था।

जिसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों को शुरू में 1850 एकड़ का लक्ष्य दिया गया वहीं बाद में लाभुकों की संख्या को देखते हुए उसे संशोधित कर 2200 किया गया। सभी प्रखडों के वरीय प्रभारी, बीडीओ, सीओ, जिला टास्क फोर्स, जेएसएलपीएस व प्रखंड स्तरीय पूरी टीम के दो



समीक्षा बैठक में डीडीसी व डीआरडीए डायरेक्टर सौरव सिन्हा व निदेशक एनइपी ज्योत्सना सिंह।

दिनों के मेहतन तथा फील्ड में लगातार कैम्प किए जाने का परिणाम है कि अबतक 2135.25 एकड़ भूमि को चिन्हित किया जा चुका है। पिछले दो दिनों में 921 ग्राम सभा आयोजित हुए वहीं 98 एकड़ भूमि में बागवानी की योजना क्रियान्वित किए जाने की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से आहूत बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना में अबतक के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह उपस्थित थीं। उप विकास आयुक्त ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि उपायुक्त महोदया के मार्गदर्शन अनुसार इस शुरूआत को धरातल पर भी जल्द उतारें, इसके लिए अभी से लग जाएं।

उन्होने कहा कि प्रखंडों ने जितने भूमि का चयन किया है सभी का वर्क एंट्री मनरेगा पोर्टल पर दिनांक 26/6/23 तक करा लें। 28/6/23 तक उक्त योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जानी है। उक्त के पश्चात योजना को जियो टैग करते हुए, मस्चर रोल जेनरेट करा देना है तथा गड्ढा खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे बागवानी के साथ मानव दिवस सृजन में भी बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

## विद्युत विभाग बरसात शुरू होने से पहले सभी समस्याओं का समाधान करें : मंगल कालिंदी



परसूडीह क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आम लोगों के बीच विधायक मंगल कालिंदी।

जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। इसी क्रम में शनिवार को फिर विधायक ने विद्युत विभाग के एसडीओ और जिला पार्षद पूर्णिमा मलिक के साथ जमशेदपुर प्रखंड के परसुडीह पश्चिमी हलुदबानी पंचायत छेत्र अंतर्गत भगत सिंह बागान, बेनिर्जी कोलोनी, पटेल बागान,राव कोलोनी, भत्ता बस्ती, कालिंदी बस्ती और डोमन सिंह कोलोनी का दौरा किया। और विभिन्न गलियों में घूम कर विद्युत विभाग के एसडीओ को विधायक ने जर्जर तारों को बदलने, लकड़ी के बास के खंभे को हटाकर दूसरे खंबे लगाने, जो बिजली की तारे लटक रही है उन्हें दुरुस्त करने और ग्यारह हजार के जो खम्बे जो टूट कर लटक रहे है, आदि समस्याओं को बारिश के पूर्व समाधान करने का निर्देश दिया। मौके पर कालिंदी ने कहा कि पिछले कई दिनों से परसुडीह के इन क्षेत्रों के लोगों द्वारा समस्याओं को अवगत कराया जा रहा था जिसको लेकर विगत दिनों भी मैंने क्षेत्र का दौरा किया था और विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था आज फिर दौरा किया है और जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश विद्युत विभाग के एसडीओ देवाशीष पत्रों को दिया है। मौके पर मानिक मल्लिक, कृष्णा कालिंदी, बापि शंकर, ललित महतो, विकास शर्मा, गोविंदो, रितेश घोषाल और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता जय नारायण सिंह कैंसर से पीड़ित



अस्पताल में जेएन सिंह से मिलते अमरप्रीत काले।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले कोल्हान के वरिष्ठ बीजेपी नेता जय नारायण सिंह से मिलने टाटा मोटर्स हॉस्पिटल पहुंचे। काले ने बताया कि जे. एन सिंह जी झारखंड राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता हम कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणा है। काले इनकी स्वास्थ्य की जानकारी लेने टाटा मोटर अस्पताल पहुंचे उनका हाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। काले परिवार के सदस्यों से भी मिले और उन्हें बेहतर स्वस्थ लाभ के लिये आस्वस्थ भी किया। जय नारायण सिंह की तबियत पिछले कई दिनों से अच्छी नहीं चल रही है। काले ने अस्पताल के वरीय डॉक्टरों से भी जय नारायण सिंह जी के हाल-चाल के बारे पूर्ण जानकारी प्राप्त की है। काले ने कहा कि जय नारायण सिंह जैसे कर्मठ और समर्पित वरिष्ठ नेता भाजपा एवं समाज के लिए के लिये सदैव समर्पित रहे है, वो जल्द स्वस्थ हो पुनः पार्टी के लिये कार्य करें ऐसी उनकी ईश्वर से प्रार्थना है।

# सांसद विद्युत एंड टीम ने कदमा मंडल में घर-घर जाकर गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत जमशेदपुर महानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर तक दस्तक देना शुरू कर दिया है। शनिवार को कदमा मंडल क्षेत्र अंतर्गत कदमा बाजार एवं मानगो मंडल क्षेत्र अंतर्गत डिमना रोड स्थित टीचर्स कॉलोनी में 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान



सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, नीरज सिंह, कदमा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय सहित कई नेतागण व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद विद्युत महतो के संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के नागरिकों को मोदी सरकार के नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराते हुए पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने संपर्क से समर्थन अभियान के तहत लोगों के घर व दुकानों में जाकर उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा।

## केन्द्रीय जांच दल ने जिला में चल रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सेन्ट्रल लेप्रोसी डिवीजन, नई दिल्ली से आये केन्द्रीय जांच दल के द्वारा 15 जून 2023 से 28 जून 2023 तक पूरे जिले में चल रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान-2023 का समीक्षा किया गया। डॉ रश्मि ने कुष्ठ रोगी खोज अभियान के माईक्रो-प्लान,खोजी दल की संख्या, कुल घरों की संख्या, लोजिस्टिक, आईईसी, प्रचार प्रसार संबंधित जानकारी प्राप्त की। डॉ मनोज ने कुष्ठ रोगी खोज अभियान अंतर्गत मिल रहे संदेहास्पद मरीजों को यथाशीघ्र स्क्रीनिंग कर एमडीटी उपलब्ध कराने को कहा। डॉ रश्मि के द्वारा



कार्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया। उसके बाद केंद्रीय दल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोटका का दौरा किया जहां पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों डॉ रजनी महाकुड़ के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। दल ने वहां के अभियान की अघतन जानकारी प्राप्त की तथा एमपीडब्ल्यू उपेन्द्र नाथ मोदीना के कार्य की प्रशंसा की।

## भाजपा नेता नीरज सिंह ने गरीब परिवार को की मदद

**जमशेदपुर।** कदमा ब्लॉक नंबर 4 निवासी धनेश्वर पासवान की मृत्यु आज सुबह इलाज के अभाव में हो गई। धनेश्वर पासवान कई दिनों से बीमार चल रहे थे, उनकी आज मृत्यु के उपरांत आसपास के रहने वाले लोगों ने भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह से मुलाकात कर परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में बताया कि परिवार के पास उनके अंतिम संस्कार करने के लिए भी पैसे नहीं है। इस सूचना को पाकर नीरज सिंह अभिलंब परिवार के घर पहुंच कर उन्हें अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर आगे भी सहायता की भरोसा दिलाया।

# 147 हाई स्कूल में आयोजित हुई साप्ताहिक परीक्षा, 80 % बच्चे हुए शामिल

## डीडीसी ने शहरी क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, बच्चों में भरा जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के दिशा-निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की पहल से जिले के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए प्रोजेक्ट 'परखः पढ़ाई और खेल' के तहत जिला अंतर्गत 147 उच्च विद्यालयों में गणित विषय की साप्ताहिक परीक्षा आयोजित हुई। कुल नामांकित करीब 14 हजार बच्चों में से 80 फीसदी बच्चे परीक्षा में बैठे। परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया । परीक्षा के बाद बच्चों का रिजल्ट भी घोषित किया गया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर कुशल शिक्षकों की टीम द्वारा तैयार किया गया था। साथ ही टेस्ट के पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रश्न पत्र का पैटर्न



व सही उत्तर बताया गया। कई स्कूलों में बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया वहीं जिन बच्चों के नंबर कम आए उन्हें संबंधित विषय के शिक्षकों द्वारा उनकी गलतियों से अवगत कराते हुए आगे और इसमें सुधार के लिए प्रेरित किया गया। उप विकास आयुक्त ने शहरी क्षेत्र अंतर्गत जमशेदपुर बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय साकची, पीपुल्स अकादमी प्लस टू उच्च विद्यालय न्यू बाराद्वारी, हरिजन उच्च विद्यालय, भालूबासा के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर बच्चों में उत्साह भरा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डीडीसी ने इतने कम समय में साप्ताहिक परीक्षा को लेकर की गई तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होने बच्चों के साथ संवाद में कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चे अपने आप को कभी किसी से कमतर नहीं समझें। सरकार आपको सुविधायें दे रही उसका लाभ उठायें, पहले भी आपलोगों ने बेहतर किया है जरूरत है उसमें और निखार लाने की। उन्होने कहा कि परीक्षा को लेकर मन में बैठे किसी तरह के डर को भगाने, बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सही दिशा देने के उद्देश्य से साप्ताहिक परीक्षा आयोजित की जा रही, कम नंबर आए तो अगली बार के लिए और मेहनत करें, हौंसला नहीं खोयें। साथ ही उन्होने बच्चों को नियत समय पर स्कूल आने, स्कूल ड्रेस में आने, अनुशासन में रहने, स्कूल परिसर को साफ-स्वच्छ बनाये रखने, प्रतिदिन कम से कम दो घंटा सेल्फ स्टडी करने तथा खेल कूद की गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



## स्पीड न्यूज

### चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन



नीलांबर पीतांबरपुर। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के पुराना ब्लॉक परिसर में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रखंड के ब्यवसाय से जुड़े लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने बाजार क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर विधायक, वीडियो, सीओ एवं पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।बैठक में नशामुक्त और साफ सफाई,सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सेवा सुरक्षा सुशासन पर किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान कराना पुलिस का कर्तव्य है। यदि पुलिस इसमें लापरवाही बरती है तो उन्हें किसी भी सूरत पर बख्शा नहीं जाएगा। वे यह न समझें कि झारखंड में सरकार किसकी है। बल्कि वे अपने आप को यह समझें की हम जनता के सेवक हैं। उसे सुरक्षा प्रदान करना मेरा नैतिक जिम्मेदारी है। विधायक मेहता ने प्रखंड प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से कराया जाए। जनता को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।यह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें। कारण की प्रखंड का मालिक जनता होती है।ना कि कोई जनप्रतिनिधि या सरकार। जनता को सेवा सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की नैतिक जवाबदेही है। इसे ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने नशाखोरी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मेहनत करने के लिए सलाह दिया। विधायक मेहता ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना यदि आप व्यवसाई करते हैं। तो आप उसकी सूचना हमें दें। उसका समाधान अभिलंब किया जाएगा। व्यवसायियों की सुरक्षा प्रदान करना सभी की जवाबदेही है ना कि सिर्फ किसी एक व्यक्ति का। उन्होंने कहा कि समाज में कई प्रकार के असामाजिक तत्व एवं विघटनकारी शक्तियां सक्रिय हैं। जिन्हें चिन्हित कर करवाई करने की जरूरत है। बैठक में छोटेलाल सोनी,जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, सीओ, थाना के बिट्टू कुमार, अजीत प्रसाद गुप्ता, दिलीप मेहता,कमेश यादव, बजरंगी सोनी, चंदन सोनी, विरेंद्र चंद्रवंशी, राहुल सोनी, सुधीर तिवारी, सुमित सिन्हा, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सतत और व्यापक आकलन विद्यार्थी के हित में : अभिषेक कुमार तिवारी



सतबरवा। सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विज्ञान संकाय के वर्ग 11 का परीक्षा दे चुके तथा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का मासिक जांच परीक्षा माह जून का आयोजन विद्यालय के पीजीटी (भौतिक शास्त्र) विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा किया गया। परीक्षा पूर्ण रूप से बहुविकल्पी तथा ओएमआर शीट आधारित था। आकलन की विशेषता यह रही कि परीक्षा के साथ-साथ परिणाम भी आज के ही दिन विद्यार्थियों के बीच प्रकाशित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान अभिषेक कुमार मेहता द्वितीय किरण कुमारी तथा तृतीय स्थान मनदीप चौधरी को प्राप्त हुआ। नवाचार के उद्देश्य से अब इन तीनों विद्यार्थियों को 27 जून को कौन बनेगा हजार पति कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा और किसी एक को नकद 1000 का इनाम शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी अपने तरफ से देंगे और यह कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित होगा। सतत एवं व्यापक आकलन का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सीखने की क्षमता मैं लगातार अभिवृद्धि करना है। व्यापक मूल्यांकन के विभिन्न आयाम जैसे परीक्षा के दौरान विश्वसनीयता वस्तुनिष्ठता व्यवहारिकता प्रश्नों की वैधता का ख्याल रखा गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा, शिक्षक मनीष दीपांकर, रवि रंजन कुमार, दिलीप प्रसाद, नरेंद्र राम, मुकेश तिवारी, सुशील टोपो, रामरक्षा प्रसाद इत्यादि ने सहयोग किया।

### लक्ष्य 2024 को लेकर जिला कांग्रेस ने किया विचार मंथन



मेदिनीनगर। पलामू जिला कार्यालय के सभागार में शनिवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी के सभी विंग एवं डिपार्टमेन्ट के अध्यक्षों के साथ लक्ष्य 2024 को लेकर विचार मंथन किया गया। बैठक में सभी विंग के उपस्थित अध्यक्षों ने अपने संगठन को लेकर बात रखें बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि लक्ष्य 2024 को प्राप्ति के लिए सभी विंग के प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत को सशक्त और मजबूत होने की जरूरत है आगामी 3 जुलाई से सभी प्रखंडों में बैठक और कार्यक्रम तय किया गया है जिसमें सभी विंग के पदाधिकारियों को उपस्थिति जरूरी है और जो भी विंग के पदाधिकारियों को कार्य करने में कठिनाइयां हो रहा है उन कठिनाइयों का सामना हम सभी मिलकर करेंगे और जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की नाकामी को बताएंगे । मोदी सरकार जिस प्रकार देश के हर वर्ग को ठगने का काम किया है कांग्रेस का हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताने का काम करें आज हम सभी लोगों को संकल्प लेकर लक्ष्य 2024 का प्राप्ति के लिए कार्य करेंगे पलामू लोकसभा एवं पलामू के सभी विधानसभा मैं कांग्रेस का परचम लहराया जाएगा। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो, सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, रविंद्र कुमार, महिला कमेटी के जिलाध्यक्ष इंदु भगत, युवा के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जतरु उरांव, इंटक के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह, युवा इंटक जिला अध्यक्ष शशांक सुमन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष अमूक प्रियदर्शी, कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, मत्स्य विभाग के अध्यक्ष छोटू चौधरी, जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, चंपा देवी, सोशल मीडिया के अजय पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

# निगम के साथ नागरिकों की जवाबदेही जरूरी : अरुणा शंकर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को अंबेडकर पार्क के बड़ा तालाब की चल रही सफाई का निरीक्षण किया।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को अंबेडकर पार्क के बड़ा तालाब की चल रही सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान शंकर ने कहा की कुछ दिन पूर्व योग युवा पलामू के सदस्य मंजय कुमार, दीपू सराफ, एडवोकेट शक्ति जी, विपिन वर्मा एवं रिंकू सोनी ने मिलकर तालाब के गंदगी से हो रही बदबू के कारण योगा करने में मुश्किल को देखते हुए योग क्रिया बंद करने के निर्णय से मुझे अवगत कराया था। जिसे सुनकर मुझे बहुत ही आघात पहुंचा। मैंने तुरंत नगर आयुक्त को जानकारी दी। नगर आयुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निगम के सफाई प्रभारी सतीश के देखरेख में तालाब की सफाई कराना शुरू करा दिया। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा यह बड़ा तालाब शहर का हृदय स्थल है। जिसे सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखना निगम एवं निगम के नागरिकों का भी कर्तव्य है। प्रथम महापौर ने कहा 5 जुलाई से पहले वहां का बाथरूम, पौधों की सफाई, झरना को चालू करने वगैरह जो त्रुटियां है को ठीक करने का भी आदेश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया है। साथ ही मेरे कार्यकाल में पारित उस तालाब के दोनों और दो हाई मास्क लाइट भी लगना जल्द प्रारंभ होगा। अरुणा शंकर ने शहरवासियों से अपील की है कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहे, अंबेडकर पार्क यह आपके शहर की शोभा बढ़ा रही। निगम के साथ इसको सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रखना हम सबों का भी दायित्व है तभी शहर खूबसूरत रहेगा।

### सांसद के नेतृत्व में घर-घर चलाया गया महा जनसंपर्क अभियान

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में स्थापित किया है देश की खोई पहचान : विष्णुदयाल राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद के नेतृत्व में शहरीय क्षेत्र के पलामू क्लब बूथ संख्या 205, 206, 207 के शिवाजी मैदान रोड में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को लेकर घर-घर संपर्क कर समर्थन के लिए भाजपा की जनसंपर्क टोली ने भ्रमण करते हुए दीपू सिंघानिया, संजय सिंघानिया, सुरेश जैन, पवन जैन, प्रो अमल कुमार पांडेय, रणविजय कुमार, डॉ रघुवंश नारायण सिंह, अरुणजय नारायण सिन्हा व अन्य मतदाताओं के घर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विगत 9 वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं सांसद के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी शहरी मतदाताओं को दिया। आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः मोदी सरकार के लिए आशीर्वाद एवं समर्थन मांगा। सांसद राम ने केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धि एवं अपने कार्यकाल में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के ब्योरा का पंपलेट लोगों को दिया और उनके आवास पर मोदी सरकार के बेमिसाल 9 साल का स्टीकर लगाते हुए एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना समर्थन देने के लिए अपील किया। ताकि देश के हर क्षेत्र में हो रहे विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध तीव्र गति से पूरा किया जा सके। सांसद बीडी राम ने लोगों को मो० नंबर 9090902024 में मिस्ड कॉल कर मोदी सरकार को समर्थन देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए जिनके अथक प्रयास एवं कुशल नेतृत्व में देश लगातार विकास की गति को छू रहा है। साथ ही साथ विदेशी नीति को मजबूत करते हुए पूरे विश्व में भारत की डंका बजाने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने शहरी मतदाताओं से यह भी कहा कि भारत को आज पूरा विश्व लोहा मान रहा है। देश की आर्थिक ढांचा को मजबूत करते हुए विदेशों में भारत की पहचान स्थापित कराने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार हरेक क्षेत्र में मजबूती के साथ काम कर जनता के विश्वासों पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि देश के कुछ ऐसे नेता हैं। जो विदेशों में जाकर भारत के मान सम्मान को खराब करने का काम किया है। जनसंपर्क भ्रमण टोली में जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, जय दुबे, शिवकुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, नगरमंडल अध्यक्ष अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता उर्फ ठनठन, संजय गुप्ता, अलख दुबे, मनोरंजन दुबे शिव कुमार मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री की विकास यात्रा को देखकर विपक्षी पार्टियां घबरा गयी : शशि भूषण

### पाकी विधायक डॉ मेहता ने विधानसभा क्षेत्र में चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/तरहसी।** पांकी के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने केंद्र सरकार के 9 वर्ष कार्यकाल को लेकर विधानसभा क्षेत्र में महा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने तरहसी प्रखंड के मंगल पांडे चौक के समीप यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल को लेकर घर-घर संदेश पहुंचाया। इस कार्यक्रम के तहत भाजपा के कार्यकर्ता के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस मौके पर मेहता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के विकास यात्रा एवं उनकी लोकप्रियता को देखकर देश के तमाम विपक्षी पार्टियां घबरा गई है। वे सभी व्याकुल होकर एक मंच साझा करने के लिए आतुर हो चुके हैं। देश के विभिन्न विपक्षी राजनीतिक दलों के समक्ष अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है। तो वे सभी एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने के लिए योजना बना रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व को भारत की जनता ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व की जनता देख रही है।उन्होंने कहा कि पाकी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जिस प्रकार से क्षेत्र का दोहन किया है उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। मेहता ने कहा कि मेरे विधायकी कार्यकाल में पाकी विधानसभा क्षेत्र में जो जनहित में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया है वह दिखाई देता है। केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरे देश स्तर पर लागू किया गया है। लेकिन झारखंड के महा गठबंधन वाली सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को ठंडे बस्ते में डालकर जनता को गुमराह करने का काम किया गया है। जो आने वाले समय में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में गांव प्रखंड, पंचायत के लोग पानी पानी के लिए तरस रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री नल जल घर योजना को लागू नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को ध्यान में रखते हुए किसान सम्मान निधि योजना, महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उज्जवला योजना, बालिकाओं को ध्यान में रखते हुए सुकन्या योजना, गरीबों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम योजना, समेत कई प्रकार के योजनाओं को धरातल पर उतार कर इसका सीधा लाभ लाभुकों को देने का काम किया। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी अपने सूझबूझ से काम लेते हुए आने वाले समय में देशहित विकास हित एवं अपने क्षेत्र हित में सही जनप्रतिनिधि एवं पार्टी का चयन करें। इस मौके पर तहसील मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद गुप्ता, अनिल सिंह, सुरेश राम चंद्रवंशी, भीमा नंदगिरी, लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर, विजय तिवारी, उज्जवल पांडे, सुधीर तिवारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विकास का पैमाना लाखों रुपये के पौधे हैं या मूलभूत सुविधाओं का बहाल होना! : अभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पूर्व मेयर अरुणा शंकर के द्वारा आजकल पेड़ और पौधे का प्रचार किया जा रहा है ताकि लोगों को लगे की शहर में विकास हुआ है। लेकिन पूर्व मेयर पानी की विकराल समस्या पर एक शब्द बोलने को तैयार नहीं हैं। जिस तरह से पूर्व निगम की सरकार ने फण्ड का इस्तेमाल निजी स्वार्थ की पूर्ति और भ्रष्टाचार में इस्तेमाल किया है इससे साफ जाहिर होता है कि पूर्व मेयर पानी के मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोल पाएंगी उक्त बातें युवा झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कही है।

उन्होंने कहा कि आजकल पूर्व मेयर अरुणा शंकर पेड़ और पौधों को दिखाकर यह दावा कर रहीं हैं कि शहर में चारों ओर विकास की लहर बह रहा है जिससे शहरवासियों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। यदि नगर निगम का गठन नहीं होता तो शायद शहरवासी पेड़ और पौधे का सुख नहीं भोग पाते। सिंह ने कहा की शहर की आम जनता को पानी नहीं मिल रहा, पक्की नालियां नहीं हैं, पक्की गलियां नहीं हैं, स्ट्रीट लाइट्स नहीं है लेकिन पूर्व मेयर को लगता है कि शहर में चारों ओर विकास की गंगा बह रही है। सैकड़ों करोड़ों का फंड गायब कर दिया गया और कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के लोग पूर्व मेयर की चापलूसी में लगे हुए हैं। जनता सब देख रही है। किस तरह कमीशन का खेल 5 वर्षों तक खेला गया इसकी जानकारी भोली-भाली जनता के पास है।

लाखों रुपये पेड़ पर बहा दिए गए, लेकिन एक नल का नया कनेक्शन शहर के किसी भी घर में नहीं पहुंचा। नए जुड़े हुए क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। सिंह ने कहा की पूर्व मेयर को लगता है कि सिर्फ.नावाटोली और बाजार का क्षेत्र ही उनका वोटर है शायद यही कारण है कि सिंगरा, रेड़मा, पोखराहा और बारालोटा जैसे नए क्षेत्रों में एक काम तक नहीं हुआ।

# लोक अदालत में 141 मामले का निस्तारण



मेदिनीनगर। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर 141 मामले का निस्तारण किया गया। एमएसीटी के दो मामले में पलामू के प्रधान जिला और सत्र प्रदीप कुमार चौबे ने 13 लाख रुपये का चेक पीड़ित परिवारो के बीच वितरण किया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को लें नव पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद निपटारे के लिए बनाया गया था। बिदित हो कि प्रि लिटिगेशन के 30 व कोर्ट में लंबित 141 मामले का निस्तारण किया गया।वही 22 लाख 15 हजार 144 रुपये का मामला सेटल हुआ। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जिसमें अधिवक्ता सतीश कुमार व पीएलभी मुनेश्वर राम कर रहे थे। चेक वितरण के मौके पर डीजे पंचम अभिमन्यु कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार अमित गुप्ता, पीड़ित परिवार व उनके विद्वान अधिवक्ता उपस्थित थे।

# सतबरवा पुलिस ने किया युवक का शव बरामद

>> शव के पास खड़ा युवक का बाइक भी बरामद, पुलिस खंगाल रही है हत्या का कारण





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को देर रात्रि में पोलपोल पेट्रोल पंप के समीप रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग के किनारे पड़ा एक युवक का शव बरामद किया है।

शव के पास से खड़ी एक बाइक भी बरामद किया गया है। युवक की पहचान पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के चौपरिया गांव के विजय प्रसाद (24) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी के बाद बभंडी पंचायत के अलावे चौपरिया गांव के कई दर्जन लोग सतबरवा थाना में शनिवार को पहुंचे थे। मौके पर युवक के छोटा भाई मनीष कुमार, चाचा बलराम प्रसाद ने बताया कि युवक अपनी पत्नी के साथ खामडीह गांव स्थित अपने मौसेरे साली के शादी में शामिल होने के लिए बाबूलाल साव के घर पहुंचा था। 21 जून को मड़वा के दिन अपनी पत्नी को बाइक से पहुंचाकर अपने घर चौपरिया लौट गया था। 23 को बारात आगमन के दिन घर से शादी समारोह में शामिल होने के लिए खामडीह गांव कहकर घर से निकला था। सूत्रों के मुताबिक युवक को रात्रि नौ बजे के करीब खामडीह गांव में देखा गया था। खामडीह गांव से चार किलोमीटर दूर एनएच 75 किनारे पोलपोल पेट्रोल पंप के समीप उबका शव पाया जाना संदेह को जन्म देता है। युवक नावाडीह गांव में प्रज्ञा केंद्र चलाता था। वहीं बेड़मा बभंडी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद फारूक अंसारी ने बताया कि 20 दिन पहले लड़की के पिता पुत्री को लेने गांव पहुंचे थे। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद युवक दूसरे दिन अपनी पत्नी को लेकर बाइक से ससुराल गया था।

थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस संदेह के आधार पर एक्सीडेंट तथा त्रिकोणीय प्रेम को आधार मानकर जांच में जुट गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### महिला थाना ने फरार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाई



**हुसैनाबाद,पलामू।** महिला एवं बाल संरक्षण थाना हुसैनाबाद के मामले में फरार अभियुक्तों के घर पर विधिवत नॉटिश चिपकाई, इस सबन्ध में थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोबा निवासी, रविशंकर सिंह उर्फ छोटू सिंह, पिता वीनोद सिंह एवं ऋषि रंजन सिंह, पिता सुरेंद्र सिंह उर्फ बूटी सिंह, ग्राम लोहरपुरवा दोनो हुसैनाबाद महिला थाना काण्ड संख्या 14/22 के नामजद प्राथमिक अभियुक्त हैं जो पुलिस व न्यायालय से फरार चल रहे है। जिनके खिलाफ न्यायालय डालटनगंज से घर पर इश्तेहार चिपकाने कि आदेश पारित हुई थी। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई को पूरा करते हुए इश्तेहार चिपकाई। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों अभियुक्तों को 4 अगस्त 23 तक सशरीर माननीय न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश प्राप्त है। मौके पर हैदरनगर थाना के एएसआई रुबिन तिर्की,एवं सहस्त्र बल शामिल थे।

### चक में हुआ कब्रिस्तान का शिलान्यास



**मनातू पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक में कब्रिस्तान चारदीवारी का शिलान्यास विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूशन मेहता के अनुपस्थित में विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव, मनातू प्रमुख गीता देवी और पंचायत के मुखिया निसात अहमद ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर अनीस अहमद समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# चियांकी अनुसंधान केन्द्र में प्रशिक्षण सह बीज वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीज वितरण करते मुख्य वैज्ञानिक।

वैज्ञानिक डॉ डीएन सिंह ने कहा कि धान झारखंड का मुख्य फसल है। इसलिए धान का उत्पादन बढ़ाने के लिए गुणवत्ता बीज जरूरी है।

**मेदिनीनगर।** शनिवार को चिंयाकी में स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र में जनजातीय उपयोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बीज वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य वैज्ञानिक डॉ डीएन सिंह ने कहा कि धान झारखंड का मुख्य फसल है। इसलिए धान का उत्पादन बढ़ाने के लिए गुणवत्ता बीज जरूरी है। उन्होंने बताया कि झारखंड के वातावरण व मिट्टी में बिरसा विकास 203 किस्म धान का बीज काफी उपयुक्त है। इसका उत्पादन क्षमता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक है। उन्होंने बताया कि पलामू के किसानों को पारंपरिक खेती में बदलाव लाने की जरूरत है। जो फसल कम पानी कम समय में अधिक उत्पादन हो ऐसे ही फसलों की खेती करने की जरूरत है। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने जनजातीय उपयोजना के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण में बताए गए तकनीक को अपने खेतों में प्रयोग करने की अपील किया ताकि उत्पादन अच्छी हो सकें। वैज्ञानिक डॉ अखलाक अहमद ने बताया कि बीज को हमेशा उपचारित करने के बाद ही खेत में डालें। उन्होंने बीज उपचारित करने के तरीके के बारे में बताया। डाक्टर कृष्णा प्रसाद ने धान का बिचड़ा करने से लेकर धान रोपाई एवं खाद का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। प्रशिक्षण में केचकी के 30 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के बाद सभी किसानों को धान का बीज दिया गया।

इस मौके पर डॉ चंद्रशेखर महतो किसान नागेन्द्र सिंह, संगीता देवी, जयंत सिंह, संजय सिंह सहित कई किसान मौजूद थे। प्रशिक्षण का संचालन वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने किया।

# सद्भावना सेवा केंद्र में जगदंबा सरस्वती जी की 58 वीं पुण्यतिथि दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन सेवा केंद्र में 'ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती' जी का 58वां पुण्य स्मृति दिवस 'आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में मनाया गया। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बी.के नीलम दीदी ने बताया कि उनका जन्म सन् 1919 को अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ। ज्ञान योग की श्रेष्ठ धारणा करने के कारण उनको 'मम्मा' और 'यज्ञ माता' के नाम से संबोधित किया गया, जिससे उनके व्यक्तित्व में दिव्य महा परिवर्तन हुआ। बीके नीरज भाई ने बताया मातेश्वरी जगदम्बा ने सदा निराकार ज्योति बिंदु स्वरुप परमात्मा शिव द्वारा अपने साकार मानवीय माध्यम पिताश्री के माध्यम से दिए गए 'श्रीमत' का तत्क्षण पालन किया। मातेश्वरी द्वारा सिखाये गए कर्म-साधना के पथ पर चलते हुए राजयोग की साधना द्वारा रुद्र यज्ञ रक्षक,आज्ञाकारी और निरहंकारी बन मानवता की सेवा करते रहना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। बीके कुसुम ने भी अपने विचार को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मम्मा के जीवन की दिव्यता से प्रेरणा लेकर हम सभी भी अपनी जीवन को श्रेष्ठ बनाये। इस मौके पर बी के राम नरेश यादव, बी के कृष्णा, बी के धीरज, राजेंद्र दास, कुसुम माता, शोभा माता सहित सभी भाई बहनों ने शामिल होकर मातेश्वरी जगदम्बा जी को पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

स्पीड न्यूज

## वाहन जांच में छह लाख जुर्माना की वसूली

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह ने आज चिरकुंडा से लेकर तोपचांची तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि चिरकुंडा से लेकर तोपचांची तक आज जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों के साथ सघन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में चिरकुंडा मुगमा, तेलमच्चो, तोपचांची इत्यादि स्थानों पर एक सौ से अधिक भारी वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में ओवर हाइट, ओवर लोड, रोड टैक्स, परमिट, इन्श्योरेंस सहित सभी प्रकार की जांच की गई। इस क्रम में 12 वाहनों से लगभग छह लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला गया।

## राहगीरों को पिलाया बादाम का शरबत

**धनबाद।** धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर सुरभि महिला संस्था द्वारा आज राहगीरों को बादाम का शरबत पिलाया गया। जिसमें हजारों राहगीर एकजुट होकर बादाम शरबत का आनंद लिया इस चिलचिलाती गर्मी में महिला संस्थापक संगीता चिरानिया अध्यक्ष राधा ननोर्ली सचिव प्रीति गोयल सुरभि रजनी एवं अन्य महिला सदस्य का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का धरना तीसरे दिन भी जारी

**बोकारो।** इंटक से सम्बद्ध राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का धरना यथावत जारी है। मजदूरों का नेतृत्व कर रहे सुशील कुमार चौबे ने बताया कि भवनाथपुर स्थित डोलोमाइट एवं चूना पत्थर खदान 16 फरवरी 2020 से ही बंद है। मजदूरों एवं विस्थापितों विस्थापितों का विभिन्न मदों का बकाया का भुगतान लंबित है। प्रबंधन ने वार्ता हेतु बुलाया परन्तु सकारात्मक निर्णय नहीं हो सका है। दो हजार से ज्यादा श्रमिकों को साथ लेकर श्री चौबे इस्पात भवन के समक्ष डटे हुए हैं। स्थानीय इंटक नेताओं की भागीदारी व समर्थन के सवाल को श्री चौबे टाल दिए। उन्होंने कहा कि हम श्रमिकों के हित के लिए संघर्षरत हैं।

## कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**बेरमो।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बोकारो एवं करगली क्षेत्र के जीएम एम के राव के मार्गदर्शन क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तहत महाप्रबंधक कार्यालय सहित परियोजना कार्यालय एवं खदानों में अधिकारियों कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जीएम ने स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें स्वच्छता की शुरूआत खुद से करनी होगी। स्वच्छता पखवाड़ा 30 जून तक चलेगा।

## श्रम अधीक्षक ने ठेका मजदूरों की मजदूरी का कराया भुगतान

**बोकारो।** श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार के पहल पर विद्युत आपूर्ति क्षेत्र चास एवं ललपनिया के मानव दिवस कर्मियों को 25 लाखए 15 हजार, 740 रुपए की लंबित मजदूरी संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित द्वारा दिलाई गई। नई चयनित एजेंसी रॉयल इंटरप्राइसेस द्वारा अप्रैल एवं मई माह का मानव दिवस कर्मियों का भुगतान नहीं किये जाने पर ठेका मजदूर अधिनियम 1970 के धारा 21 के अंतर्गत मुख्य नियोजक पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि उक्त अधिनियम के अंतर्गत यदि संवेदक मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं करता है तो लंबित मजदूरी का भुगतान मुख्य नियोजक करेगा।

## दो बाइक की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**बेरमो।** फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप मेन रोड में देर रात दो बाइक के बीच में सीधी टक्कर हो गया। जिससे तीन युवक घायल हो गया। घायलों में फुसरो पटेल चौक निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार करगली बाजार निवासी पवन शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र शिवम शर्मा एवं पिछरी छप्परडीह निवासी मनोज महतो का 22 वर्षीय पुत्र अमित महतो शामिल है।

# चेन्नई से मजदूर का शव पहुंचा गांव, मातम

### विधायक ढुल्लू महतो परिजनों से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** जिले के सिनीडीह में रहने वाले आदिवासी शूकर टुडू के पुत्र रवि टुडू की मौत हैदराबाद में हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर मृतक रवि के पिता चेन्नई पहुंचे। शव को लेकर वह अपने घर सिनीडीह वापस लौट आए। शव के सिनीडीह पहुंचने पर इलाके में मातम का माहौल है। परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है. रवि की मौत की सूचना पाकर बाघमारा से भाजपा के विधायक ढुल्लू महतो मृतक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। परिवार के लोगों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।



### उचित इलाज के अभाव में गई जान

मृतक के पिता ने कहा कि उसका बेटा चेन्नई मजदूरी करने गया था। वह वहीं काम करता था।तबीयत बिगड़ने पर घर ट्रेन से वापस आ रहा था। रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म में चक्कर खाकर गिर गया था। आरपीएफ द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था।उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई।

## रेलवे टिकट कटाने पहुंचे दो युवकों से मारपीट, चौकीदार को भी जमकर पीटा

**झरिया।** झरिया रेलवे स्टेशन तत्काल टिकट कटाने देर रात नबंर लगाने वाले के साथ असामाजिक तत्वों ने किया मारपीट। मोबाइल व पैसे छीना। सूचना पाकर झरिया थाना के कनिय कर्मी पहुचे जिन्हें धक्का मुक्की किया । जिसकी सूचना झरिया थाना व घनुडीह को दी। जब तक पुलिस पहुची तब तक युवक भागने में सफल रहा। 23 जून की देर रात लगभग 3 बजे तत्काल टिकट कटाने आए दो युवकों के साथ जमकर मारपीट हुई। जानकारी मिलने पर झरिया थाना के दो चौकीदार वहां पहुंचे तो उनसे भी युवकों ने अभद्र व्यवहार किया व मारपीट की। पीड़ित युवकों ने 24 जून शनिवार की सुबह झरिया थाना में शिकायत की है।. भुक्तभोगी नीचेकुल्ही निवासी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि वह अपने मित्र नसीम के साथ झरिया रेलवे स्टेशन के काउंटर पर दिल्ली का टिकट कटाने के लिए सुबह 3 बजे लाइन में लगे थे।तभी अचानक घनुडीह के चार-पांच युवक काउंटर के समीप पहुंचे व उनके साथ मारपीट करने लगे।उनकी बाइक व पैसे भी छीन लिये। हमलावर युवकों ने उनकी व दोस्त की जमकर पिटाई की।

## नहाने के क्रम में तालाब में डूबने से युवक की मौत



**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के अलारगो पंचायत स्थित शिव मंदिर के पास के तालाब में शनिवार को नहाने के दौरान जरीडीह थाना क्षेत्र के जैना बस्ती बाँधडीह निवासी अर्जुन मांझी के 45 वर्षीय पुत्र बीएसएल कर्मी बाबू चंद मांझी की मौत डूबने से हो गयी। घटना की खबर मिलते दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद चंद्रपुरा थाना पुलिस की सूचना दिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर जांचोपरांत के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए चास भेजा गया। घटना को लेकर राजू महतो ने कहा कि बाबुचन्द मांझी शादी समारोह में अपने रिश्तेदार के यहां गटीगढह आये थे। सुबह वे लोग नहाने के लिए तालाब आये थे इसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गयी।

## एकड़ा में अवैध कोल माइंस पर चला बुलडोजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** जिले के लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा स्थित आदर्श कॉलोनी के बालूगदा मे चल रहे अवैध माइंस को बीसीसीएल अधिकारियो एवं सीआईएसफ जवानो की मौजूदगी मे भराई कर बंद कराया गया। बतादे कि बीसीसीएल एरिया 5 अंर्तगत लोयाबाद बाँसजोड़ा कोलियरी के एकड़ा आदर्श नगर के पीछे बालूगदा के पास कुछ दिनों से अवैध मुहाना बनाकर कोयला तस्करों के द्वारा रात के अंधेरे में अवैध कोयला उत्खनन का काम किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर शनिवार को बीसीसीएल के अधिकारियो एवं सीआईएसएफ के जवानों की मौजूदगी में हाइवा से ओबी लाकर पे लोडर के द्वारा अवैध माइंस को ओबी भराई कर बंद कराया गया। सूत्रों की माने तो इस अवैध माइंस में कई गुट हो जाने से खूनी टकराव होने की संभावना बनी हुई थी। इस अवैध खनन में संलिप्त मजदूरों की भी जान जा सकती थी। मौके पर मौजूद बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ के अधिकारी कुछ भी बोलने बचते रहे। मौके पर बांसजोडा कोलियरी के चांद खान, बिनोद सिन्हा, रामराज राजभर व सीआईएसएफ के एएसआई वरुण कुमार,राहुल कुमार,दोषी रजक,लेडीज कॉन्स्टेबल एम मण्डल आदि मौजूद थे।



## चोरी की जलापूर्ति पाइप लदा पिकअप वैन जब्त, चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** खरखरी पुलिस ने जलापूर्ति पाइप को चोरी कर ले जा रहे पिकअप वेन सहित राजेश स्वर्णकार नामक युवक को पकड़ा । मामले में ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता की शिकायत पर गिरफ्तार चालक के अलावे मालिक अवधेश साव,सिदूपोकी के बाबूलाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। साथ ही पकड़े गए चालक को पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को थाना परिषर में पत्रकार वार्ता आयोजित कर ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने जानकारी दिया कि गुप्त सूचना मिली कि पडुआभिट्ठा पोखरिया के समीप जलापूर्ति के लिए बीसीसीएल द्वारा लगाए गए पाइप को कुछ लोग काटकर ले जाने की तैयारी कर रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस हरकत में आई जिसके बाद पुलिस ने चोरो को पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दिया। पुलिस से अपने आप को घिरता देख चोरी कर रहे अपराधी भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया। जबकि अन्य लोग भागने से कामयाब हो गए। घटना स्थल से पुलिस ने चोरी का पाइप लदा पिकअप वैन संख्या जेएच 09 एटी 3141 को जब्त कर थाना ले आयी। पूछताछ के दौरान पकड़ा गया युवक अपना नाम राजेश स्वर्णकार तथा उक्त वेन का चालक बताया।



## प्रमाण पत्र देकर कक्षा आठ के विद्यार्थियों को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** मध्य विद्यालय एगयारकुंड में आज शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक कक्षा आठ के छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र देकर विदाई दिया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य संपत्ति होती है, उनके बिना विद्यालय और शिक्षकों का कोई अस्तित्व नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि मुझे आप सभी पर गर्व है आप सभी ने सदैव अपने कठोर परिश्रम कर इस विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है और मुझे उम्मीद है कि आगे भी आप लोग इसी तरह आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगे आपको बहुत असफलताएं देखने को मिलेगी लेकिन आप सभी को इस कठिनाइयों का सामना कुशलतापूर्वक करना होगा। वही झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित कक्षा अष्टम परीक्षा वर्ष 2023 में नामांकित 59 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।उन सभी छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक के द्वारा प्रमोट किया गया। उसी के तत्वधान में विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अंक पत्रक वितरित किया गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, सहायक शिक्षक विधान मंडल, कुमारी सोना दास, पंपी खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीपीएस चास में शिक्षक-अभिभावकों की कार्यशाला

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच आयोजित सहभागिता कार्यक्रम में प्री.नर्सरी से प्रथम कक्षा तक के बच्चों के अभिभावकों के सवालों का क्रिसलिस के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकित अग्रवाल और ग्रोथ पार्टनर प्रकाश ओझा ने जवाब दिया और बच्चों के सर्वांगीण विकास में डीपीएस चास की भूमिका पर अपने विचार रखा। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि बगिया के फूलों की भांति हम अपने विद्यालय में अपने बच्चों की देखभाल करते हैं। कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि डीपीएस चास में बच्चों को उनके घर जैसा माहौल दिया जाता है। स्कूल में इन कक्षाओं को हमने थिंकरूम का नाम दिया है।

## अडानी फाउंडेशन डे पर एसीसी सिंदरी में रक्तदान




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** अडानी फाउंडेशन डे पर अडानी एसीसी सिंदरी सिमेंट वर्क्स कल्ब में रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इसका उद्घाटन एसीसी सिंदरी प्लांट निदेशक अतुल दत्ता, उनकी पत्नी शैलजा दत्ता, मार्केटिंग रीजनल मैनेजर अम्बिकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्लांट निदेशक ने बताया कि अडानी एसीसी सिमेंट के चेयरमैन गौतम अडानी के 61 वें जन्मदिन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह पहला मौका है जब एसीसी अडानी फाउंडेशन डे मना रहा है। अडानी सिमेंट के एक प्रोजेक्ट दहेज का उद्घाटन किया गया। गुजरात सहित कई प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी किया गया है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हमें इन कार्यक्रमों में हिस्सा अवश्य लेना चाहिए। रक्तदान शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी की मेडिकल टीम ने हिस्सा लिया। शिविर में सीएसआर हेड प्रदीप पाण्डेय, एच आर अमित तिवारी सहित लगभग 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्लांट निदेशक अतुल दत्ता, शैलजा दत्ता, एच आर हेड एमरीन इकबाल, अमित तिवारी, कुमुद रंजन सिन्हा, राजीव कुमार, डॉ रश्मि, प्रिय नाथ दत्ता, मीता राहा, रेडक्रॉस सोसायटी धनबाद के मो अलाउद्दीन, दानिश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## तीन लापता बच्चों को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी क्षेत्र अंतर्गत सेंटर कॉलोनी से बृहस्पतिवार की संध्या से 3 बच्चे लापता थे। जिसे चंद्रपुरा थाना प्रभारी अपनी सूझबूझ और सतर्कता के परिचय देते हुए 24 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला। लापता होने वाले बच्चों में सेन्ट्रल कॉलोनी निवासी प्रमोद नोनिया के पुत्र राजीव कुमारएसुरेश भारद्वाज पुत्र विकास कुमारएबंसत चौहान के पुत्र गोलू कुमार शामिल है।

# नीमकीटांड़ में जल संकट, महिलाएं आक्रोशित

### नहीं होती है सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** दलूडीह पंचायत के निमकीटांड़ नीचे बस्ती में घोर जल संकट छाया हुआ है। बूंद बूंद पानी को लोग तरस रहे है।ज्यादातर कुआं सुख चुका है,चापाकाल खराब पड़ा है।रातभर में जो थोड़ा बहुत पानी कुआं में जमा होता है उसी से दर्जनों घरों की प्यास बुझती है।नहाने धोने के लिए एक मात्र सहारा जोरिया नदी जिसमे भी बहुत कम पानी है साथ ही कीचड़ व कीड़े भरे पड़े है जिसमे नहाकर लोगो के संक्रमित होने का भी खतरा है।



मौके पर मौजूद दर्जनों महिलाओं ने बताया बार-बार शिकायत करने के बाद भी दलूडीह पंचायत के मुखिया कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं फोन करने पर फोन नहीं उठाते और अगर कभी उठाते भी हैं तो टालमटोल करते हैं। शनिवार को विपत्तरिणी पर्व के उपवास के दिन भी महिलाएं 12 बजे तक घर की साफ सफाई तो नही कर सकी मगर नहाने और पूजा के लिए तो साफ पानी की तलाश में भटक रही थी। मौके पर चंदा देवी, नीमा देवी,सरस्वती देवी,चिंता देवी,गीता देवी,अनिता देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

### सिटी मैनेजर को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर राजद का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को राजद नेत्री सुनीता सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय में सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। राजद नेत्री सुनीता सिंह ने कहा कि गत दिनो नगर परिषद चिरकुंडा कार्यालय में क्षेत्र की समस्या को लेकर 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था जिसमें कार्यालय में बैठे अधिकारी द्वारा जल्द कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया गया था।

एक नजर में

## व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**धनबाद।** झालसा के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निदेर्शानुसार आज व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि लोक अदालत में कुल 10 बेंचो का गठन किया गया था। जिसमें 84 वादों का निपटारा किया गया। इस दौरान 21 लाख 67 हजार 3 सौ 15 रुपए की रिकवरी हुई। उन्होंने बताया लोक अदालत के साथ व्यवहार न्यायालय परिसर में पैनल अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निशुल्क विधिक सहायता के लिए आए वादों का निपटारा एवं पीड़िता को त्वरित राहत कैसे पहुंचाई जाए इस पर चर्चा की गई।

## अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस संपन्न



**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस पर सेक्टर. 4 हैंडबॉल ग्राउंड में बोकारो जिला हैंडबॉल संघ द्वारा मैत्री मैच खेला गया। बोकारो जिला हैंडबॉल संघ की टीम ने सेक्टर 4 हैंडबाल की टीम को 23 . 21 से हराया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति कुमार ने दोनों टीमो के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष राम लखन मिस्त्रीए सचिव आई अहमदए संयुक्त सचिव राजेश कुमार सिंहए कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंहए तुषार चन्द्र घोषलए मुकेश कुमारए संजीव कुमारए मीरा मिश्राए ज्योति सिंहए आर एस मिश्रा सहित दर्जनों खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर.1 स्थित सांसद कार्यालय में डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक स्वर में कहा कि एक निशानए एक विधानए एक प्रधान के प्रणेता व राष्ट्रीय एकता.अखंडता के प्रबल समर्थकए प्रखर राष्ट्रवादीए जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सह कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार वर्माए दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय अर्चना सिंह इंद्र कुमार झा राकेश कुमार मधुए वीरभद्र प्रसाद सिंह योगेंद्र कुमार कुलदीप नरेश महतोए के सुजीत कुमार अनिल सिंह विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

## चिन्मया विद्यालय में अंग्रेजी अध्यापन कार्यशाला

**बोकारो।** सीबीएसई के तत्वावधान में जनवृत पांच स्थित स्थानीय चिन्मया विद्यालय में प्रभावशाली एवं उपयोगी अंग्रेजी विषय पर आयोजित कार्यशाला संपन्न हुई। लिपिका पात्रा एवं पूजा बनर्जी ने अंग्रेजी विषय की महत्ता अध्यापन के नये नये तरीके के संबंध में जानकारी दी गई।

झापांक-17/HRC-37/2013-2832 रॉंची, दिनांक-23.06.2023
झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।
प्रेस विज्ञापन

झारखण्ड राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के 01 (एक) रिक्त पद एवं सदस्य के कुल-02 (दो) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश /न्यायाधीश तथा माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत/कार्यरत न्यायाधीश अथवा कार्यरत/सेवानिवृत जिला न्यायाधीश, जिनके पास 07 (सात) वर्षों का जिला न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, एवं मानवाधिकार के संबंध में ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव प्राप्त योग्य/अहर्ताधारी व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों हेतु आवेदन अलग-अलग प्रपत्र में दिया जाना है। आवेदन पत्र में तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य है।

आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं पूर्ण वियरणी विभाग की वेबसाइट www.jharkhand.gov.in/home के Press Release section पर उपलब्ध है।

इच्छुक आवेदनकर्ता उपरोक्तानुसार विहित प्रपत्र में सभी प्रविष्टियों की सूचना अंकित करते हुए अपना आवेदन गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची-834004 को स्पीड पोस्ट अथवा निबंधित डाक के माध्यम से दिनांक-21.07.2023 संध्या-06.00 बजे तक भेज सकते हैं।

ह०/-
(सरिता दास)
सरकार के संयुक्त सचिव।

PR 300775 Home(23-24)D

Jan Shikshan Sansthan
Latehar, Jharkhand
Email: jsslatehar@gmail.com

Requires Director

Qualification:

- ESSENTIAL :
  1. Minimum Second Class with Master's Degree from a recognized University/Institution or Equivalent.
  2. Seven Years Experience in a supervisor capacity preferably but not necessarily in the field of education or social sciences.
  3. Conducting Skill Development Programs and Experience in livelihood promotions
  4. Working Knowledge of the local language
- DESIRABLE :
  1. BBA or MBA
  2. Experience in Administration /Management/Accounts
  3. Experience in Guiding/Conducting Research or Education
- AGE: - Minimum 30 Years and Maximum 50 years as on the last date of receipt of application.
- EMOLUMENTS: Consolidated salary of Rs. 30,000/- to 40,000/- per month (all Inclusive). No other allowance will be paid.
- CONTRACT: Initially for three years, out of which first year of the first term will be the probation period and extendable for two years based on satisfactory performance and mutual agreement.

Apply within 30 days from the date of publication of advertisement through e-mail- "jsslatehar@gmail.com " only. Shortlisted candidates at the time of interview has to bring original and duplicates copies of academic, experience, two references, proof of Aadhar and passport size photograph duly Signed.

Sd/- Chairman

## समय संवाद

स्कूल एक सामाजिक संस्थान है जो हजारों परिवार के बच्चों के भविष्य बनाने का काम करता है। देश की ज्यादा समस्याओं का हल स्तरीय शिक्षा में छिपी है। लड़कियों के शिक्षा का अर्थ आधी आबादी को आधे देश को आगे ले जाने की ताकत पैदा करना है। अभिभावक बच्चों को शिक्षान्मुखी बनाए न कि उन्हें व्यापारन्मुखी बना दें।

स्कूली शिक्षा ही युवाओं को पूरे जीवन का आधार देता है। झारखंड के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र में शैक्षणिक विकास के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। सभी को एक दूसरे की समस्या समझते हुए उसके ईमानदार हल का प्रयास करना भी जरूरी है।

# बच्चे समझें अब उन्हें वैश्विक स्पर्धा में टिकना है

**मुरलीधर**



**राष्ट्रपति** पुरस्कार से सम्मानित उर्सूलाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज रांची की प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। कोरोना काल में भी वे सक्रिय है और ऑनलाइन ही सही लेकिन हजारों बच्चों का मार्गदर्शन करती है। खबर मन्त्र को विशेष साक्षात्कार में बताया कि शैक्षणिक जीवन कितना महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण है।

**व्यवहारिक पहलू पर ध्यान नहीं**

वर्तमान शिक्षा का दौर चुनौतियों से भरा है। शिक्षा पर हो रहे नित नए प्रयोग में व्यवहारिक मुददें गौण है। लंबे समय से शैक्षणिक कार्यो से जुड़े होने और झारखंड के एक सूदुर गांव से यहां तक की यात्रा में कई ऐसे उतार चढ़ाव देखे जिससे निराशा भी हुई और चुनौती स्वीकार करने का हौसला भी मिला। देश में कुछ भी प्रयोग हो उसे पूरे देश में एक समान लागू किया जाना सही नहीं है। प्रांरभिक कक्षाओं में छात्रों को असफल न किए जाने का नियम एक दूसरे तरत की कठिनाई पैदा कर रहा है। यह माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर बोझ बड़ा रहा है। एक दौर था जब मैं और हमारी पूरी शत प्रतिशत परिणाम के लिए प्रयास थे। आज भी प्रयास जारी है लेकिन झारखंड के ज्यादा स्कूलों में बच्चों की आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण पढ़ाई में उन्हें घर से मदद नहीं मिलती है। इस मुददें पर सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए कि अगर माहौल न मिले तो वैसे बच्चे किस प्रकार सिर्फ स्कूल की पढ़ाई से बेहतर कर सकते हैं। आज शिक्षण के कार्य में कोई मन से नहीं जुड़ रहा मजबूरी से जुड़ रहा है। एक दौर था जब शिक्षा और शिक्षक सम्मान की दृष्टि से देखे जाते थे। आज के दौर से लिए शिक्षक, छात्र और अभिभावक तीनों जवाबदेह है। कौन कितना जबावदेह है यह एक अलग बात है। लेकिन इसके साथ सरकार और उनकी नीतियों के साथ मानव संसाधन विभाग की जबावदेही भी बनती है। आज शिक्षा के क्षेत्र में जो भी परिवर्तन किये जा रहे हैं उनमें गुणवत्ता और व्यवहारिक पहलू को नजर अंदाज किया जा रहा है। अभिभावका अपने बच्चों की ही सुनते हैं और उसका क्या दुष्पिरिणाम शिक्षा के स्तर पर होता है उसका उनको ख्याल नहीं होता। मैं कई बार शिक्षकों की भी काउंसिलिंग करवा चुकी हूं। मुझे लगता है कि सिर्फ शिक्षक की जवाबदेही नहीं है उसमें परिजनों को भी अपनी सोच बदलने को तैयार रहना चाहिए।

**एकाग्रता आवश्यक**

आज के छात्र वर्तमान अविष्कारों से ज्यादा प्रभावित है। उनके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अनुशासन और कड़ाई को रोकना अच्छी बात है लेकिन न्यूनतम अनुशासन के बिना क्या समूह में छात्रों को नियंत्रित कर पाना संभव है। कुछ व्यावहारिक सवाल है जिन्हें हमें समझना होगा और उस पर नीतियों के आधार पर नहीं कार्य और समझदारी के आधार पर बात आगे ले जाना होगा। आज मोबाइल और बाईक का चलन हो गया है। अच्छी बात है लोगों का जीवन स्तर पहले से समृद्ध हुआ है। लेकिन अगर मोबाइल और बाईका का दुरूपयोग होता है तो इसके लिये छात्र से ज्यादा उनके परिजन, माता-पिता की जिम्मेवारी है। बच्चे पहले से ज्यादा सोचते हैं उनकी सोचने की दिशा सकरात्मक और प्रतियोगी भी होती है लेकिन जरा ही लापरवाही से उनमें विखराब आ जाता है।

**वैश्विक प्रतिर्स्पधा में टिकना है**

बेहतर शिक्षा से ही वैश्विक प्रतियोगिता में टिक सकेंगे। हमें स्तरीय शिक्षा की बात करनी होगी जिसके लिए समाज के सभी वर्ग को आगे आना होगा। स्कूल एक सामाजिक संस्थान है जो हजारों परिवार के बच्चों के भविष्य बनाने का काम करता है। देश की ज्यादा समस्याओं का हल स्तरीय शिक्षा में छिपी है। लड़कियों के शिक्षा का अर्थ आधी आबादी को आधे देश को आगे ले जाने की ताकत पैदा करना है। अभिभावक बच्चों को शिक्षान्मुखी बनाए न कि उन्हें व्यापारन्मुखी बना दें। स्कूली शिक्षा ही युवाओं को पूरे जीवन का आधार देता है।

**करियर टिप्स**

प्रतियोगिता के दौर में अपनी क्षमता को अवश्य जाने और उसे बढ़ाने को तत्पर रहें। बच्चें कोरोना से बचें और शैंक्षणिक स्तर भी बनाये रखें इस दिशा में सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# संतों की वाणी की समझ

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जड़** और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तो दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलाती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था। स्वामी जी की स्वरचित भजन ज्ञान पद **करहुं मैं भक्ति सिंगार नाथ महारानी हूं जी।** अपने आप में भक्ति की ऊंचाई तक स्पर्श करने वाली संसार की श्रेष्ठ रचना है। **हमको द्बैत दृष्टि नहीं आती, जहां देखो तहां वहीं आत्मा पिता पुत्र और नाती।**

जैसी प्रार्थना भक्ति का पद दूसरा कोई नहीं है। उनकी बहाई भक्ति धारा गढ़वा घाट काशी के बाद जाकर 1949 में राजपुर बक्सर आयी। सद्गुरु गढ़वा घाट के महाराज के आदेश पर स्वामी शिवर्धमानंद जी वह कार्य किया जो सतयुग में हनुमान भी नहीं कर पाये थे। राम की भक्ति के लिये हनुमान को गुरु अगस्त ने भेजा था। राम की भक्ति के क्रम में हनुमान को अयोध्या में ही रह गये जैसा राम ने आदेश दिया और उनका काम था राम सहित उनके भाइयों के आठ संतानों को भक्ति से जोड़े रखना। उन्हें कार्य के लिये अयोध्या जैसा नगर मिला। लेकिन स्वामी शिवर्धमानंद ने वगैर किसी व्यक्ति को जाने सदगुरु के आदेश पर आये और राजपुर नामक स्थान पर ज्ञान और भक्ति को स्थापित किया। गढ़वा घाट के स्वामी जी के आदेश पर इस क्षेत्र में आये और उन्होंने पांच पीढ़ियों के बीच भक्ति, ज्ञान योग और प्रेम को स्थापित किया।

भक्ति का यह प्रवाह जिस प्रकार गंगा यमुना के संमानातर चलता रहा ऐसा कही और देखने के लिये नहीं मिलता है। छपरा से लेकर टेरी तक जो अब पाकिस्तान में है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# मानसिक शक्ति और जीत

**सुधांशु कुमार**

अंग्रेजी में एक शब्द है मेंटल कमिटमेंट। इसे हम हिंदी में मानसिक शक्ति भी कहते है। यह सफलता के लिए बेहद आवश्यक गुण है। अगर आपमें मानिकस शक्ति, या ठहराव नहीं है तो आप लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकते। आखिर यह मेंटल कमिटमेंट है क्या? कोरोना काल में यह मानसिक शक्ति बनाये रखना आवश्यक है।

मुस्लिम रमजान के माह में रोजा रखते हैं। दिन भर एक बूंद पानी भी नहीं पीते। कई बार सार्वजनिक जगहों पर या कार्यालय में अन्य लोग खाते पीते है लेकिन रोजा रखे मुस्लिम लोग उससे प्रभावित नहीं होते। चूकिं उनकी मानसिक शक्ति उच्च शिखर पर होती है। विपरीत स्थिति में यही मानसिक शक्ति उनके जीवन में बड़ा काम का साबित होता है। हमारी दृढ़ता सौ प्रतिशत होना चाहिए। सौ फिसदी दृढ़ता और 99 प्रतिशत दृढ़ता में अंतर होता है। विशेषकर युवाओं को अपने जीवन में उंचें सपने पालते हैं उन्हें यह बात समझ लेना चाहिए कि आपने अगर एक बार भी समझौता किया तो संभव है कि आपको बार-बार समझौता करना होगा। कई अधिकारी जो करियर केआंरभ में काफी ईमानदार और सजग थे लेकिन उन्हें आदर्श से समझौता किया और वे फंसे भी। सौ प्रतिशत मानसिक दृढ़ता में एक प्रतिशत की कमी का परिणाम शून्य हो जाता है। विशेषकर युवाओं को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए, जो करियर और जीवन में उंचाई तक जाने का प्रयास कर रहे हैं।

**परिवर्तन निश्चित है आप बदलें**

परिवर्तन विश्व की वह स्थिति है जो बदलती नहीं है। परिवर्तन निश्चित है और वह होगा ही। आप पंसद करे या न करें परिवर्तन होकर ही रहेगा। जो व्यक्ति स्वयं को परिवर्तित नहीं करता वह जीवन में हार जाता है। परिवर्तन उसे पीछे छोड़ देता है। यही कारण है कि समाज इसी के सहारे आगे जाताहै और जो इसके सहारे आगे नहीं जाते वे पिछड़ जाते हैं। प्रसिद् वैज्ञानिक हॉकिन्स ने कहा था परिवर्तन के साथ समझौता करना और उसे अपनाना ही बुद्मिानी है। सवाल है कि समाज में हो रहे परिवर्तन से सभी को परिचित होना चाहिए विशेषकर युवाओं को अवश्य समझना चाहिए। विश्व में कई बड़ी कंपनी जो अपने आप को परिवर्तित नहीं कर सकी वह बंद हो गयी। वेस्पा ने स्कूटर बनाया वहीं बजाज कंपनी ने इस बात को समझा और स्कूटर उत्पादन बंद कर पूरा ध्यान मोटरसाइकिल पर लगाया जिससे वह आज भी बेहतर स्थिति में है।

# पशुपालन के क्षेत्र में संभावना

**केन्द्र** ने पशुपालन में 54 हजार करोड़ का निवेश जुटाने विशेष पैकेज को मंजूरी दी झ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने ने विशेष पशुधन सेक्टर पैकेज के क्रियान्वयन को मंजूरी दे दी। इसके तहत कई गतिविधियां शामिल हैं। भारत सरकार की योजनाओं के कई घटकों को संशोधित किया गया और उन्हें दुरुस्त बनाया गया। यह कदम अगले पांच वर्षों के लिये है, जो 2021-22 से शुरू होगा। यह मंजूरी इसलिये दी गई, ताकि पशुधन क्षेत्र में विकास को प्रोत्साहन मिले, जिसके कारण पशुपालन क्षेत्र से जुड़े 10 करोड़ किसानों के लिये पशुपालन फायदेमंद हो सके। इस पैकेज के तहत केंद्र सरकार अगले पांच वर्षों के दौरान 54,618 करोड़ रुपये का कुल निवेश जुटाने के लिये 9800 करोड़ रुपये की सहायता देगी। केंद्र सरकार 2021-22 से अगले पांच वर्षों के लिये 9800 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने के लिये प्रतिबद्ध है, जो इन योजनाओं में लगाई जाएगी।



इसके आधार पर विभाग की सभी योजनाओं को तीन वृहद विकास योजनाओं की श्रेणी में समाविष्ट कर दिया जायेगा। इनमें राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) और पशुधन की गणना तथा एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (एलसी-एंड-आईएसएस) को उप-योजनाओं के तौर पर शामिल किया गया है। रोग नियंत्रण कार्यक्रम का नाम बदलकर पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) रख दिया गया है। इसमें मौजूदा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण तो है ही, लेकिन इसके साथ राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम और अवसंरचना विकास निधि को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) और डेयरी अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ) को आपस में मिला दिया गया है। इस तरह अवसंरचना विकास निधि तैयार की गई है। डेयरी गतिविधियों में संलग्न डेयरी सहकारिता और किसान उत्पादक संगठनों को भी इस तीसरी श्रेणी में शामिल कर लिया गया है, ताकि डेयरी सहकारिताओं को सहायता मिल सके।

राष्ट्रीय गोकुल मिशन से स्वदेशी प्रजातियों के विकास और संरक्षण को मदद मिलेगी। इससे गांव के गरीब लोगों की आर्थिक हालत में भी सुधार होगा। राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम योजना (एनपीडीडी) का लक्ष्य थोक में लगभग 8900 कूलरों को लगाने का है, जिसमें दूध रखा जा सके। इस कदम से आठ लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा और 20 एलएलपीडी दूध की अतिरिक्त प्राप्ति संभव होगी।

एनपीडीडी के अंतर्गत जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जीआईसीए) से वित्तीय सहायता प्राप्त होगी, जिससे 4500 गांवों में नई अवसंरचना का निर्माण होगा और गांव शक्ति-सम्पन्न होंगे।

# हर दिन टाइटैनिक को खा रहे हैं बैक्टिरिया



**27 साल पहले ढूंढ लिया गया था टाइटैनिक का मलबा,जानिए आज तक इसे बाहर क्यों नहीं निकला गया?**

14 अप्रैल को टाइटैनिक नॉर्थ अटलांटिक महासागर में एक हिमखंड से टकरा गया था। इस जोरदार टक्कर में जहाज के दो टुकड़े हो गए और यह समुंद्र में करीब 4 किलोमीटर गहराई में समा गया। अटलांटिक महासागर में 5 यात्रियों सहित गायब हुई टाइटन पनडुब्बी को लेकर कंपनी की तरफ से बताया गया है कि पनडुब्बी में सवार सभी 5 यात्रियों की मौत हो गई है। पनडुब्बी का मलबा टाइटेनिक जहाज के पास ही मिला है. दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पॉपुलर जहाज रहे टाइटेनिक को डूबे करीब 110 साल से भी ज्यादा का समय हो चुका है। इसका मलबा 1985 में ढूंढ लिया गया था। ऐसे में मन में सवाल आता है कि जब जहाज का मलबा ढूंढ लिया गया था तो आज तक इसे बाहर क्यों नहीं निकाला गया?

**कब डूबा था टाइटैनिक**

टाइटैनिक के बारे आपने काफी पढ़ा और सुना होगा. टाइटैनिक ने अपनी पहली यात्रा ब्रिटेन के साउथैम्पटन बंदरगाह से न्यूयॉर्क के लिए 10 अप्रैल 1912 को शुरू की थी. इसके ठीक 4 दिन बाद यानी 14 अप्रैल को यह नॉर्थ अटलांटिक महासागर में एक हिमखंड से टकरा गया. इस जोरदार टक्कर में जहाज के दो टुकड़े हो गए और यह समुंद्र में करीब 4 किलोमीटर गहराई में समा गया.

**1500 लोगों की गई थी जान**

इस त्रासदी में लगभग 15 लोगों की जान गई यह उस समय की सबसे बड़ी समुद्री दुर्घटना थी. लगभग 70 सालों तक टाइटैनिक का मलबा समुद्र में 4 किलोमीटर नीचे पढ़ा रहा, जिसे पहली बार 1985 में रोबट बलाड और उनकी टीम ने खोज निकाला था.

**मुश्किल है ये काम**

जहां जहाज डूबा हुआ है, वहां चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा है. समुद्र की गहराई में तापमान भी 1 डिग्री सेल्सियस है. इन विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए किसी इंसान का इतनी गहराई में जाना और फिर वापस लौट कर आना बहुत जोखिम भरा होता है. ऐसे में यहां से मलबे को निकाल कर लाना तो बहुत दूर की बात है. समुद्र की गहराई में 4 किलोमीटर नीचे पड़े मलबे को बाहर निकालना लगभग नामुमकिन है.

**20-30 साल टिक पाएगा मलबा**

विशेषज्ञों के मुताबिक, टाइटैनिक का मलबा समुद्र में अब तेजी से गल रहा है. ऐसे में उसे बाहर निकाल कर भी कोई फायदा नहीं होगा. बताया जाता है कि आने वाले 20 से 30 सालों में टाइटैनिक का मलबा पूरी तरह गल जाएगा और समुद्र के पानी में घुल जाएगा. समुद्र में पाए जाने वाले बैक्टीरिया टाइटैनिक के लोहे को तेजी से खा रहे हैं, जिस वजह से उस में जंग लग रहा है. बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ये समुद्री बैक्टीरिया रोजाना लगभग 180 किलो मलवा खा जाते हैं. ऐसे में टाइटैनिक की उम्र अब ज्यादा नहीं बची है, इसलिए इसके मलबे को बाहर निकालना समझदारी नहीं होगी।

# कूल कूल ड्रेस

**आजकल** डेनिम का काफी क्रेज है चाहे उसमें शर्ट्स हों या फिर वन पीस, सभी बेहद डिफरेंट नजर आते हैं। यदि आप किसी डे आउट पार्टी में जा रही हैं और चाहती हैं कि आपका लुक कूल-कूल सा नजर आए तो आप डेनिम लुक की वन पीस पहनें। लेकिन यह डेनिम ड्रेस आप विंटर वाली नहीं समझें। क्योंकि विंटर में पहने जाने वाला डेनिम कपड़ा मोटा होता है जिससे ठंड न लगे। असल में समर्स में पहने जाने वाली ये ड्रेस कॉटन ड्रेस होती हैं जो डेनिम के लुक में होती हैं। इन्हें पहनकर आपका लुक ही चेंज हो जाता है। एक स्मार्ट लुक के लिए आप इन्हें कैरी करें। इनके साथ आप स्पोर्ट शूज पहन सकती हैं। जो वे सफेद रंग के पहनें तो लुक और बेहतर नजर आएगा।

**डांगरी**

कॉलेज गोइंग गर्ल्स को तो ये ड्रेस बेहद पसंद आती है। असल में डांगरी में आपका लुक गर्लिश नजर आता है। ये डांगरी ज्यादातर आपको डेनिम फैब्रिक में ही मिलती हैं। ये और किसी फैब्रिक में इतनी आकर्षक नजर नहीं आती हैं। इनमें आपको बहुत सारे डिजाइन मिल जाएंगे। वहीं ऐसा भी नहीं है कि इन्हें केवल कॉलेज गोइंग गर्ल्स ही पहन सकती हैं। यदि आपकी फिगर परफेक्ट है तो आप भी अपनी किसी सहेली की पार्टी या फिर घूमने जाने पर इन्हें पहन सकती हैं। डांगरी लॉन्ग और शॉर्ट दोनों में आती है। इसमें अंदर टीशर्ट पहनी जाती है।

**कट स्लिव्स जैकेट**

किसी भी ड्रेस को डिफरेंट लुक देना हो तो आप डेनिम लुक की कट स्लिव्स जैकेट खरीद लें। ये जैकेट केवल डेनिम लुक में होती हैं। इसका फैब्रिक कॉटन का ही होता है लेकिन इसका पूरा लुक डेनिम जैकेट की तरह होता है। इसे आप चाहें तो जींस के साथ टीशर्ट के ऊपर पहन सकती हैं। ये बहुत स्मार्ट लुक लगता है। या फिर किसी वन पीस या फिर कुर्ती के ऊपर पहन सकती हैं। आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा। साथ ही आप ज्वेलरी में एंटीक लुक की सिल्वर ज्वलेरी पहनती है तो आप बेहद डिफरेंट नजर आएंगी।

# वजन घटाने के लिए इसबगोल

**वजन** घटाने के लिए लोग कई तरह के जतन करते हैं। कोई जिम और एक्सरसाइज का सहारा लेता है तो वहीं कोई डाइट फॉलो करता है। हालांकि इनमें से सिर्फ कुछ लोगों को ही फायदा मिलता है। लेकिन जिन लोगों को फायदा नहीं मिलता है, वह निराश हो जाते हैं। ऐसे में आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए वेट लॉस का एक बेहद आसान तरीका बताने जा रहे हैं। साथ ही यह तरीका पूरी तरह से सेफ भी है।

वेट घटने का सिंपल सा फॉमूर्ला यह भी है कि दैनिक कैलोरी की कुछ खपत के कम कैलोरी का सेवन करें। हेल्दी और संतुलित डाइट के साथ दिन में कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें। इससे आपको वेट लॉस में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा कुछ ऐसे फूड्स भी होते हैं। जिनके सेवन से आपका वेट लॉस काफी तेजी के साथ होता है। ऐसा ही एक फूड है इसबगोल की भूसी। जिसके सेवन से आप तेजी से वजन कम कर पाएंगे। तो आइए जानते हैं कि इसबगोल की भूसी का सेवन कैसे करना है।

**इसबगोल का पौधा**

बता दें कि इसबगोल का पौधा देखने में काफी हद तक गेहूं के पौधे की तरह लगता है।



इसबगोल के पौधे की डालियों में सफेद रंग के बीच चिपके होते हैं। इसी को इसबगोल की भूसी कही जाती है। इसबगोल की भूसी सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। इसका इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए कहते हैं। इसबगोल की भूसी के नियमित सेवन से वेट लॉस में काफी मदद मिलती है। इसके साथ ही यह फाइबर का मजबूत का स्त्रोत होता है। यह डाइजेशन को मजबूत करने के साथ ही पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होती है।

**कैसे करें सेवन**

इसबगोल की भूसी के सेवन का तरीका काफी आसान है। इसके सेवन के लिए आप एक गिलास पानी या किसी फल के जूस में 1-2 चम्मच इसबगोल डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। थोड़ी देर पानी में डालकर रखने से पानी या जूस अच्छे से भूसी को अवशोषित कर लेती है और यह फूल जाएगी। इसके बाद फौरन इसको पी लें। अगर आप चाहें तो 1-2 चम्मच भूसी को मुंह में रखकर ऊपर से पानी पी सकते हैं। इसका सेवन आपको सुबह खाली पेट करना है।

**दूध के साथ**

पानी और जूस की तरह आप रात में सोने से पहले इसबगोल को दूध के साथ भी ले सकते हैं। इसके लिए एक गिलास गुनगुने दूध में 1-2 चम्मच इसबगोल डालकर इसका सेवन करें।

**दही के साथ**

आप चाहें तो दही के साथ भी इसका सेवन कर सकते हैं। इसके लिए इसबगोल की भूसी को एक कटोरी दही में मिलाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जब यह अच्छे से फूल जाए तो इसको खा लें। इससे आंत में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ते हैं और पाचन भी दुरुस्त रहता है। इसके साथ ही आप दिन में किसी भी समय इसका सेवन कर सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 25 जून 1975 जब देश को आपातकाल का दंश झेलना पड़ा

**मनोज शर्मा**

**भारत** के इतिहास में आज ही के दिन 25 जून 1975 में देशभर में आपातकाल लगाने की घोषणा की गई थी. यह आदेश देश में तात्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सिफारिश पर दिए गए थे. जिसने कई ऐतिहासिक घटनाओं को जन्म दिया. भारतीय राजनीति के इतिहास में यह सबसे विवादस्पद काल रहा क्योंकि आपातकाल में भारत में चुनाव स्थगित हो गए थे. भारत में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि का आपातकाल था।

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा की थी. यह घोषणा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत की गई थी. उस वक्त इंदिरा गांधी ने सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वले हर शख्स को जेल में बंद करवा दिया था।




**.तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन ने दी थी आपातकाल की मंजूरी**

बता दें कि देश में आपातकाल के ड्राफ्ट पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 25 जून की आधी रात को हस्ताक्षर किए थे. जिसके बाद पूरा देश इंदिरा गांधी और संजय गांधी का बंधक बना दिया गया था. वहीं 26 जून की सुबह छह बजे इंदिरा गांधी ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई जिसमें गृह सचिव खुराना ने आपातकाल का घोषणापत्र कैबिनेट को सुनाया.

**आपातकाल मे जेल भेजे गए इंदिरा विरोधी**

देश में आपातकाल लगते ही इंदिरा के कड़े विरोधी माने जा रहे जयप्रकाश नारायण को 26 जून की रात डेढ़ बजे गिरफ्तार कर लिया गया था. उनके साथ इंदिरा की नीतियों का विरोध कर रहे कई और नेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया और देशभर की कई जेलों में डाल दिया गया.देश में आपातकाल की जानकारी आम जनता को ऑल इंडिया रेडियो के जरिए दी गई थी. देशभर में आपातकाल लगाए जाने के बाद मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट यानी मीसा के तहत हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था.

संविधान के अनुच्छेद 352 में बाहरी आक्रमण और आंतरिक डिस्टरबेंस या सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में आपातकाल लगाए जाने की व्यवस्था दी गई है. आपातकाल के पीछे मुख्य कारण जयप्रकाश नारायण की आर्मी और पुलिस को सरकार के आदेश नहीं मानने की बात को माना जाता है, जो सशस्त्र संघर्ष के दायरे में आता है।

## ना हार तू जीवन से



**रौनक झा**

ना तोड़ हिम्मत को, तू कर मेहनत
तूसंजोग अपने सपने के उड़ान को, तू मत सोच दूसरे के बातों का
तू करने दे उनको बुराई
लोगों का काम ही हैं
अच्छें ओर बुरे में वक़्त में भी चुटकी लेना
ये वक़्त हैं आज तेरे साथ कल मेरे साथ, ये वक़्त किसी का नहीं होता हैं,ये संसार आज तेरे पे हस्ती हैं, कल तेरा ही सत्कार भी करेगा
कोई किसी का नहीं होता हैं यहाँ
कोई होता हैं यहाँ वो खुदा
बस कर मेहनत लगन से
ओर रख विश्वास खुदा पे
आज जो तू लाचार हैं
बस वक़्त का इंतेजार कर
ओर वक़्त जाते वक़्त नहीं लगता हैं,
वक़्त पे ही सब कुछ होता, जैसे फसल की बोवाँई ओर कटाई वक़्त पे ही होता हैं
मेहनत करने वालों की हार नहीं होती।

## स्पीड न्यूज

### मादक पदार्थ समेत दो युवक धराये



**इचाक।** थाना क्षेत्र के तिलरा गांव से इचाक पुलिस ने शुक्रवार रात मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले दो कारोबारियों को धर दबोचा है। इस बाबत सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि थाना क्षेत्र में लगातार ब्राउन शुगर, अफीम, कोरेक्स जैसे मादक पदार्थों की लत युवाओं में बड़ी पैमाना में लग चुकी है। जिसमें कारोबारियों का मुख्य रोल है। युवाओं को बहला-फुसलाकर कारोबारी लाभ कमाने के उद्देश्य से मादक पदार्थों की बिक्री करने में लगे हैं, जिसकी सूचना मिली थी कि तिलरा गांव में अवैध रूप से नशाखोरी का कारोबार फल फूल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर शुक्रवार की रात को छापामारी किया गया। जिसमें दो कारोबारी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पकड़ाए युवकों में गिद्धौर निवासी संजय यादव और सिजुआ निवासी सुमन कुमार का नाम शामिल है। वही मौके पर से 19 ग्राम ब्राउन शुगर, 190 ग्राम अफीम, 23 बोतल कोरेक्स सिरप, 3 मोबाइल सेट, एक माप तौल मशीन, दो मोटरसाइकिल समेत कई सामान को बरामद किया गया है। श्री कुमार ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है, जो नशा के लत में फंस कर अपना जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने से परिवार और समाज बर्बाद होने के कगार पर है। मुझे युवाओं की चिंता है इसलिए युवाओं से अपील करता हूं कि ऐसे मादक पदार्थों से खुद को दूर रखकर परिवार, समाज और अपने हित के लिए सोचे। पुलिस नशाखोरी जैसे अवैध कारोबारियों के लिए सख्ती से पेश आएगी। ऐसे धंधा में शामिल लोग अगर स्वतः कारोबार नहीं छोड़ते तो उन्हें चिन्हित करके विधि संवत कार्रवाई करने के लिए पुलिस तत्पर है। इस संबंध में कारोबारियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### रूद्र महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा



**कुजू।** भव्य कलश यात्रा के साथ कुंदरिया बांध कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ शनिवार को प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा मे शामिल 501 कलशयात्री टूटी झरना मंदिर प्रांगण पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय की अगुवाई में सहयोगी शत्रुघ्न तिवारी, प्रवीण पांडेय, प्रकाश पांडेय, अंजय पांडेय, गौतम पांडेय, नवीन पांडेय प्रकाश, पांडेय, गौतम पांडेय, अमित तिवारी ने यजमान बने महेंद्र प्रसाद मेहता, चिंतामणि महतो, लखन प्रसाद, मनोज साव, बबलू गुप्ता सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। बाद में कलशों में पवित्र जल को भरा गया। इसके बाद कलश यात्री गाजे-बाजे के साथ विभिन्न देवी-देवताओं के जयघोष बीच नगर भ्रमण करते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां यज्ञ मंडप के समीप सभी कलशों को स्थापित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। वहीं दोपहर 3 बजे भंडारा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, कांग्रेसी नेता धर्मराज राम को समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया सह संरक्षक जयकुमार ओझा, कामेश्वर साव अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, कोषाध्यक्ष पप्पू गुप्ता, अरविंद साहू, शिवा प्रसाद मेहता, संतोष मेहता, राकेश कुमार उर्फ रॉक, अशोक कुमार, तेजनाथ महतो, गोपाल ठाकुर, संजय सिंह, सुनील साहू, विकास प्रसाद, सुभाष प्रसाद, अजीत अग्रवाल, रवि साहू, नितेश गुप्ता, मनोज केसरी, अमित केसरी, संदीपा केशरी, बिहारीलाल, दीपक सिंह, छवि भुइयां, कामेश्वर पांडेय, राजेश पांडेय समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### कोयला मजदूर यूनियन व बिरसा प्रबंधन के बीच नौ सूत्री मांगों चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन द्वारा पूर्व में दिए गए 9 सूत्री मांग-पत्र के आलोक में शनिवार को बिरसा पीओ कार्यालय में यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। इसमें यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह व बिरसा पीओ डी शिवा दास मुख्य रूप से शामिल थे। इस दौरान मजदूरों के वेतन भुगतान से पहले पे स्लीप देने, शॉवेल संचालक की कमी को दूर करने, मशीनी में लगे एसी को दुरूस्त करने, 10-12 साल से कटेगरी वन में कार्यरत धनेश्वर साव को कटेगरी टू में प्रमोशन देने, पीट मैन परीक्षा का परिणाम अविलंब घोषित करने, बिरसा कैंटीन की व्यवस्था दुरूस्त करने, मजदूरों के सिक लिव में पूर्व की तरह संडे को शामिल करने, ट्रांसपोर्टिंग के दौरान यातायात नियमो का पालन करने, तारा प्रसाद के आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने आदि मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर बिरसा पीओ डी शिवा दास ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की बात कही। वहीं यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से मैनेजर रामेश्वर मुंडा, कार्मिक प्रबंधक विकास रंजन व यूनियन की ओर से एनएस प्रसाद, अनिल सिंह, मोतीलाल सिंह, विमल बिहारी श्रीवास्तव, विद्युत प्रकाश लाल, तारा प्रसाद, प्रभाष मोदक, साबिर, विजय उरांव, गोविंद मुंडा, सूरज कुमार, राम सुमिरन आदि शामिल थे।

# सम्मान समारोह से मिलेगी नयी ऊर्जा : डीसी

- समेरिटन वेलफेयर फाउंडेशन व वीवीएम झारखंड के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित
- ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे काफी प्रोत्साहित होते हैं : हर्ष अजमेरा
- बच्चो के लिए यह एक सुनहरा अवसर है: अशोक कुमार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के नगर भवन सभागार में समेरिटन वेलफेयर फाउंडेशन एवं वीवीएम झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में एनडी ग्रोवर सुपर परफॉर्मेंस, वीवीएम स्टार परफॉर्मर्स के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में झारखंड से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। विभिन्न विद्यालय के बच्चों के द्वारा आए अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम भव्य रुप से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ के साथ झारखंडी नृत्य पर बच्चियों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मनमोहित किया। सभी उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को उपायुक्त सहित अतिथियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग के डीओ मिस्टर उपेंद्र नारायण, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, झारखंड वीवीएम सिटी कोऑर्डिनेटर मिस्टर अशोक कुमार, जोनल कोऑर्डिनेटर डॉक्टर एहसान उल हक, पूर्व आईजी दीपक कुमार वर्मा, ओएसिस स्कूल के चेयरमैन शब्बीर अहमद, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कौशलेंद्र कुमार, इंटर साइंस कॉलेज के प्राचार्य बसंत कुमार झा, हजारीबाग वी वी एम के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मिस्टर इम्तियाज आलम, रंजन जैन एवं भैया अभिमन्यु मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने उपस्थित छात्र छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस सम्मान समारोह से उन्हें आने वाले दिनों में नई ऊर्जा मिलेगी। उन्हें यह क्षण प्रेरित करता रहेगा जिससे वे सफलता के नए आयाम को हासिल करेंगे।

मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चे काफी प्रोत्साहित होते हैं। बच्चों में काफी कुछ करने का जज्बा निखर कर समाज के प्रति समर्पित होता है। वी वी एम झारखंड के स्टेट के कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। उन्हें हार्दिक प्रसन्नता है कि हजारीबाग शहर में वीवीएम झारखंड के सहयोग से समेरिटन वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा एनडी ग्रोवर सुपर परफॉर्मर्स कम वी वी एम स्टार परफॉर्मर्स के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# कांस्टेबल की पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने दो देसी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, पांच खोखा,पल्सर बाइक और तीन मोबाइल किया बरामद**

## पंकज कुमार की प्रेम प्रसंग के कारण हुई हत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** कांस्टेबल पंकज कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार की रात ड्यूटी से बाइक पर घर लौटने दौरान कांस्टेबल पंकज की हत्या गोली मारकर कर दी गई। एसपी पीयूष पांडेय ने शनिवार को बताया कि कांस्टेबल पंकज कुमार पिता धीरज राम की शुक्रवार की राम हत्या मामले में एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच आरंभ की गई। इस जांच के दौरान पुलिस मृतक के घर पहुंची। एसपी ने बताया कि उस समय पत्नी नैना देवी घर से भागने की तैयारी में थी। पुलिस ने नैना देवी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की। जिसमें नैना ने हत्या की साजिश रचने और प्रेमी मन्नू पासवान से हत्या कराने की बात कही। इस पर पुलिस ने नैना के प्रेमी मन्नू पासवान और उसके सहयोगी ओमप्रकाश सिन्हा दोनों को सयाल से गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि मन्नू पासवान की निशानदेही पर पुलिस ने दो देसी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, पांच खोखा, पल्सर बाइक और तीन मोबाइल बरामद किया है। छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ डॉ विरेंद्र चौधरी, पतरातू इंस्पेक्टर सुशील कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी के पुअनि मयंक प्रसाद शामिल थे।

### ग्रामीणों ने भुरकुंडा थाना का किया घेराव

भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी ओपी में पदस्थापित कांस्टेबल पंकज कुमार दास की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह भुरकुंडा ओपी का घेराव कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। पुलिस के समझाने-बुझाने व आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है की बात कहने पर ग्रामीण शांत हुए। इधर घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ भुरकुंडा ओपी के समक्ष उमड़ी। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने भी पतरातू एसडीपीओ से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। घटना के बाद से ही माता-पिता सहित परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे। भुरकुंडा ओपी में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम सहित सैंकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ी। पुलिस मेंस ऐसोसिएशन हजारीबाग के मंत्री उपेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष अनिरूद्ध कुमार, संयुक्त मंत्री राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पारसनाथ महतो व सदस्य तेज नारायण महतो आदि परिजनो से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया।

### बबलु का पंचायत सचिव व नीरज का खाद्य आपूर्ति विभाग में हुआ चयन

**टाटीझरिया।** प्रखंड अंतर्गत झरपो गाँव के दो युवक बबलू कुमार पिता उमेश प्रसाद और इसी गांव के नीरज कुमार पिता स्वर्गीय छेदी महतो का मेहनत रंग लाई। एक कहावत कई गई है की मंजिले उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसले से उड़ान होती है। इस कहावत को सच कल दिखाया है. झरपो के बबलू कुमार और नीरज कुमार ने। बताते चलें की बबलू कुमार का चयन पंचायत सचिव के पद पर जबकी नीरज कुमार का चयन खाद्य आपूर्ति विभाग में हुआ है। दोनो को सरकारी नौकरी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हैं। झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने घर पहुंचकर दोनों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। दोनों युवकों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी के पूत्र वर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को दिया उन्होने कहा की अमित कुमार सोनी के प्रेरणा और सहयोग के आश्वासन के बाद हमने पुनः पढ़ाई में जी जान जुटा पाया। बबलू कुमार की मां का देहांत कुछ महीने पहले हो चुकी है। वह मुंबई में रोजी रोटी के लिए चला गया था घर की स्थिति भी ठीक नहीं थी झरपो निवासी अमित सोनी पिता शिबू प्रसाद सोनी का बेटा जो सतबरवा में थाना प्रभारी पद पर पदस्थापित है उन्होंने मुंबई छोड़ कर पुनः पढ़ाई में तैयारी करने को कहा। बताया कि जहां तक होगा मदद करेंगे और बात मानकर संघर्ष किया और पहले ही प्रयास में सफलता पाई। बबलू को रहने के लिए एक अच्छा घर भी नहीं है। झोपड़ी नुमा एक कच्चे मकान में गुजर बसर करता है। नीरज कुमार के पिता का भी देहांत हो चुका है। नीरज कुमार ने अल्प संसाधन में अपने संघर्ष के बदौलत सफलता पाई।

### पंचायत तक संगठन को करें मजबूत : गुंजन सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला महिला कांग्रेस कमिटी कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्षा गुंजन सिंह ने कहा कि इस कार्यकारिणी बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला महिला कांग्रेस को प्रखंड से पंचायत स्तर तक संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत करना है । जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि जिला में महिला कांग्रेस के संगठन को मजबूत करना हम सभी कांग्रेसजनों की जिम्मेवारी है । उन्होंने जोर देकर कहा कि आदरणीय सोनिया गांधी जी ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है ।

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह बरकठ्ठा विधान सभा के प्रभारी पिंकी सिंह प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव कविता सिंह, पूजा कुमारी जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जमीन विवाद में झूठे मुकदमे में मुझे फंसाया गया : राजेंद्र प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद पर विगत कुछ दिनों पूर्व जानलेवा हमला हुआ। राजेंद्र प्रसाद ने शनिवार को बताया है कि यह मामला जमीन विवाद का है, जिसे लेकर अर्जुन पंडित पिता स्व. बढ़न पंडित दुधपनिया निवासी उन्हें बेवजह परेशान कर रहे है।उन्होंने बताया कि जमीन को हथियाने के उद्देश्य से उनके ऊपर जानलेवा हमला करवाया।साथ वी विवाद में उलझाने की नीयत से अपनी बहु से उनके ऊपर मारपीट, छेड़छाड़ एवं छिनतई के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवा दिया गया है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लड़ाई का मुख्य कारण खाता नंबर 74 प्लॉट नंबर 2519 रकबा 4 डिसमिल मौजा धनवार जमीन से जुड़ा है, जो पूर्व में अर्जुन पंडित का था, किंतु वर्ष 1993 में उक्त जमीन को अर्जुन पंडित ने रघुनाथ प्रसाद गुप्ता पिता स्व. छेदी साव स्वर्णकार पता हरिहर गंज पलामू को रजिस्ट्री कर बेच दिया। वर्ष 2015 में रघुनाथ प्रसाद गुप्ता का निधन होने के पश्चात गया इसी जमीन को वर्ष 2021 में रघुनाथ प्रसाद गुप्ता का इकलौता पुत्र राजकुमार गुप्ता द्वारा मुझे रजिस्ट्री कर दिया। तब से अब तक वर्ष 2023-24 तक नियमित रूप से उक्त जमीन का लगान रसीद कटवाते आ रहे है। साथ ही उक्त जमीन मेरे दखल कब्जा में है।उक्त जमीन पर मैंने चारदीवारी भी करवाया हूं, बावजूद इसके अर्जुन पंडित द्वारा लगातार इस जमीन को अपना बता कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर अर्जुन पंडित उप समाहर्ता में वाद दायर किया। जिसमें वाद संख्या 13/2019-20 में वाद को तर्कहीन कह कर रद्द कर दिया गया, जिसके बाद अपर समाहर्ता एम ए एन 01/2021 में मामला दायर किया। जिसे अपीलार्थी द्वारा स्वयं जमीन बेचा गया और स्वयं जमीन को अपना बता कर मामला दर्ज करना समझ से परे बताते हुए मामले को खारिज कर दिया गया। जिसके बाद जमीन हथियाने के उद्देश्य से उनके ऊपर जानलेवा हमला किया गया और अपनी बहु के द्वारा झूठा मुकदमा करवाकर उन्हें फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

# आनंद साई दरबार स्थापना दिवस समारोह शुरू

## गाजे बाजे के साथ निकली पालकी यात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार 13 वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह साई बाबा की पालकी यात्रा के साथ 24 जून को आरंभ हुआ। पालकी यात्रा से पूर्व पुजारी द्वारा साई बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा आरंभ हुई। पालकी यात्रा झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालु साई बाबा के मधुर भजन गाते बढ़ते चल रहे थे। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। साई बाबा की पालकी यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानो पर स्वागत किया गया। वहीं, पालकी यात्रा के गुरूद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का शीतल पेयजल के साथ स्वागत किया गया। । पालकी यात्रा में साई बाबा का वेष धारण किये विमल शर्मा बने लोगों के आकर्षण का केंद्र। आनंद साई दरबार से आयोजित साई बाबा की पालकी यात्रा के दौरान साई बाबा का वेष धारण किये पूर्व विधायक जयुमा शर्मा के पुत्र विमल शर्मा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

**ये हुए शामिल :** साई बाबा की पालकी यात्रा में झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू,अजीत जायसवाल, प्रो संजय सिंह, संतोष सिन्हा, विजय मेवाड़, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, मुन्ना सिन्हा, राजेश साव, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, जीतू अग्रवाल, आनंद सिन्हा, संजय दांगी, बादल, सन्नी सिन्हा, आनंद सिंह, उत्तम, नवनीत कुमार, मनोज मंडल, अजय कुमार,बसंत कुमार,कैलाश चंद्र साह, आयुष कुमार गुप्ता,सुरेश प्रसाद, मौजन कुमार, सलमान, अशोक कुमार महतो,अनूप विश्वकर्मा, दीपक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## एक नजर में

### हजारीबाग में गौतम अदाणी के 61 वें जन्मदिन पर 36 लोगों ने किया रक्तदान



**हजारीबाग।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 61वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को मटवारी स्थित शिवांस क्लीनिक में कंपनी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया और 36 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया गया। एक स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है।रक्तदान के बाद सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार, टेक्नीशियन आर खैरी और वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।मौके पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, जीएम आलोक कुमार, डीजीएम संजय कुमार, कुमार विवेक, वरीय प्रबंधन भीखम सिंह, आशीष कुमार, राहुल राज समेत अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### जीवन ज्योति बीमा योजना का हुआ भुगतान

**बड़कागांव ।** ग्राम रावतपारा निवासी महिला सरस्वती देवी पति महेश साहू की निधन सड़क दुर्घटना में हुई थी ।उक्त महिला का भारतीय स्टेट बैंक बड़कागांव का लिंक ग्राहक सेवा केंद्र बादम में खाता था जिसमें महिला ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवाई थी सरस्वती देवी के निधन होने के पश्चात नॉमिनी पुत्र ललन कुमार को 2 लाख लाख रुपए का जीवन बीमा भुगतान मिला। शाखा प्रबंधक जयदीप सेन ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र बादम में जमा निकासी के अलावा अन्य सुविधा भी मौजूद है जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना शामिल है जिसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। मौके पर शाखा प्रबंधक जयदीप सेन,संचालक कजरू साव,अजय दास, ललन कुमार,सुरेश पासवान,चिंतामणि वर्मा,सुरेंद्र राणा, सीताराम शहीतअन्य लोग उपस्थित थे।

### रेलवे ट्रैक पर पशुओं से दुर्घटना की संभावना

**बरही।** आरपीएफ पोस्ट हजारीबाग जोन अंतर्गत बरही प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत भवन परिसर में रेलवे ट्रैक के आस-पास बसे गांव के मुखिया और वार्ड पार्षद के साथ आरपीएफ के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बेन्दगी पंचायत मुखिया सिकंदर राणा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से आरपीएफ सब इंस्पेक्टर रंजय कुमार, एएसआई बिनोद कुमार शामिल हुए। बैठक में 27 जून से बरकाकाना रांची बरकाकाना नए रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन के दौरान होने वाले समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। बताया गया कि वंदे भारत ट्रेन परिचालन के दौरान रेलवे ट्रैक आस-पास बसे गांव के मवेशी अचानक ट्रैक पर आ जाते हैं, इससे मवेशियों की मौत हो जाती है।साथ ही भविष्य में जानवरों के कारण बड़ी दुर्घटना की संभावना हो सकती है। मौके पर आईटीआई प्राचार्य रविन्द्र कुमार, रामचन्द्र यादव, सुनील यादव, मनोज कुमार साव, दिलीप रजक, मनोज कुमार, संतोष कुमार, सबिता देवी, फुलमतिया देवी, पूनम देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया



**हजारीबाग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हजारीबाग के मुख्य सेवा केन्द्र पर संस्था के प्रथम मुख्य प्रशासीका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 58 पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर संस्थान के लगभग 300 लोगों ने मातेश्वरी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। और पूरे दिन अखंड ध्यान और योग का मौन रूप में वातावरण रहा ।तत्पश्चात सभी ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया ।मातेश्वरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़कागांव की पूर्व विधायक श्रीमती निर्मला देवी तथा शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर संस्था के भाई बहन जिसमें ब्रम्हाकुमारी तृप्ति बहन देवांगना सेवा केंद्र इंचार्ज ,ब्रह्मा कुमारी खुशबू बहन ,ब्रह्माकुमारी भाग्यमणि बहन तथा अन्य बी के भाई बहन उपस्थित रहे। मम्मा का दो शिक्षाएँ थी- हुक्मी हुक्म चला रहा है, और हर घडी.को अंतिम घडी.समझो ।

### झारखंड महिला उत्थान की स्थापना दिवस मनी

चरही ।शनिवार को प्रखंड के चुरचू पंचायत के लारा में झारखंड महिला उत्थान के संयुक्त तत्वधान में 21 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संस्था के सचिव नीलम बेसरा ने कहा कि आज झारखंड महिला उत्थान वर्षों से महिलाओं के लिए कार्य कर रहा है। यह संस्था जून माह वर्ष 2000 से जुड़कर लोगों को जागरूक करने का काम किया ।शुरूआत के समय में हर गांव,हर टोला से लोगों को एक समूह में जुड़कर लोगों को जागरूकता करने का काम किया ।शुरूआत दौर में कई बड़ी-बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा,इसके बावजूद यह संस्था क्षेत्र में शोषित,वंचित लोगों के बीच लगातार काम करने का काम करते आ रही है ।स्थापना दिवस के अवसर पर दर्जनो बृद्ध महिला-पुरुषों के बीच लूंगी,साड़ी व धोती का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी चन्द्रदेव कुमार शर्मा , रैयत विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष राम किशोर मुर्मू , सचिव मन्नू टुडू , समाजसेवी प्राण फिलिप बेसरा, विजय दास ,चरही पंचायत पूर्व उप मुखिया सुनीता देवी , संजीत कुमार , संजय रविदास ,प्रकाश बेसरा , भगिया देवी सहित कई महिला - पुरुष व बच्चे आदि शामिल थे।

### दारू प्रखंड में बनेगा 253 कुआं : बीडीओ

दारू । प्रखंड में बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन कार्यक्रम के तहत इस वितीय वर्ष में 253 कुआं का निर्माण किया जाएगा। बीडीओ सुशील कुमार राय ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 153 कुआं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है । कुआं बनाये जाने से किसानों की खेती करने में सिंचाई संबंधी समस्या दूर होगी। कुआं का निर्माण लक्ष्य के मुताबिक हो इसके लिए बीडीओ की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया गया है जिसमे कृषि पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,प्रखंड स्तरीय अभियंता को शामिल किया गया है।

### पदमा में राम परिवार प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



पदमा। थाना परिसर में दिन शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ शिव परिवार और राम परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्र के शुरू हुई। विभिन्न गांवों से 151महिला एवं कुमारी कन्याओ ने कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा थाना स्थित मंदिर से निकली और क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पदमा पंचायत स्थित केवटा नही पहुंची। यहां नदी के तट पर बनारस से आये पुरोहितों ने पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलशों में जल भरवाया और पुनः कलश यात्रा शुरू कराई। सभी कलश यात्री थाना परिसर यज्ञ स्थल पहुंच कर कलश स्थापित किया। यात्रा में पदमा जिप सदस्य बसन्त नारायण मेहता, नारायण यादव, सुबोध यादव, संदीप सिंह, रामानन्द गिरी, परमेश्वर मेहता, बाबूलाल यादव, शंकर यादव, खेमलाल साव, महेंद्र पांडेय, सतेंद्र राणा, अवध यादव, प्रभु मेहता, बिंजय मेहता, मुखिया अनिल मेहता, बिंजय मेहता, सबिता देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, सीताराम मेहता, पंस सदस्य कामेश्वर मेहता, सूरत मेहता, अशोक मेहता, समेत प्रखंड के कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### शादी में जा रहे लोगों के साथ डकैती

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू कैरो मार्ग पर सुकुरहुट्टू सतबहनी मंदिर के समीप जंगल के पास अपराधियों ने डकैती को अंजाम दिया। मामला शुक्रवार रात का है जब लोहरदगा जिप के देवर अवधेश उरांव और उनके मित्र जतरू उरांव शादी समारोह में सुकुरहुट्टू से कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरों नाम नगर जा रहे थे। तभी बाइक से तीन लोग उन्हें हथियार के दम पर रोक उनसे लूटपाट की। घटना के बाद अवधेश ने कुडू थाना को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को लूट के समान, एक बाइक और दो पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। छानबीन जारी है।

### मिशन लाइफ ने कराया फुटबॉल मैच



**लोहरदगा।** मिशन लाइफ के तहत नगर परिषद ने फुटबॉल मैच कराया। नदिया ग्राउंड में आयोजित फुटबॉल मैच नगर परिषद के ऑफिसर/कार्यालय कर्मी 52 सफाई कर्मी के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीम मैदानी मुकाबले में 3-3 गोल की बराबरी पर रहे। जिसके बाद पेनल्टी शूट हुआ, जिसमें 4-2 से कार्यालय कर्मी मैच को जीत लिया। कार्यालय कर्मी की ओर से सिटी मैनेजर विजय कुमार कैप्टन की भूमिका में थे। वहीं सफाई कर्मी की ओर से कैप्टन मनराज लोहरा थे। मौके पर सिटी मैनेजर अनिल उरांव, विक्रम यादव, शाहबाज आलम, अजय उरांव, मंटू उरांव, सुभाष पटनायक, वीरेंद्र भगत, आर्यन, सुधीर, शनिचरवा, फुलदेव व कई लोग भी थे।

### खोरा को प्लस टू का दर्जा देने की मांग

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के खोरा पंचायत के वार्ड पार्षद सत्यभामा देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला को ज्ञापन सौंपकर राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा को प्लस टू में उत्क्रमित करने की मांग की है। कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा में दूर-दूर से बच्चे पढ़ने आते हैं। मैट्रिक पास करने के बाद विद्यार्थी गुमला इंटर की शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। कई बच्चे आर्थिक तंगी के कारण मैट्रिक के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। ऐसी परिस्थिति को देख गरीब बच्चों की शिक्षा जारी रहे इसके लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा को प्लस टू में उत्क्रमित किया जाये। इसका इतिहास गौरवशाली है।

### प्राण प्रतिष्ठा का 13वां महोत्सव मना



**गुमला।** मुरली बगीचा स्थित श्री नारायणी श्याम मंदिर में श्री दादी जी के प्राण प्रतिष्ठा का 13वां महोत्सव धूमधाम से शनिवार को मना। मौके पर दादी जी के प्रतीकात्मक हाथों में मेहंदी लगा कर पूजन शुरू की गयी। जिसके बाद महिलाओं ने मंगल पाठ वाचन किया तथा ज्योत की। मौके पर महिलाओं ने दादी जी को चुनरी ओढ़ा कर अपने परिवार एवं समाज के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में आदित्य नर्सरिया, प्रमोद गाड़ोदिया, नटवर लाल अग्रवाल, पंकज साबू, मधु नर्सरिया, सत्यभामा देवी, अनु मालानी, नीता मालानी, कविता साबू, नेहा नर्सरिया, मनीषा अग्रवाल, विमला देवी आदि उपस्थित थे।

### लोक अदालत में आठ मामले निष्पादित



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में मासिक लोक अदालत लगायी। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय चंधरियावी ने कहा कि मासिक लोक अदालत से हर सुलहनीय मामलों के निष्पादन का यह सुनहरा अवसर होता है। इसमें बैंक लोन कर्ज माफी, बिजली भुगतान, इत्यादि से संबंधित, दीवानी एवं फौजदारी के सुलहनीय मामलों का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय की भी बचत होती है। साथ ही आपसी संबंध भी मधुर बने रहते हैं। डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक वादों का निपटारा करें। मासिक लोक अदालत में कुल 8 मामले निष्पादित किये गये। जिसमें बैंक लोन संबंधित 3 मामलों तथा बिजली से संबंधित 5 मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं 360540 रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, स्थायी लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, सहायक प्रकाश कुमार, संजीव बड़ा, आशा पूनम, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

### नामांकन के लिए चयन समिति की बैठक

**गुमला।** जिले के सभी 12 प्रखंडों में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 11 वीं के लिए नामांकन हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिसके संबंध में शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक हुई। जिसमें विद्यार्थियों के प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध वर्गवार सीट के नामांकन हेतु अनुसंशा के आधार पर सूची पर समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर उक्त सभी विद्यालयों में कुल 1785 रिक्त पदों के विरुद्ध 1540 विद्यार्थियों का अनुसंशा के आधार पर चयन किया गया। छात्राओं का अनुमोदन मुख्य रूप से विभिन्न आधारों पर किया गया है। जिसमें अनाथ, एकल अभिभावक, आदिम जनजाति, बी पी एल, गरीब एवं बाल कल्याण समिति जैसे अनुशंसा श्रेणी शामिल हैं। उक्त श्रेणी से कुल 86.27 प्रतिशत बच्चों का चयन किया गया एवं 26.05( संख्या 245 ) प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन अन्य श्रेणी से किया गया है। उपायुक्त के सख्त निर्देश के आलोक में चयन प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष की गयी। उपायुक्त ने इन सभी विद्यार्थियों के नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु 10 जुलाई तक का अंतिम समय दिया। उपायुक्त ने चयनित बच्चों का नाम विद्यालयों एवं सभी पंचायत भवनों के बाहर लगाने को कहा। उपायुक्त ने नये सत्र की शुरुआत में छात्राओं को फ्रेंडली माहौल उपलब्ध कराने, उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान रखने जैसे विषयों पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# आपसी एकता और भाईचारे के बीच पर्व मनायें : उपायुक्त

- बकरीद के मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव व उपस्थित अधिकारी।

**गुमला।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सूचना भवन के सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा समुचित व्यवहार का अनुपालन करते हुए पर्व मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के पर्व आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। उसी भाईचारगी का अनुसरण करना हम सबका कर्तव्य है। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के मौके पर जिले की सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों के आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद को दिया। उन्होंने अधिक भीड़-भाड़ वाली मस्जिदों के पास चलंत स्वास्थ्य उपचार वैन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया। 29 एवं 30 जून 2023 को ईद उल जुहा का नमाज अदा किया जायेगा जिसे देखते हुए उपायुक्त ने जिले भर में बिजली एवं पानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर को भी तैयार रखने की बात कही। पर्व के माहौल में बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिलेगी। जिसे देखते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित करने हेतु तैयारी करने को कहा। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह या अशांति का माहौल फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन ने अभी से नजर रखने का भी निर्देश दिया। ईद के मौके पर मांस आदि के अपशिष्ट पदार्थों को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने पर सख्त रूप से मनाही की गई। जिसपर शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में सभी मस्जिदों में इस बात के लिए विशेष ध्यान रखने हेतु अपील कर दी गई है। साथ ही शांति समिति के कुछ सदस्यों ने बताया कि इस हेतु स्थानीय स्तर पर लोग गड्ढे खोदकर उसमें भोज्य पदार्थों के अपशिष्टों को डालते हैं। शांति समिति की बैठक में आगामी पर्व के अलावा भी जिले के अन्य कुछ मुख्य समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें से प्रमुख समस्या युवकों द्वारा नशीले पदार्थों का अत्यधिक मात्रा में सेवन करना है। इस संबंध में उपायुक्त ने नशीले पदार्थों का वितरण करने वाले पूरे तंत्र की जांच करते हुए गोपनीय तरीके से इस पर कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**ये भी थे उपस्थित**

बैठक में आईटीडीए निदेशक, सदर एसडीओ, बसिया एसडीओ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद, अंचल अधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक गुमला, कई विभागों के कार्यपालक अभियंता, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# अब साथ खेलेंगे बाल संरक्षण और अन्य स्कूलों के स्कूली बच्चे

- बाल संरक्षण इकाई, नारी निकेतन, ओल्ड एज होम के संचालन व्यवस्था की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य।

**गुमला।** उपयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में एक समीक्षात्मक बैठक की गयी। उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में संचालित ओल्ड एज होम, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं नारी निकेतन के संचालन व्यवस्था के संबंध में भी समीक्षा की। बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत 4 संस्थान कार्यरत हैं। उपायुक्त ने एक एक कर सभी संस्थानों से उनके द्वारा बच्चों के मानसिक विकास के कार्यों के बारे में जानकारी ली। बच्चों को खेलने एवं उनके मानसिक विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की टीम को भेजते हुए गैप असेसमेंट कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बाल संरक्षण इकाई के बच्चों को अन्य विद्यालय के बच्चों से मिलवाने उनके साथ खेलने आदि की भी व्यवस्था करने की बात कही। जिन स्थानों पर बच्चों को रखा जाता है। वहां मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास करने हेतु भी कुछ खेल सामग्री उपलब्ध

- उपायुक्त ने पंचायत, ग्राम ,टोला आदि में जाकर डीसीपीओ की टीम को बाल विवाह , बाल मजदूरी, बाल तस्करी आदि जैसे मामलों पर नजर रखते हुए जिन क्षेत्रों में अधिक ऐसे मामले देखने को मिल रहें है उन स्थानों का वोल्नारेबल मैपिंग कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। ओल्ड एज होम अंतर्गत सभी बुजुर्गों को सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 के विषय में उन्हें अवगत करवाने का निर्देश दिया। उन्हें पेंशन इत्यादि से जोड़ते हुए उनका मासिक रूप से एक आय स्त्रोत बनाने की बात कही।

# किस्को और कुडू की योजना के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में प्रखंड किस्को एवं कुडू की ओर प्राप्त प्रस्तावों के पारित कराने हेतु एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम किस्को प्रखंड की ओर तीन योजनाओं के प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें किस्को प्रखंड मुख्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए 50 बेड का छात्रावास निर्माण, किस्को प्रखंड के ग्राम नवाडीह स्थित मदरसा में अतिरिक्त कमरा एवं चहारदीवारी का निर्माण और प्रखंड मुख्यालय में कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर अधिष्ठापन की योजनाएं शामिल हैं।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी व उपस्थित अन्य लोग।

**कार्यक्रम की खास बातें :** कुडू प्रखंड की ओर से प्रस्तावित चार योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें प्रखंड मुख्यालय में हैंडलूम उत्पादन ईकाई एवं प्रशिक्षण केंद्र का अधिष्ठापन, कबाड़ का कारखाना और अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, मोमबत्ती का कुटीर उद्योग और दो सौ बेड का आवासीय मदरसा निर्माण कार्य की योजना शामिल है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को एवं कुडू समेत अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### जिले की 11,093 छात्राओं के बीच बंटेगी साइकिल



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत साईकिल वितरण योजना की बैठक हुई और सर्वसम्मति से साईकिल वितरण हेतु नामांकित छात्रों की संख्या को स्वीकृति दी गयी। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 में सभी सरकारी विद्यालयों के वर्ग-08 में अध्ययनरत कुल 5379 और वर्ष 2022-23 में सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग-10 में नामांकित कुल 5714 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## घाघरा : ट्रक और बाइक की सीधी भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चाहत होटल के समीप ट्रक व मोटरसाइकिल के आमने सामने की भिड़ंत में शुक्रवार की देर रात दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा लैस टोली निवासी रविंद्र उरांव व सुरेश उरांव के रूप में की गई है। जबकि घायल राजकुमार उरांव भी उसी गांव का है। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रविंद्र उरांव, सुरेश उरांव व राजकुमार उरांव एक बाईक से हालमाटी से गमी कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में चाहत होटल के पास बाईक व ट्रक में भिडंत हो गई। जिसमें एक की मौत घटनास्थल पर जबकि एक की अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे।

## लोहरदगा : सड़क दुर्घटना में दो बाइक के चार सवार घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप देर शाम दो बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये सभी घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। घायल की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी राजेंद्र साहू के पुत्र निकेश, बुधमन उरांव के पुत्र छटू, किस्को थाना क्षेत्र के जोरी सहेदा निवासी नीरज साहू तथा सेन्हा के अहद अंसारी के पुत्र जाउल के रूप में हुई। बता दें कि निकेश साहू तथा छटू उरांव का प्राथमिक उपचार सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। जबकि जाउल अंसारी एवं नीरज साहू को निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना की सूचना पर गस्ती दल घटनास्थल पहुंच क्षतिग्रस्त बाइक जब्त कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### गड्ढे खोदे जाने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी



**गुमला।** पलमा से गुमला तक चल रहे सड़क चौडीकरण के दौरान जगह-जगह गड्ढा खोद सड़क निर्माण में लगी कंपनी आरकेडी ने छोड़ दिया है। जिससे बारिश होते ही इनमें जल जमाव हो जा रहा है। वहीं सड़क भी कीचड़ में तब्दील हो गयी है। जिससे कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को हो रही है। घर से मुख्य सड़क आते-आते उनका यूनिफार्म गंदा हो जा रहा है। वहीं जूते भींगकर गीले हो जा रहे हैं। यही हाल खोरा पंचायत भवन जाने में ग्रामीणों को हो रही है। वहीं सड़क के किनारे गड्ढों में जल जमाव हो गया है। पंचायत भवन पहुंचने में ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

## एसपी ने चैनपुर थाना में की अभिलेख-संचिका की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने शनिवार को चैनपुर थाना का निरीक्षण कियाा। इस क्रम में थाना सिरिस्ता में उपलब्ध तख्ती, गुंडा, लूट गिरोह, डकैती, दागी पंजी, सीडी पार्ट- 1, 2, 3, उग्रवाद, खतियान, अल्फाबेटिकल, एमओ इंडेक्स प्राप्ति-निर्गत पंजी इत्यादि अभिलेखों व संचिकाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में उपर्युक्त सभी संचिकाओं को अद्यतन करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया। चैनपुर थानांतर्गत सभी पंचायत भवनों पर रक्षक बीट सिस्टम लगाकर निगरानी रखने तथा थाना क्षेत्र के जेल से बाहर आये अपराधियों की थाना हाजरी, डोसियर एवं निगरानी पंजी में अंकित व्यक्तियों पर क्यूआर कोड व रक्षक ई बीट पुलिसिंग के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

### बाइक से गिर कर घायल हुए व्यक्ति की हालत बिगड़ी

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के टिंगटांगर रोड में शुक्रवार को बाइक से गिर कर घायल हुए कुलाही निवासी विजय मांझी (46) की बिगड़ती स्थिति को देख चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विजय मांझी अपने ससुराल हरा पतराटोली से अपने घर कुलाही जा रहा था। इसी क्रम में टिंगटांगर रोड के समीप बाइक से गिर कर घायल हो गया था। जिसे राहगीरों की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

## लोहरदगा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपती घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा ठाकुरबाड़ी के समीप बाइक जेएच 08 ई 9434 अनियंत्रित हो गिर गयी जिससे पति पत्नी घायल हो गये। ग्रामीण व पुलिस की मदद से उन्हें सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सदर अस्पताल लोहरदगा भेज गया। घायल पति पत्नी की पहचान कुडू थाना अंतर्गत जिंगी के अर्जुन साहू (55) तथा पत्नी प्रमिला देवी (50) के रूप में हुई। अर्जुन ने बताया कि गुमला से अपने घर जिंगी जा रहे थे। इसी बीच सेन्हा में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाली के ऊंचा घेरा में कुछ दूर से रगड़ाते हुए अनियंत्रित हो बाइक गिर गयी। जिससे प्रमिला के सिर और बायें हाथ में गंभीर चोटें लगी हैं। जबकि अर्जुन को हल्की चोटें हैं। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर सअनि बिरेंद्र बाखला दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच घायल को अस्पताल भेजा।

### आयुष चिकित्सा से रोग मुक्त होंगे गांव : राहुल कुमार



**लोहरदगा।** जिले के सभी 16 आयुष हेल्थ और वैलनेस सेंटर बेहतर काम कर रहे हैं। इनकी संख्या बढ़ायी जायेगी। आयुष चिकित्सा और योग के जरिए रोग मुक्त गांवों का निर्माण करना लक्ष्य है। उक्त बातें राष्ट्रीय आयुष मिशन के राज्य नोडल अधिकारी राहुल कुमार ने लोहरदगा के आयुष चिकित्सा केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद कहीं। आने वाले समय में आयुष और योग लोगों के जीवन को निरोग करेगा और गुणवत्ता सुधारेगा। इन्होंने सभी आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों के साथ बैठक की। सेंटर पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और समस्याओं को सूचीबद्ध किया। राहुल ने बताया कि सभी आयुष केंद्रों में डॉक्टर उपलब्ध हैं।

## गिरिवर शिशु सदन में मना शून्य छाया दिवस, बैद्यनाथ मिश्र बोले

# जीरो शैडो डे से सरलतापूर्वक ज्ञात की जा सकती है पृथ्वी की परिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** विज्ञान -प्रसार (भारत सरकार) से संबंध संस्था भास्कर एस्ट्रो एसोसिएशन एवं भारती-विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में शनिवार को लोहरदगा का जीरो शैडो डे (शून्य छाया दिवस) का आयोजन किया गया। शनिवार होने के कारण विद्यालय के छात्र छात्राओं को 10:30 छुट्टी कर दी गयी थी। अतः शून्य छाया दिवस का आयोजन विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। विद्यालय की प्राचार्य जयमंती कुमारी ने विषय प्रवेश और परिचय से कार्यक्रम प्रारंभ हुओ इसके बाद एसोसिएशन के सचिव वैद्यनाथ मिश्र ने शिक्षकों को बताया कि जिस दिन जिन स्थानों का शून्य छाया दिवस होता है, उस दिन उन स्थानों पर ठीक दोपहर में कोई सीधी अर्थात पृथ्वी से लंबवत् वस्तु की छाया नहीं बनती। अलग-अलग स्थानों का शून्य छाया दिवस अलग-अलग दिन होता है। यह वर्ष में 2 दिन होता है। जब सूर्य उत्तरायण में रहता है तथा जब सूर्य दक्षिणायन में होता है। सूर्य जब दक्षिणायन में होता है तब 24-25 जून को उन सभी स्थानों का शून्य छाया दिवस होता है, जिनका अक्षांश 23 डिग्री 24 मिनट उत्तर है।

- शून्य छाया दिवस उन्हीं स्थानों पर होता है जिनका अक्षांश अक्षांश 23 डिग्री 26 मिनट से कम हो 23 डिग्री 26 मिनट से अधिक अक्षांश वाले स्थानों का कभी भी शून्य छाया दिवस अवसर प्राप्त नहीं होता अर्थात ठीक दोपहर में कोई वस्तु की छाया कुछ न कुछ अवश्य बनती है। विद्यालय में इसके लिए विभिन्न वस्तुएं रखी गयी थी और उन्हें दोपहर 11:30 बजे से देखा जा रहा था, उस समय वस्तु की कुछ आया दिखाई पड रही थी।

# ट्रक मालिकों का शोषण अब किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं : संदीप गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय पतराटोली बिजली ऑफिस के नजदीक न्यू पठारी झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन की एक अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संदीप कुमार गुप्ता ने की।मौके पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रुप से हिंडालको कंपनी द्वारा अचानक गुरदारी माइंस को बंद कर दिया गया। वक्ताओं ने कहा अब गुरदरी माइंस में फोर्टनाइट में मात्र दो से तीन ट्रिप गाड़ियों को मिल रहा है। जिस कारण गाड़ी का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन ऑनर कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं। पुराने एसोसिएशन किसी भी प्रकार का कंपनी के पास बात नहीं उठाते हैं।



बैठक को संबोधित करते संदीप गुप्ता।

**खास बातें :** वक्ताओं ने कहा कि पुराने एसोसिएशन ऑनर एसोसिएशन नहीं होकर हिंडालको के हित बनकर रह गया है। जिससे ऑनर लोग में भारी रोष है। सभी ने एक स्वर से कहा ओनर एसोसिएशन के संरक्षक राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी देंगे। न्यू पठारी झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन मांग करती है कि ऑनर लोगों का समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी। साथ ही इसे लेकर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू से अनुमति के उपरांत आगे की रूपरेखा तय की जायेगी। बैठक में महासचिव आनंद कुमार, सचिव मुख्तार अंसारी, संतोष साहू, अवधेश मित्तल, मजीद अंसारी, तस्लीम खान, सरवर हक, अजय कुमार, मो रिजवान, मुमताज आलम, अमताभ अंसारी, रमेश यादव, पप्पू लाल, मोनू कुमार, एन कुजूर, बबलू खान, संजय श्रीवास्तव,तबरेज अंसारी, संदेश कुमार, राम मोहन साहू सहित चंदवा, आदर, बिशनपुर, लोहरदगा के कई ट्रक ऑनर उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए आत्मचिंतन करें शिक्षकः बीपीओ

**कोडरमा।** बीपीओ राधा सिंह ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए शिक्षक खुद में आत्मचिंतन कर बेहतर शिक्षा व माहौल उत्पन्न करें, ताकि बच्चे प्रतिदिन स्कूल आये। बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताएं और विद्यालय के पोषक क्षेत्र में 5 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चो को नजदीक के विद्यालय में नामांकन कराने का आग्रह उपस्थित जन प्रतिनिधियों व शिक्षकों से किया। मौके पर प्रवीण वर्मा, विकाश रवानी, सुजीत कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार के आलावे सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

### अवैध ब्लू स्टोन लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाराबाद के समीप अवैध ब्लू स्टोन लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया। वहीं ट्रैक्टर चालक बसधरवा निवास बिरेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि सूचना मिली थी बेकोबार के रास्ते चरकी पहाड़ी की ओर लेजाया जा रहा था, जिसके बाद लाराबाद के समीप ट्रैक्टर को रोक कर उक्त वाहन को थाना लाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में 73 बोरा पत्थर लोड था, जो बसधरवा निवासी गोविंद यादव के घर से लोड किया गया था। जिसको चरकी पहाड़ी बंझेडीह से ट्रक में लोडकर राजस्थान ले जाया जाता। वहीं इन पत्थर की कीमत लगभग 5 लाख रुपया आंकी गयी है। ज्ञात हो कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा के समीप जंगल क्षेत्र में ब्लू स्टोन के दर्जनों अवैध माइंस संचालित था। जिसको पिछले दिनों ध्वस्त किया गया था।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियार पंचायत के पिपरा कोनी हदहदवा नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव की सूचना थाना प्रभारी आनंद कुमार साह को मिला। वहीं सूचना पाकर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी द्वारा छानबीन के बाद पता चला कि मृतक 32 वर्षीय वसंत राजवंशी पिता बच्चू राजवंशी ग्राम एटमा थाना अकबरपुर, जिला नवादा बिहार निवासी है। वहीं वर्तमान में ग्राम चटकरी थाना रजौली जिला नवादा बिहार में रह रहा था। वहीं मृतक वसंत राजवंशी के घर वालों के द्वारा शुक्रवार को रजौली थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। मौके पर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, एसआई, अशोक कुमार, पुलिस बल के जवान आदि मौजूद थे।

### बारात के दौरान दूल्हे की बुआ की मौत

**सतगांवा (कोडरमा)।** प्रखण्ड अंतर्गत मरचोई में एक युवक के बारात की तैयारी के दौरान उसकी बुआ को अचानक हार्ट अटैक हो गया और उसकी मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 65 वर्षीय नविता देवी गांव शीशमा जिला नवादा निवासी के रूप में की गयी। बताते चलें कि संजय सिंह के पुत्र अमित कुमार की बारात रांची जाने की तैयारी की जा रही थी, सभी बारात की तैयारी में लगे थे एवं दूल्हे को शादी का पोशाक पहनाया जा रहा था। इसी दौरान दूल्हे की बुआ को अचानक हार्ट अटैक आ गया और वह नीचे गिर गयी। ततपश्चात घरवाले नवादा जिले के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### वज्रपात से दो पशु की मौत



**धुरकी।** थाना क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत अंतर्गत दो किसान भाइयों के वज्रपात की चपेट मे आने से एक-एक बैल की मौत शनिवार को हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह ने दोनो किसान भाइयों के घर पहुंचकर हर संभव सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद करने के लिए आश्वासन दिया।

मंत्री पहुंचे जनता के द्वार, गांव गांव पहुंचकर सुनी जन समस्या, किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

# क्षेत्र में कोई भी कार्य नहीं रहेगा अधूरा अपने वादे को कर रहा हूं पूरा : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जनता के द्वार पर पहुंचे। मंत्री ने शनिवार को मेराल प्रखंड के चेचारिया पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारी रमेश पांडेय के विरुद्ध जमकर शिकायत की। मंत्री ने अविलंब कर्मचारी को हटाने का निर्देश दिया।

मंत्री ठाकुर मेराल प्रखंड के अंतर्गत चेचरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बाजूडीह, ग्राम बोकेया में लगन ठाकुर के घर के समीप, उमवि खोलरा , शिव मंदिर परिसर , अटौला, पंचायत भवन चेचरिया तथा ग्राम छपरवार खुर्द में

**ग्रामीणों की शिकायत पर कर्मचारी को हटाने का निर्देश**



ग्रामीणों की समस्या सुनते मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर जनता से रूबरू हुए। मंत्री ने जनसमस्याओं को सुना एवं ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल की समस्या सुनाई। मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल खराब पड़े चापाकल व जल मीनार मीनार दुरुस्त कराते हुए चार दिनों के अंदर जलापूर्ति प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कई स्थानों पर छठ घाट, चबूतरा, नाली, अनाथ पेंशन, प्रजापति टोला पर मिट्टी-मोरम पथ निर्माण, राप्रावि बाजुडीह में शौचालय, मंदिर के समीप नाली निर्माण, प्रावि बोकेया में पेयजल की समस्या आदि से ग्रामीणों ने मंत्री को रु-ब-रू कराया। चेचरिया में अर्चना देवी ने अपने पति के हत्यारों के खिलाफ ढाई साल बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कराते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को तत्काल इन सभी समस्याओं के निदान का निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब क्षेत्र में कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। मैंने जो वादा किया था उसे एक-एक कर पूरा कर रहा हूं। क्षेत्र में बड़ी से लेकर छोटी सभी विकास कार्यों को किया जा रहा है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति राशन, पेंशन से वंचित नहीं रहेगा। मंत्री ने कहा कि हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है। बहुत जल्द सभी घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि अब तक पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर उन्हें उछलने का काम किया है। मंत्री ठाकुर ने कहा कि वे जन भावनाओं के साथ खेलने का नहीं बल्कि जन समस्याओं को दूर करने का कार्य करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जेई सिकंदर कुमार, बीडीओ रामप्रवेश साव, सीओ निकिता बाला, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मुनेश्वर ठाकुर, अशोक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पाल, ऋषि पाल, अयोध्या पाल धनवंत पाल, सत्यदेव सिंह, लाल बिहारी प्रजापति, अशोक प्रजापति, मोहन राम, मंगर राम, दिलीप सिंह, गुना प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ सब स्टेशन पर हंगामा



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम इलाकों में बिजली विभाग के पदाधिकारियों की मनमानी रवैया के कारण बिजली उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को लेकर ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने विद्युत सबस्टेशन में जमकर हंगामा किया। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं का नेतृत्व कर रहे मारुत नंदन सोनी ने कनीय अभियंता कमल कुमार से बिजली से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के ज्यादातर वार्डों में बिजली का तार, पोल, ट्रांसफार्मर, जर्जर तार की बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उपरोक्त समस्याओं को तत्काल निष्पादन नहीं किया गया तो बिजली विभाग के खिलाफ मझिआंव विद्युत सबस्टेशन के साथ ही जिला ऑफिस में भी ताला बंद किया जाएगा। हंगामा करने वालों में मुकेश मेहता, गोरख राम, विनय जायसवाल, धर्मेंद्र पांडेय, सुखारी मियां, अशमेर चौबे, मंटू तिवारी, सहित काफी संख्या में बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## किसानों को मडुवा की खेती व पौधरोपण के लिए करें प्रोत्साहितः उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग, एचडीएफसी सीएसआर समर्थित ग्रांट थॉर्टन भारत, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, नाबार्ड, सीट्रान, केवीके, जलछाजन विभाग तथा जिले के सभी एफपीओ के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें पिछले बैठक में लिए गए निर्णय और कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं उपायुक्त ने मडुआ का बीज को ब्लॉक चेन के माध्यम से एफपीओ तथा कृषि विभाग के द्वारा वितरण कराने का निर्देश दिये। साथ ही मडुआ के प्रसंस्करण के लिए विस्तृत प्राकलन तैयार कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया, ताकि इस को जल्द से जल्द उत्पादन में लाया जा सके। उपायुक्त ने अधिक से अधिक किसानों को मडुवा की खेती के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में कुल 25 सौ एकड़ की मडुआ की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह, जेएसएलपीएस से डीपीएम जेवियर इक्का, उद्योग विभाग से प्रबंधक राजीव कुमार सिंह एवं सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, केवीके से चंचला, इंटर्न आराधना, जीटी भारत से मो. हारून, सिद्धांत कुमार, अंबर भारद्वाज, नाबार्ड, सीट्रान समर्थित एफपीओ के कर्मचारी एवं सदस्य, जलछाजन विभाग के कर्मचारी शामिल थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में शनिवार को एसडीओ संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई जिसमें एसडीओ ने क्रमवार सभी क्षेत्रों के थाना प्रभारियों एवं बीडीओ, सीओ से उनके-उनके प्रखंड के संवेदनशील क्षेत्रों की समीक्षा की। वहीं थाना एवं प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई या नहीं पूछा गया। जिस पर सभी संबंधित पदाधिकारियों ने शांति समिति की बैठक समाज के सभी वर्गों, पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मिश्रित जनसंख्या है, इसकी जानकारी क्रमवार ली तथा पूर्व में हुए विवाद आदि के संबंध में पूछा, साथ ही उन स्थानों पर विशेष चैकसी बरतने को कहा गया। वहीं उन्होंने ने कहा कि सभी बीडीओ, सीओ-थाना प्रभारी नमाज स्थल एवं कुबार्नी तथा अन्य कार्यक्रमों में सौहार्द बना रहे इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी मस्जिदों के सचिवों से संपर्क में रहेंगे। जरूरतनुसार पुलिस बलों को प्रतिनियुक्त करेंगे, नियमित पुलिस पेट्रोलिंग भी करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने वाट्सएप एवं सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर सक्रिय रहने एवं उनकी निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से बहुत जल्द बड़े पैमाने पर अफवाह फैल सकता है तथा समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बिगड़ सकता है। इसलिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। मौके पर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य मौजूद उपस्थित थे।

## साप्ताहिक बाजार का शुभारम्भ

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जामु उत्क्रमित उच्च विद्यालय के समीप शनिवार को साप्ताहिक बाजार का शुभारम्भ जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रमुख विजय कुमार सिंह, गांडेय विधान सभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। वहीं उन्होंने कहा यहां हर सप्ताह शनिवार को बाजार लगाया जाएगा। वहीं मुख्य अतिथियों ने साप्ताहिक बाजार खुलने पर गांव वालों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में बाजार हाट खुल जाने से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी और स्वरोजगार सृजन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पंचायत के लोगों को हर छोटी से छोटी सामग्री के लिए दूर जाना पड़ता था, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों के साथ साथ अनावश्यक खर्चों का भी सामना करना पड़ता था। सप्ताहिक बाजार हाट का आरंभ होने से गांव का पैसा गांव में ही रहेगा और ग्रामीणों को अनावश्यक खर्च से भी राहत मिलेगी। इस मौके पर बाजार समिति जामु के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कैलाश यादव, चन्द्रिका प्रसाद, मो खलील, तौकीर आलम, दिवाकर तिवारी, प्रकाश कुमार शाहा, रविशंकर कुमार, जितेंद्र कुमार शाहा, बीरेंद्र राणा, विश्वनाथ साव, अशोक कुमार यादव, भरत कुमार, आलोक दास, जगमोहन राणा, विद्यानन्द कश्यप, मनोज कुमार समेत बाजार समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी में मुखिया ने किया पोशाक वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तेतरोन पंचायत के मतौनी मुस्लिम टोला मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 166 में शनिवार को मुखिया आशा देवी ने बच्चों के बीच पोशाक, जूता, कॉपी अन्य समानों का वितरण किया गया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को बच्चों के शिक्षा के प्रति ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर सेविका फजीला परवीन, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र दास आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ ने पुलिस भेजकर घर निर्माण कार्य को रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर 3 के ब्लॉक रोड के बींद टोला में बनाए जा रहे घर निर्माण कार्य को सीओ के द्वारा पुलिस भेजकर शनिवार को रोक लगा दिया गया। जानकारी देते हुए सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उक्त स्थल पर ललित राम के द्वारा खाता संख्या 220 प्लॉट नंबर 91, 92, 93, एवं 94 में रकबा 8 डीसमिल मे घर बनाया जा रहा था,



जिसे पीछे बसे हुए बींद समुदाय के लोगों के द्वारा यह कहते हुए की लगभग 60 साल से पूर्व से ही लगभग 3 फीट की रास्ता हम लोगों को आने जाने के लिए था, जिसे ललित राम के द्वारा बंद करते हुए घर बनाया जा रहा है, हमलोगों का बाहर निकाली के लिए वही एक मात्र रास्ता है, उसे भी ललित राम के द्वारा घर बनाकर उसे बंद किया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत कई बार अंचल पदाधिकारी को देकर न्याय की गुहार लगाई थी। फिर शनिवार को भी घर बनाते समय इसकी सूचना सीओ को दी। पुलिस के द्वारा सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि घर निर्माण कार्य सीमांकन होने तक पूर्ण रुप से बंद रहेगा। इधर इस संबंध मे घर बना रहे ललीत राम का कहना है कि वे अपने रैयती जमीन में घर बना रहे हैं। जबकि बगल में स्थित राम बिलाश प्रसाद का कहना है कि वे पूर्व से ही डेढ़ फीट जमीन रास्ता के लिए छोड़े थे तथा लगभग तीन फीट रास्ता पूर्व से ही चला आ रहा है, सब मिलाकर लगभग साढ़े चार फीट रास्ता था।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के उद्घाटन पर राजनीति तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल में बना 58 करोड़ के लागत से राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन शुक्रवार को वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव द्वारा बिना मंत्री, भवन, शिक्षा विभाग के किया गया, जिससे अनेकों सवाल विपक्ष खड़े कर रहे हैं और अपनी अपनी प्रतिक्रिया दें रहे। वहीं पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि गोहाल स्थित



पॉलिटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन पूर्ण रूप से असंवैधानिक और अनैतिक पूर्ण है, उद्घाटन के समय शिक्षा विभाग के अधिकारी, भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी और संवेदक का नहीं होना अपने आप में एक सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यह भी जानकारी है कि संवेदक के द्वारा भवन निर्माण विभाग को सौंपा नहीं है और विधायक अमित कुमार यादव आनन-फानन में उद्घाटन कर दिया है। वहीं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि पॉलीटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन आपाधापी में वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव द्वारा किया गया जब विभाग के लोग ही नहीं तो उद्घाटन किस चीज का। अगर प्रखंड स्तर के भी कोई शिक्षा विभाग के अधिकारी होते तो समझ में आता की कोई तो है, मगर विधायक श्रेय लेने के लिए शुक्रवार को जल्दबाजी में बिना भवन का गेट खोले उद्घाटन किए जो कि सिर्फ जनता को भ्रमित करने का काम किया है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित समाजसेवी राम कुमार ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जयनगर प्रखंडवासियों व बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज की उद्घाटन वर्तमान विधायक व पूर्व विधायक की आपसी लड़ाई के बीच हुआ, शिक्षा विभाग के किसी भी पदाधिकारी के अनुपस्थिति में होती है जो किसी भी प्रकार से आम जनता के भलाई के लिए नजर नहीं आ रही है और यह उद्घाटन सिर्फ दिखावे की है।

## एक नजर में

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत कलाली रोड गैस गोदाम गली नंबर 2 निवासी दिलीप राम की 22 वर्षीय पुत्री अंजनी कुमारी जो जेजे कॉलेज की सेकंड ईयर की छात्रा थी। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार दिलीप राम अपने परिवार के साथ वीरेंद्र मोदी के मकान में किराए पर रह रहे थे। वहीं शनिवार को करीब 11 बजे आसपास के लोगों को पता चला कि युवती ने कमरा में बंद होकर फांसी लगा ली है। वहीं आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाल कर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में तिलैया पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं छानबीन में जुट गई। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मौत के कारणों का पता नहीं चला सका है और ना परिजनों ने थाने किसी प्रकार का आवेदन दिया है।

### 13 सूत्री मांगों को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम आज

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में रविवार को हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गोहाल, जयनगर, कोडरमा और डिग्री कॉलेज सूर्यकुण्ड, बरकट्ठा हजारीबाग में आने वाले सत्र से पठन-पाठन शुरू हो। वहीं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हो। एनएच2 एवं पीडब्ल्यूडी पथ निर्माण में दी गई भूमि मुआवजा का शीघ्र भुगतान करो, रेल घेराबंदी समेत रेल से जुड़ी समस्याओं का निदान हो, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने समेत 13 सूत्री मांगों को लेकर रविवार को 9 बजे सुबह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल में रखा गया है। जिसमें सभी हल्ला बोल कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में पहुंचे एवं अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की लड़ाई के साथ एवं सहयोग करने की अपील पूर्व विधायक जानकी यादव ने किया।

### शीघ्र होगा गढ़वा बाईपास का कार्य पूर्ण : सांसद



**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआइए) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव एवं झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से रांची में मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने गढ़वा बाईपास फोरलेन सड़क के अधूरे फ्लाईओवर के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। इस मांग पर उपरोक्त दोनों पदाधिकारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण 24 घंटे बिजली गुल



**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सदर गांव धुरकी में शुक्रवार को हुई तेज आंधी और बारिश में 100 केवी के लगे ट्रांसफार्मर से धुवां निकल गया। जिससे कपूरी चौक की स्थित बिजली उपभोक्ता अंधेरे में रहने को विवश हो गए। बताते चलें कि धुरकी प्रखंड मुख्यालय कपूरी चौक स्थित 100 केवी के ट्रांसफार्मर पर निर्भर बैंक ब्लॉक हॉस्पिटल तथा दुकानदारों आटा चक्की चलाने वाले दुकानदार निर्भर हैं। जिससे काफी लोड बढ़ जाती है। सभी उपभोक्ता ने रोष पूर्ण प्रदर्शन करते हुए कहा कि महीने के आखिरी तारीख को हम सभी बिजली उपभोक्ता बिजली भुगतान करते हैं। सभी ने यह भी बताया कि राजस्व की वसूली बिजली विभाग द्वारा कर ली जाती है लेकिन समय पर बिजली नहीं मिल पा ना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कुमार से संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सभी ने अविलंब 200 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मौके पर राजेंद्र चंद्रवंशी, फैयाज आलम, चंदन सोनी, रियासत अली, मोफीद खान, रबानी अंसारी, नगीना विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, शंकर कोरवा धनंजय सिंह, गोपी सिंह, मुस्तफा अहमद, ललन चंद्रवंशी, ओमप्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

### दशम एवं द्वादश के टॉप टेन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद में संचालित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को वर्ग दशम एवं द्वादश के मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में टॉप टेन लाने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं सम्मान समारोह की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह व संचालन शिक्षक पंकज कुमार ने किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है, जिसमें ब्यूटी कुमारी, अंकित राय, पिंकी कुमारी, मुस्कान सिंह, नीतू कुमारी, आंचल कुमारी, संतोष कुमार, सतीश यादव, पूनम कुमारी, संजय यादव, प्रिंस कुमार, प्रीति कुमारी, रेखा कुमारी आदि विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मनोज पांडे ने सभी अभिभावक से अपील किया की बच्चो को विद्यालय जरूर भेजे। मौके पर नकुल देव शर्मा, उपाध्यक्ष बबीता देवी, वीरेंद्र कुमार आलोक कुमार चैबे, शशि भूषण रजक, योगेश कुमार, अंशुमन कुमार राजेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद थे।

### दो आरा मशीनों को वन विभाग ने किया जब्त

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के टोला बिडंडा में संचालित दो आरा मशीन को वन विभाग टीम के द्वारा शनिवार को सुबह में जब्त कर लिया। इस दौरान भारी मात्रा में लकड़ी के बड़े बड़े बोटे भी जप्त किये गए हैं। प्रशिक्षु डीएफओ एबीन बेनी अब्राहम के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा यह छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें नन्द केश्वर शर्मा एवं सुरेन्द्र शर्मा का आरा मशीन, हेवी जेनरेटर एवं लकड़ियाँ जप्त की गई है। बताया जाता है कि कई वर्षों से चल रहे इस आरा मशीन के जप्त होने पर स्थानीय लोग व खुद आरा मशीन के संचालक काफी आश्चर्य में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन आरा मशीनों के संचालकों के पास हमेशा ही वन विभाग के निचले स्तर के कर्मचारी आते जाते रहते थे। जिसके कारण आरा मशीन संचालक निर्भय होकर आस पास के क्षेत्र की लकड़ियों को चीरते थे। जिनमें कुछ लोग वनों से चोरी कर लकड़ियां लाते थे और उसे आरा मशीन में चिरवाकर बेंचने के धंधे में लगे हुए थे। छापेमारी अभियान में प्रशिक्षु डीएफओ एबीन बेनी अब्राहम के अलावे फोरेस्टर ओम प्रकाश, निशांत कुमार पप्पू, सुनील राय, राहुल कुमार सिंह, कुंदन कुमार, हेमंत कुमार, दया शंकर सिंह, अनूप सिंह, अभिषेक कुमार, हीरालाल पासवान आदि शामिल थे।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक संघ एवं जिला कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में रामासाहु इंडोर स्टेडियम स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि कुश्ती खेल गढ़वा जिले का एक महत्वपूर्ण खेल है और यहां के पहलवान राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाकर गढ़वा का ब्रांडिंग करते हैं। हमारी कोशिश होगी कि गढ़वा के पहलवानों को जिम्नेशियम की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं जिससे की इनको आगे की तैयारी करने में और सुविधा प्राप्त होगी। कुश्ती प्रतियोगिता के बालक वर्ग के 41 केजी भार वर्ग में राजा यादव ने प्रथम, प्रिंस कुमार ने द्वितीय, 52 केजी भार वर्ग में अभय कुमार ने प्रथम, आयुष कुमार सिंह ने द्वितीय, 57 केजी भार वर्ग में प्रदीप उराव ने प्रथम, सूरज उराव ने द्वितीय, 62 केजी भार वर्ग में पवन कुमार ने प्रथम, धीरज कुमार ने द्वितीय, अभिजित कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## स्पीड न्यूज

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ कोमर मोड़ के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल से गिर कर मोहम्मद मुजाहिद 28 वर्ष पिता मोहम्मद अम्रुल्लाह ग्राम बालूमाथ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से मोहम्मद मुजाहिद को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद मुजाहिद अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था और असंतुलित होकर गिर गया।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तहत दी गई जानकारी

**महुआडांड़।** मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अमरेग डांग सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय छात्रों को वोटर हेल्प लाइन ऐप्प के द्वारा प्रपत्र प्रविष्टि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इधर आवासीय विद्यालय द्वारा छात्रों को सीएमए ऐप्प,बीएलओ ऐप्प, फॉर्म 6, 6बी, 7, 8 आधार लिंक करने की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर, शिक्षक छात्र उपस्थित थे।

### एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर ठगी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के ईचाक ग्राम निवासी पंकज कुमार से एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर 15,000/- रुपये ठगी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पंकज कुमार पिता स्व. मनोज साव ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है की शनिवार को उसके मोबाइल पर एक नंबर 8249378203 से कॉल आया और बोला कि मैं एयरटेल पेमेंट बैंक से बोल रहा हूं और कहा कि तुम्हारा ऐप को अपडेट करना होगा। नहीं तो एयरटेल पेमेंट बंद हो जाएगा। उसके बाद सायबर अपराधी ने पंकज कुमार के मोबाइल नम्बर पर एक ओटीपी भेजा। जिस ओटीपी को पंकज ने जैसे ही बताया। उसी समय खाता से 15000/- कट गया। खाता में मात्र तीन रुपया शेष रह गया। वहीं बालूमाथ पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

### मृतक के परिजनों को भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया सहयोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भगिया पंचायत के पंडरिया ग्राम में दस दिन पूर्व डैम में मछली मारने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक रविंद्र उराँव के घर जाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने सहयोग के रूप में 50 किलो चावल एवं 1500 नगद राशि दिया। मौके पर बोलते हुए लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की मानवता की सेवा करना चाहिए आगे जब भी इस परिवार को मदद की जरूरत होगी तो वे सहयोग करेंगे। मौके पर अनूप वर्मा, सुरेश महतो, ईश्वरी माता, मो. अमानुल्ला, सतार मिया, जगन्नाथ यादव, नरेश यादव, सुरेंद्र उरांव, सुखदेव यादव, सुरेंद्र उरांव, दिनेश प्रसाद, कैलाश राणा, जागे उरांव, लक्ष्मीकांत महतो, सत्तार अंसारी, कयूम अंसारी, राजेश महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चोरहा पंचायत में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



विदाई देते लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत के रोजगार सेवक मुनेश्वर सिंह का बिदाई समारोह का आयोजन शनिवार को पंचायत सचिवालय चोरहा में किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम ने अंग वस्त्र एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि रोजगार सेवक श्री सिंह काफी लंबे समय तक चोरहा पंचायत में योगदान दिये। इनका कार्य हमेशा से सराहनीय रहा है। इनके कार्यकाल में पंचायत के ग्रामीणों को कोई शिकायत नहीं हुआ है। ऐसे पदाधिकारी को यहां से जाना काफी निराशजनक है। इस मौके पर बीपीओ बिजय कुमार पासवान, बड़ाबाबु अलफ्रेड ब्रिजिया, प्रमुख अमीता देवी, उपप्रमुख सुनिल रांव, पंचायत सेवक जितेन्द्र पाठक, सांसद प्रतिनिधि सुनिल प्रसाद, मुखिया अंकिता देवी, रोजगार संवक लालमुनी तिवारी, मोजीब आलम, अनुबम प्रसाद, संजीव प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### टेट पास सहायक अध्यापक संघ प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न



बैठक के दौरान मौजूद लोग।

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार को टेट पास सहायक अध्यापक संघ प्रखण्ड इकाई की एक बैठक संघ के अध्यक्ष उमेश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक मे उपस्थित सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष यादव ने कहा कि 25 जून को झारखंड टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के अह्वान पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि सह गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू के गृह आवास पर सहायक नियुक्ति नियमावली संशोधन एवं वेतनमान को लेकर एक दिवसीय गुहार न्याय यात्रा व आवास घेराव कार्यक्रम में गिरिडीह पहुंचने पर चर्चा किया। उपस्थित सभी को एक साथ गिरिडीह जाने पर सहमति बनाई। मौके पर भीम प्रजापति, राजेश यादव, मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## पशुपालक दुधारू पशुओं को विटामिन मिनरल सहित समुचित पोषण का ख्याल करें, तो कम खर्च में अधिक दूध का उत्पादन: डीसी

# शीतलक केंद्र का उपायुक्त ने लिया जायजा, दिये दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रमाण पत्र देते डीसी।

**चंदवा।** उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा शनिवार चंदवा प्रखंड अंतर्गत स्थित बनहरदी दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति लिमिटेड में दुग्ध संग्रहण एवं शीतलक केंद्र का निरीक्षण कर वहां हो रहे कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने दुग्ध की गुणवता की जांच कर विधि व्यवस्था से अवगत हुए। उपायुक्त ने दुग्ध संघ से जुड़े किसानों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को किए जाने वाले भुगतान तथा नियमित रूप से प्राप्त होने वाले दुग्ध की मात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त को दुग्ध की खरीद बिक्री में जेएमएफ प्रबंधन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि बनहरदी दूध संग्रह केंद्र में जेएमएफ किसान द्वार दूध की खरीददारी करती है एवं महीने में 3 बार दूध का भुगतान किसान खाते में करती है। 1 से 10 तक का कुल दूध का भुगतान 15 तारीख तक। 11 से 20 तक का भुगतान 25 तारीख तक एवम 21 से 30 तक का भुगतान 5 तारीख तक किसानों के खाते में जाती है। इस दौरान उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालक दुधारू पशुओं को विटामिन मिनरल सहित समुचित पोषण का ख्याल करें, तो कम खर्च में अधिक दूध का उत्पादन कर सकते हैं। पशुपालक अच्छी नस्ल की गाय एवं भैंस की प्रजाति पर ध्यान दें। पशु पालक दूध का अधिक उत्पादन के लिए पशुओं की संख्या बढ़ाने से ज्यादा पशुओं के पोषण पर ध्यान दें। गाय के अच्छे स्वास्थ्य के लिए गाय को हरा चारा खिलाए। आगे उन्होंने कहा की दुधारू पशुओं के पोषण के लिए समुचित विटामिन कैलसियम एवं मिनरल दें। साथ ही गव्य विकास विभाग के द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है आप सब उसका लाभ लें। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी को पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने एवं पशुओं का इन्शुरेन्स कराने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने ग्रामीणों से दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति से जुड़ने का आग्रह किया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी ने गव्य विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को 75 % अनुदान पर 5 गाय एवं 10 गाय देने की योजना है। इसके अलावा के पशुपालकों के लिए डीप बोरिंग की भी योजना है। आगे उन्होंने कहा कि गाय के अच्छे स्वास्थ्य एवं ज्यादा दुग्ध उत्पादन के लिए गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए। उन्होंने हरा चारा की नियमित उपलब्धता के लिए किसानों को हाइब्रिड नेपियर एवं अजोला की खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हाईब्रिड नेपियर एवं अजोला में प्रोटीन एवं विभिन्न तरह के अन्य पोषक तत्व होते हैं जो गाय के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान जिले के पहले बनहरदी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को निबंधन प्रमाण पत्र दिया गया।जेएमएफ के तरफ से वरीय प्रबंधक शिल्पी टोपनो द्वारा बनहरदी दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति लिमिटेड की निबंधन प्रक्रिया में भूमिका के बारे में जानकारी दिया गया।

### दुग्ध उत्पादक किसानों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी बात



क्षेत्र का भ्रमण करते डीसी।

इस दौरान बनहरदी के दुग्ध उत्पादक किसानों से उपायुक्त ने सीधा समाप्त करते हुए उनकी समस्याओं को सुना जहां किसानों ने बताया कि यहां के किसानों को वर्तमान समय में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों को दूध का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है, गाय के दूध का मूल्य बमुश्किल 26 रुपये लीटर की दाम मिलता है। पशुओं के खिलाने के लेकर मिनरल मिक्सर और हरा चारा भी नहीं मिल पाता है पानी की भी घोर समस्या है। समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने गव्य विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समिति सुजीत सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, डीपीएम जेएसएलपीएस व संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया जनसंघी कार्यकताओं को सम्मानित



कार्यकर्ता राजदेव मांझी को सम्मानित करते भाजपाई।

- नामुदाग पंचायत के विभिन्न गांव में महा जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकताओं से मिले जिला अध्यक्ष
- जनसंघ काल के कार्यकर्ता पार्टी को अपना बहुमूल्य समय देकर विकट परिस्थितियों में सेवा करने का कार्य किए हैं: हरिकृष्ण सिंह

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित नामुदाग पंचायत के विभिन्न गांव में भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के तत्वाधान में दिन शनिवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत हर घर जाकर कार्यकताओं से मिले भाजपा के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह। वहीं जनसंघ काल के नेता एवं कार्यकताओं को उनके घर घर जाकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान प्रदेश के निर्देशानुसार पूरे लातेहार जिला में चलाया जा रहा है इसी निमित्त जनसंघ काल के कार्यकर्ता जो पार्टी को अपना बहुमूल्य समय देकर विकट परिस्थितियों में सेवा करने का कार्य किए हैं वैसे सभी कार्यकताओं को इस अभियान के तहत सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं जनसंघ काल के नेता भरत प्रसाद,सत्यनारायण प्रसाद,सेठा यादव एवं जनसंघी कार्यकर्ता राजदेव मांझी,मुनेश्वर यादव के घर जाकर सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा अजा मोर्चा बबन पासवान, मनदीप कुमार, अमरदीप कुमार, प्रदीप सिंह, संदीप उरांव, दरोगी यादव, मुनेश्वर सिंह, बिरजू सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मंगरा स्टेशन के समीप और कल्याणपुर में अंडर पास निर्माण कराने की वर्षो से उठ रही है मांग



विवेक सिंह, सांसद प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

- जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रेक पार करने को विवश है ग्रामीण और छात्र-छात्राएं: विवेक सिंह

**बरवाडीह।** बरवाडीह से मंगरा जाने के लिए मंगरा बस्ती और कल्याणपुर बस्ती के समीप रेलवे क्रॉसिंग या अंडर पास नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। कई गांवों के बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। पंचायत के किसी भी व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर उसे हॉस्पिटल ले जाने में परिजनों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें कि बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मंगरा पंचायत से सटा पलामू जिला का खपिया, पीढ़े और ओसाने ग्राम भी पड़ता है। उक्त गांवों के लोगों को भी मंगरा होकर ही बरवाडीह आवागमन करना पड़ता है। वहीं मंगरा स्टेशन के दोनों तरफ घनी आबादी वाले दर्जनों गांव हैं। लेकिन यहां रेलवे क्रासिंग या अंडर पास नहीं होने के कारण ग्रामीण और उनके बच्चों को जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार करना पड़ता है। स्थानीय निवासी सह सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व मंगरा में एकलव्य विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंगरा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा सांसद सुनील सिंह के नाम उनके प्रतिनिधि और स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को आवेदन देकर रेलवे क्रॉसिंग का निर्माण कराने की मांग की गई थी। लेकिन अब तक रेलवे क्रासिंग या अंडर पास के निर्माण को लेकर रेल प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गई हैं। इधर स्थानीय लोगों ने खबर मंत्र के माध्यम से मंगरा बस्ती के साथ-साथ कल्याणपुर बस्ती के समीप रेलवे क्रॉसिंग या अंडर पास का निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग रेलवे के वरीय अधिकारियों से की हैं। विवेक सिंह ने बताया कि अंडरपास के बनने से इस मार्ग से जुड़े करीब 50 गांवों के लोगों को आवागमन में फायदा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर रेल प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं करती है, तो ग्रामीण आंदोलन करने को विवश होंगे।

## एक नजर में

### आत्मनिर्भर बनाने को लेकर बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग।

लातेहार। सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास के निर्देशानुसार शनिवार को लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड चकला पंचायत भवन मे मुखिया रंजीता एक्का के अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुआ। वहीं बैठक में प्रखण्ड प्रभारी मंजु सिह ने बताया की संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मोमबत्ती, अगरवत्ती, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मशरूम, पापड़, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है। जिसे महिलाएं आपने आप आत्मनिर्भर बन सके। हमारे संस्था चार साल से गरीब लड़कियो के पढ़ाई में सहयोग हेतु पठन पाठन समग्री एवं लडकियो के शादी के समय भी आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग करते आ रहे है। वही जिला प्रभारी ने आगे बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुचाना है। मुखिया ने बताया कि अपने स्तर से हर संभव ट्रस्ट को मदद करने का काम करेगी। मौके पर पंचायत प्रभारी समपती देबी, सबीता देबी, रबीना देबी के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण का हुआ समापन



मौके पर मौजूद लोग।

**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में स्काउट और गाइड का द्वितीय संबंध प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। जिसमें स्काउट को बच्चों को प्रार्थना अंडा त्वरित, इतिहास रस्सी गांठ, टेंट पिचिंग, गजट लास्टिंग, कम्पास, ट्रैकिंग, फर्स्ट एड, सिग्नलिंग इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आवसीय विद्यालय नेतरहाट के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान उपस्थित थे। उनके द्वारा बताया गया कि मोहम्मद शाकिर अंसारी, जिला संगठन आयुक्त खुंटी जिला सहयोगी हरेन्दर कुमार प्रजापति, जिला संगठन आयुक्त सरायकेला खरसावां जिला के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उससे बच्चों में स्वर्णिम विकास होगा। स्काउटिंग बच्चों के आदर्श नागरिक, देश शक्ति, अनुशासन, सेवा की भावन सिखलाता है। मौके पर उपस्थित रविरंजन अभिषेक मिश्रा, रवि प्रकाश सिंह, स्काउट प्रभारी ओम प्रकाश, स्काउट मास्टर शिशुपाल महतो, राधा कुमारी,गाइड कैप्टन सुमेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर ग्रामीणों ने मुखिया को सौंपा आवेदन



मुखिया को आवेदन देते ग्रामीण।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी बहेरा टोला के ग्रामीणों ने पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर मुखिया जतरु मुंडा को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने पेयजल संकट से अवगत कराते हुए बताया है कि लोहारसी बहरा टोली में ग्रामीण आज भी अशुद्ध जल पीने को मजबूर हैं। बहरा टोली में अभी पूरी गर्मी बीत जाने के बाद भी एक भी चापाकल नहीं है, इस गांव की आबादी की बात की जाए तो करीब 1500-2000 के बीच है बावजूद इसके गांव में घोर पेयजल संकट है। आगे कहा कि पूरा गर्मी बीत जाने के बाद अब बरसात में और भी परेशानियां होगी। मुखिया ने कहा कि पंचायत के बहराटोली, मुडादोहर तेतरगढ़ा और देवनादिया के ग्रामीणों ने पेयजल विभाग चंदवा के नाम आवेदन दिया है। ग्रामीणों को पेयजल समस्या से संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए समाधान निकालने के दिशा में पहल करूंगा। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे नल जल योजना को लेकर कार्य में अनियमितता बरते जाने को लेकर पीएचईडी के पदाधिकारी और ठेकेदार पर उपायुक्त को शिकायत पत्र लिखूंगा। मौके पर बहरा टोली के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### मगध कोलियरी में अज्ञात अपराधियों ने मचाया उत्पात

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के कांटा नंबर 19 एवं 20 के पास शुक्रवार देर रात करीब दो बजे 15 से 20 की संख्या में पहुंचे अज्ञात अपराधियों ने चेतलाल-सरिता इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों के साथ मारपीट की। जिसमें संजय साव गनेशपुर थाना बालूमाथ निवासी, रजनीकांत गंझु फुलबसिया थाना बारियातु निवासी, सुनील साव गनेशपुर थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कंपनी के संचालक चेतलाल राम ने बताया की शुक्रवार देर रात करीब दो बजे जंगल की ओर से 15 से 20 की संख्या में पहुंचे अज्ञात अपराधियों ने उनके कर्मियों के साथ मारपीट की। साथ ही कांटा नंबर 19 और 20 में लगा हुआ कंप्यूटर चोरी कर लिया। वहीं दो हाईवा से डीजल की चोरी कर लिया। वहीं एक हाईवा का शीशा फोड़ दिया। और उनके ड्राइवरों के साथ मारपीट किया। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की घटना से संबंधित सीसीएल द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं घटना के बाद कांटा नंबर 19 और 20 में फिलहाल काम बंद है। जिससे कोयले का ढुलाई प्रभावित हो गया है।

## राजस्व उपनिरीक्षक, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों ने लिया प्रभार, पंचायत व हल्का का हुआ आवंटित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बीते दिनों उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशन में जिले में राजस्व निरीक्षक, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के बड़े पैमाने पर तबादला किए जाने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय कुमार ने प्रखंड व अंचल में योगदान देने वाले पंचायत सचिव रोजगार सेवक व राजस्व उपनिरीक्षक को पदभार ग्रहण कराते हुए पंचायत व हल्का आवंटित कर दिया। पंचायत सचिव में मनोज कुमार प्रसाद को लाधुप, बरवाटोली बोदा, बालेश्वर उरांव को चंदवा पश्चिमी व हुटाप, घनश्याम सिंह को सासंग, अवतार सिंह को बनहरदी, बारी व सेरक, फेकू मोची को डुमारो, माल्हन व जमीरा, रामकुमार भगत को कामता, चकला व अलौदिया, घूरा राम को चंदवा पूर्वी व चेतर पंचायत आवंटित किया गया है। वहीं रोजगार सेवको में जितेंद्र कुमार यादव को जमीरा व माल्हन, मंजू देवी को बनहरदी, राजकुमार उरांव सासंग एवं चेतर, शिव प्रसाद को लाधुप, प्रदीप सिंह सेरक, राजन प्रसाद बारी, अनूप समुदवार बरवाटोली, आनंद किशोर प्रजापति चकला, अजय भगत अलौदिया, सीताराम तिर्की चंदवा पूर्वी व पश्चिमी, शत्रुधन महतो डुमारो, अनिल उरांव बोदा, विक्रम कुमार रवि को हुटाप पंचायत आवंटित किया गया है। इसके अलावे राजस्व उपनिरीक्षको में महेश सिंह को हल्का 4, जनेश्वर राम को हल्का 5, तनवीर आलम को हल्का 8, अमित प्रदीप तिर्की हल्का 1, मुनेश्वर गंझू हल्का 3, राजेन्द्र कुजूर हल्का 6, प्रेम एक्का हल्का 9 व 10, गुलाम साबिर हल्का 2 व प्रतिमा एक्का को हल्का 7 आवंटित किया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने कर्मियों को प्रभार कराते हुए जनता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्यों का निष्पादन करने को लेकर निर्देशित भी किया।

### जगदम्बा सरस्वती मां की मनायी गयी 58वां पुण्य स्मृति दिवस



**लातेहार।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय धर्मपुर (पम्पूकल) में 58वां जगदम्बा सरस्वती मां की पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। सेवा केंद्र संचालित बी. के. अमरमणी बहन ने अपने मामा की जीवनी पर प्रकाश डाली। उन्होंने कहा कि मम्मा बहुत ही निरहंकारी थी। उनका मानना था कि जो कर्म हम करेंगे, हमे देख सभी करेंगे और वह हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझने के लिए कहती थी। उनका कहना था कि हमारे कर्मों का प्रतिफल हमारे जीवन के दौरान प्राप्त होता हैं। इसलिए हमें अच्छे कर्म और दूसरों की सेवा करनी चाहिए। मौके पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, अध्यक्ष नारायण सर, बद्री भाई, कृष्णा भाई, जगु भाई, जगरनाथ भाई, प्रीति बहन, रानी बहन, अनीता माता, रंजू माता, रामशिला माता, सुनीता माता, रेखा माता, कविता माता काफी संख्या में भाई बहन व अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय परिसर मे 2023-24 के बीस दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी को लेकर शनीवार को बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी के अध्यक्षता मे शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ कुमारी, डीएसई कविता खलखो, बीईईओ राम प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात उपस्थित शिक्षकों को डीएसई खलखो ने बीस दिवसीय कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं को वापस लाने और नियमित उपस्थिति बनाये रखने पर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि कोरोना महामारी के कारण लगभग दो सालों तक विद्यालय बंद रहने के कारण काफी बच्चें स्कूल से बाहर है। वैसे सभी बच्चों की शत-प्रतिश स्कूल मे उपस्थिति हो। शिक्षा नीति के तहत बच्चों का नामांकित कैसे कराया जाए तथा शिक्षा के क्षेत्र मे कैसे गुणात्मक विकास हो इस पहलु पर भी विशेष जानकारी दी। बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आस सभी स्कूल के प्रति ध्यान दें। आप नियमित स्कूल मे रहेगें तब ही बच्चो का स्कूल में ठहराव होगा। स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों के नामांकन की समीक्षा कर उनके अभिभावकों से मिल कर प्रोत्साहित करने एवं स्कूल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों एंव उनके माता पिता को सम्मानित करने से स्कूल मे बच्चों का ठहराव मे काफी मददगार साबित होगा। सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बीईईओ राम प्रवेश यादव ने किया। उसे पूर्व डडीएई, कविता खलखो, बीडीओ सह सीओ कुमारी, प्रमुख देवी, डीपीएम संजीत पांडेय, बीपीओ बिरेंद्र भगत, सीआरपी प्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से वर्ष 2022-23 का वर्ग एक से सात तक के रिजल्ट प्रकाश किया। डीएसई खलखो ने कहा कि पुरे जिला में वर्ग एक से सात तक रिजल्ट प्रकाशन में बारियातू पहला प्रखण्ड बना जहां बच्चों ने अच्छा कर दिखाया। आर्दश मध्य विद्यालय एंव झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के टॉपर रहे बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# सुनील छेत्री और महेश के कमाल से भारत ने नेपाल को 2-0 से रौंदा, सेमीफाइनल में जगह पक्की



एजेंसी

**बेंगलुरु।** सैफ चैंपियनशिप 2023 के अपने दूसरे मैच में भारत ने नेपाल को 2-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्की कर ली है। भारत और नेपाल के बीच पहले हाफ का बराबरी पर छूटा था लेकिन दूसरे हाफ में सुनील छेत्री ने भारत के लिए 61 मिनट में गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद महेश सिंह ने 69वें मिनट में गोल दागा और भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया। इस दौरान नेपाल की टीम ने लगाकर बराबरी की कोशिश की लेकिन ऐसा नहीं हो सका और इस तरह भारत ने मैच को 2-0 से जीत लिया। सैफ चैंपियनशिप 2023 के अपने दूसरे मैच में भारत ने नेपाल को 2-0 से हरा दिया। इस मैच में भारत के लिए सुनील छेत्री और महेश सिंह ने गोल किया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। लीग स्टेज में भारत का आखिरी मैच अब कुवैत के साथ है। सुनील छेत्री के बाद से महेश सिंह ने शानदार गोल दागकर भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया है। नेपाल के खिलाफ मुकाबले में भारत के कप्तान सुनील छेत्री ने पहला दागा है। छेत्री ने यह गोल मैच के 61वें मिनट में किया। इस तरह टीम इंडिया ने मैच में 1-0 की बढ़त बना ली है।

**पहले हाफ का खेल हुआ समाप्त**

भारत और नेपाल के बीच सैफ चैंपियनशिप फुटबॉल मैच में पहले हाफ का खेल समाप्त हो गया है। इस दौरान दोनों ही टीमों का गोल पोस्ट खाली रहा और कोई टीम गोल नहीं दाग सकी। भारत और नेपाल के बीच मुकाबले में 30 मिनट का खेल खत्म हो चुका है। इस दौरन दोनों टीमें बराबरी पर रही है। भारत और नेपाल दोनों ही टीमें एक भी गोल नहीं दाग सकी है।15 मिनट के खेल में दोनों टीमों का गोल पोस्ट खाली 15 मिनट का खेल खत्म हो चुका है, लेकिन इस दौरान दोनों टीमों का गोल पोस्ट खाली रहा। इस दौरान भारत ने कई बार नेपाल के गोल पोस्ट पर धावा बोला लेकिन नेपाल ने भी भारत को कड़ी टक्कर दी है। सैफ चैंपियनशिप 2023 में भारत और नेपाल के बीच मुकाबला शुरू हो चुका है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर हैं और पहले हाफ में गोल कर अपना खाता खोलने के प्रयास में हैं।

## चारों खाने चित हुआ पाक, कुवैत ने 4-0 से पीटा

**बेंगलुरु।** कुवैत ने मुबारक अल-फनैनी के दो गोलों के दम पर सैफ चैंपियनशिप के ग्रुप-ए मुकाबले में पाकिस्तान को 4-0 से पीटकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ा लिया। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में फनैनी (17वां, 45+1वां मिनट) ने कुवैत के लिए दो गोल किए। हसन अल एनेजी (10वां मिनट) और ईद नासर अल राशिदी (69वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। कुवैत जहां भारत और पाकिस्तान को हराकर ग्रुप-ए के शीर्ष पर है, वहीं पाकिस्तान भारत और कुवैत के विरुद्ध दोनों मुकाबले हारने के बाद तालिका में सबसे नीचे पहुंच गया है। टूर्नामेंट की विजयी शुरूआत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज कुवैत शुरू से ही फ्रंटफुट पर रहा और उसने बढ़त लेने का दृढ़ संकल्प दिखाया। सफलता के लिए उनके शुरुआती प्रयास का लाभ तब मिला जब हसन ने 10वें मिनट में बॉल को नेट में पहुंचाया।

## भारत कोरिया के खिलाफ एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप में अभियान शुरू करेगा

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** भारत 2023 एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप के शुरूआती दिन पांच दिसंबर को ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक बुकित जलील स्थित नेशनल हॉकी स्टेडियम में होगा। भुवनेश्वर में हुए हुए पिछले विश्व कप (2021) में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को ग्रुप चरण में अपेक्षाकृत आसान ड्रा मिला है। शनिवार को यहां जारी ड्रॉ के मुताबिक ग्रुप सी में भारत और दक्षिण कोरिया के अलावा स्पेन और कनाडा की टीमें है। भारतीय टीम ग्रुप चरण में सात दिसंबर को स्पेन जबकि नौ दिसंबर को कनाडा का सामना करेगी। टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर शनिवार को पुत्रजया के मर्क्योर लिविंग होटल में एक समारोह के दौरान लॉन्च किया गया। मेजबान मलेशिया, गत चैम्पियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ ग्रुप ए में है, जबकि छह बार की चैम्पियन जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र ग्रुप बी में हैं। नीदरलैंड, बेल्जियम, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ग्रुप डी में है। खेल की शीर्ष संस्था ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ग्रुप का वर्गीकरण एफआईएच जूनियर विश्व रैंकिंग के आधार पर हुआ है जिसमें दुनिया भर की 16 टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारत के उत्तम सिंह ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, सुल्तान जोहोर कप और जूनियर एशिया कप में जीत के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। टीम मलेशिया में जूनियर विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल करने को लेकर आश्वस्त है। भारतीय टीम ने 2001 और 2016 में जूनियर विश्व कप विजेता रही है। जर्मनी और अर्जेंटीना के बाद भारत तीसरी टीम है जिसने 1979 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को एक से अधिक बार जीता है।

## जिम्बाब्वे ने विंडीज को 35 रन से पछाड़ा

**हरारे।** जिम्बाब्वे ने सिकंदर रजा (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन, रायन बर्ल (50) के अर्द्धशतक और टेंडाइ चटारा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप-ए मुकाबले में शनिवार को वेस्ट इंडीज पर 35 रन की यादगार जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे भले ही पहले बल्लेबाजी करते हुए 268 रन पर ऑलआउट हो गयी, लेकिन मेजबान टीम ने वेस्ट इंडीज को भी 44.4 ओवर में 233 रन पर निपटा दिया।

## महिला हॉकी टीम ने वंचित बच्चों के साथ बिताया दिन

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने खेलों में विविधता और समावेशिता के महत्व पर जोर देने के लिये शनिवार को 75वें ओलंपिक दिवस के अवसर पर भूमि एनजीओ के बच्चों से मुलाकात की। भारतीय टीम ने भूमि एनजीओ के साथ काम करने वाले आश्रय गृह शिशु मंदिर के बच्चों को ओलंपिक दिवस की सैर के लिये यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) आमंत्रित किया। इस तरह बच्चों को भारतीय टीम के साथ बातचीत करने का मौका मिला। भारतीय टीम की कई खिलाड़ी कुछ साधारण पृष्ठभूमि से आई हैं और उन्होंने बच्चों को यह दिखाने की कोशिश की कि खेल जीवन जीने का एक तरीका बन सकता है।

## मुंबई सिटी एफसी में पक्के हुए विनीत राय

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने मिडफील्डर विनीत राय के साथ एक साल का आधिकारिक अनुबंध किया है। क्लब ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई ने 25 वर्षीय विनीत को जनवरी 2022 में ओडिशा एफसी से ऋण पर लिया था। मुंबई सिटी एफसी के ऐतिहासिक 2022 एएफसी चैंपियंस लीग अभियान सहित सभी प्रतियोगिताओं में विनीत कुल 14 बार क्लब के लिये मैदान पर उतरे। मुंबई सिटी ने विनीत को एक और साल के लिये ऋण पर लिया और वह 2022-23 सीजन के लिये भी क्लब का हिस्सा रहे। उन्होंने मुंबई सिटी की रिकॉर्ड-तोड़ आईएसएल शील्ड जीत में प्रभावशाली भूमिका निभाते हुए चेन्नईयिन एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ दो शानदार गोल भी किये।

## टैमी ब्यूमोंट ने जड़ा दोहरा शतक, इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 462 रन

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे एकमात्र महिला एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के बल्ले से पहली पारी में शानदार दोहरा शतक देखने को मिला। उन्होंनें 331 गेंदों में 208 रनों की पारी खेली। यह उनर यह उनका टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक भी है, जिसकी मदद से इंग्लैंड ने पहली पारी में 463 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लबाजी करते हुए पहली पारी में 473 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की लिए ओपनिंग करने आई एम्मा लैंब कुछ खास नहीं कर पाई और 10 रन बनाकर चलती बनी। इसके बाद टैमी ने कप्तान हीथर नाइट के साथ पारी संभाली। कप्तान नाइट ने 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं नेट साइबर ब्रंट ने भी अपनी अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 78 रनों की पारी खेली। डेनियल व्हाइट ने 44 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी :** ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 473 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एनाबेल सदरलैंड ने 184 गेंदों में 137 रन बनाए, वहीं एलिस पेरी अपने शतक से चूक गई। वह 153 गेंदों में 99 कन बनाकर आउट हुईं। तहिला मैकग्रा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 83 गेंदों में 61 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर सोफी एक्लेस्टोन ने 5 विकेट चटकाए, जबकि लौरेन बेल और लौरेन फाइलर ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके अलावा केट क्रोस ने 1 विकेट हासिल की।

## बुमराह आयरलैंड खिलाफ करेंगे वापसी

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगस्त में भारत और आयरलैंड के बीच होने वाली टी20 सीरीज के जरिये मैदान पर वापसी कर सकते हैं। क्रिकबज की ओर से शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अगले महीने कुछ मैच खेलेंगे। इन मैचों के जरिए बुमराह की स्थिति का आकलन किया जायेगा। बुमराह की देखरेख के जिम्मेदार लोग देखना चाहते हैं कि मैच के अगले दिन वह कैसा महसूस करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एनसीए के मैचों के बाद ही बुमराह की आयरलैंड सीरीज में खिलाने पर फैसला लिया जाएगा, जिसके मैच 18, 20 और 23 अगस्त को आयोजित होने हैं। बुमराह की वापसी का अंतिम लक्ष्य उन्हें अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयार करना है। इसके लिए भारतीय टीम पहले टी20 में उनकी क्षमता का परीक्षण करना चाहता है। आयरलैंड सीरीज भारतीय टीम, चयनकताओं, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनके संचालकों और बीसीसीआई की योजना के अनुरूप है, जो सामूहिक रूप से चाहते हैं कि वह धीरे-धीरे मैच फिटनेस हासिल करें, जिसकी शुरूआत चार ओवर के स्पेल वाले टी20 मैच से हो। उल्लेखनीय है कि शुरूआत में पीठ की समस्या और बाद में पीठ की सर्जरी के कारण बुमराह पिछले साल सितंबर से मैदान से बाहर हैं। वह वर्तमान में बेंगलुरु में एनसीए में रीहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वह 70 प्रतिशत ठीक हो चुके हैं। आयरलैंड के मैच लगभग दो महीने दूर होने के कारण, थिंक-टैंक को उम्मीद है कि वह डबलिन में होने वाले मुकाबलों के लिए तैयार रहेंगे।

## दिमित्रोव को हराकर अल्कारेज क्वींस क्लब के सेमीफाइनल में पहुंचे



**लंदन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज ने क्वींस क्लब टेनिस चैंपियनशिप में पूर्व चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर घासियाले कोर्ट पर पहली बार एटीपी टूनामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफाई के जरीये टूनामेंट में जगह बनाने 2014 के चैंपियन दिमित्रोव के खिलाफ अल्कारेज की यह आठ मैचों में आठवीं जीत हैं सेमीफाइनल में उनके सामने सेबस्टियन कॉर्डा की चुनौती होगी। कोर्डा ने ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अल्कारेज की तरह वह भी एटीपी टूनामेंट में घसियाले कोर्ट पर पहली बार के सेमीफाइनल में पहुंचे है। पिछले 11 साल में इस टूनामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाले वह अमेरिका के पहले खिलाड़ी है। दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर का सामना करेंगे। रूने ने लोरेंजो मुसेटी 6-4, 7-5 जबकि डी मिनौर ने गैर वरीयता प्राप्त फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी।

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले की रक्सौल आबकारी पुलिस ने भारी मात्रा में कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल शहर के नागा रोड स्थित एक मकान में नशीले कफ सिरप का बिक्री किया जा रहा है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए नागा रोड स्थित उक्त घर की नाकाबंदी कर छापेमारी की गई इस दौरान 50 पीस लेंटेक्स 100 एमएल का कफ सिरप के साथ नागा रोड निवासी प्रहलाद प्रसाद के पुत्र सुदीप कुमार सर्राफ को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह युवक बहुत दिनों से नशा के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इस सबंध मामला दर्ज कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## पुल धंस जाने को लेकर जाप जिलाध्यक्ष ने उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग की

**किशनगंज।** गलगलिया अररिया फोर लेन सड़क में मैची नदी पर बना पुल धंस जाने का सुचना मिलने पर जनाधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नासिक नादिर स्थल पर पहुंचे। जिला परिषद सदस्य सह जिलाध्यक्ष जन अधिकार पार्टी नासिक नादिर ने कहा कि जीआर इंफ्रा कंपनी की लापरवाही के कारण उक्त घटना घटी है। उन्होंने कहा कि जाप पार्टी के सुप्रीमो राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के निर्देश पर वे यहां पहुंचे है। मामले में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। पुल का निर्माण होने से पूर्व इस प्रकार की घटना घटित होना अत्यंत निंदनीय है। इस मामले में जो भी दोषी हैं। उन पर जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। जाप जिलाध्यक्ष ने कार्रवाई की मांग करते हुए कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है।

## होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी रेलवे स्टेशन के समीप एक आवासीय होटल के कमरे से शनिवार फंदे लटका एक युवक का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के रानाघाट बेलगंगा का निवासी 38 वर्षीय वासुदेव घोष के रूप में हुई है,जो कपड़े का फेरी लगाकर बिक्री करता था। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना को लेकर नगर थाना पुलिस को मृतक का एक सहयोगी शिव कुमार जो उसका ग्रामीण भी है उसने बताया है,कि वे लोग लक्ष्मी होटल में किराए पर कमरा लेकर फेरी में कपड़ा बेचते हैं। बीती रात तकरीबन 11 बजे खाना खाकर वह होटल की छत पर सोने चला गया जबकि बासुदेव होटल के कमरा नम्बर 122 में सोने चले गए। सुबह देर तक उसके नही जगने पर आशंका हुआ तो दरवाजा तोड़ने के बाद वासुदेव घोष का शव सीलिंग फैन से लटका हुआ मिला।

## रिटायर्ड फौजी की ईट मारकर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के वार्ड नं 26 आजाद नगर मोहल्ला में शनिवार की सुबह शराब के नशे में धुत एक युवक ने ईंट से हमला कर सीआइएसएफ के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर की हत्या कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी युवक की खोज में जुटी है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार आजाद नगर निवासी रिटायर्ड फौजी जगत प्रसाद सिंह शनिवार की सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी बीच उन्होंने अपने पड़ोसी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के पुत्र सोनू कुमार श्रीवास्तव को अपने पिता व अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते देखा,तो वह सोनू को रोकने की कोशिश करते हुए कहा कि क्यों पत्नी के साथ मार-पिटाई कर रहे हो। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वही घटना की बाबत नगर थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि सूचना के साथ आरोपी सोनू को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बीएसएनएल तार की चोरी कर रहे 9 लोग रंगे हाथों धराए

**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित भगत सिंह चौक पर शनिवार को स्मार्ट सिटी का कर्मी बता बीएसएनएल तार चोरी करते कुल 9 चोरों को स्मार्टसिटी के अधिकारियों ने रंगे हाथों धर दबोचा। उक्त चोरों को अधिकारी द्वारा पुलिस को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्त में दबोचे गए सारे चोर अररिया के बताए जा रहे हैं। सभी को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ चल रही है। हिरासत में लिए गए कुछ लोगों ने बताया वे लोग ठेकेदार के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्हें तार जोड़ने और काटने का काम कहकर अररिया से भागलपुर बुलाया गया था। यह चोरी का काम करा रहा था मुझे नहीं मालूम था। अन्यथा यह काम में कभी नहीं करता। उल्लेखनीय को भागलपुर में स्मार्ट सिटी का काम सभी क्षेत्रों में चल रहा है। सड़क का चौड़ीकरण, शहर का सौंदर्यीकरण और बिजली का काम सभी एक साथ चल रहे हैं। जिसे जल्द पूरा करने की डेडलाइन दी हुई है।

## मौसी की बेटी से इश्क लड़ाना पड़ा महंगा परिजनों ने दी युवक को खौफनाक सजा

एजेंसी



**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में प्रेम-प्रसंग में एक युवक का अपहरण कर उसकी हत्या का मामला सामने आया है। मृतक पीर बिगहा थाना इलाके के लहासी विगहा गांव निवासी कपिल प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। मृतक की भाभी किरण कुमारी और चाचा अलेश कुमार ने बताया कि वह हिलसा में किराए पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। 22 जून को युवती के परिजनों ने उसका अपहरण कर बेरहमी से पिटाई करने के बाद जबरन जहर पिला दिया। इसके बाद उसे जख्मी हालत में इस्लामपुर मछली मंडी के पास फेंक दिया।

**अपहरण के बाद हत्या**

उसके बाद चाचा और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहंचकर उसे इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दरअसल, युवक का अपने ही रिश्तेदार की युवती से 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 21 मई को युवती की शादी होने के बाद भी युवक उसका पीछा नहीं छोड़ा। 6 जून को युवती को लेकर फरार हो गया था। इसके बाद किसी तरह से युवती के परिजन ने दोनों को बरामद कर घर लाया गया। जिसके बाद युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया। बावजूद इसके युवती के परिवार वालों ने उसके साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

पीर बिगहा ओपी प्रभारी श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि प्रेम प्रसंग में पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी गई है। युवक के परिजन द्वारा हत्या का आवेदन दिया गया है। जिसे हिलसा थाना को फॉरवर्ड कर दिया गया है। कुल 6 लोगों को आरोपित कर मामला दर्ज कराया गया है। युवक हिलसा में ही रहकर पढ़ाई करता था। वहां से 2 दिन पूर्व उसकी किडनैपिंग कर उसके साथ मारपीट की गई थी। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करा दिया गया है।

## धीरे-धीरे टूट रहा महागठबंधन : मोदी



**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने विपक्षी दलों की हुई बैठक पर शनिवार को कहा कि महागठबंधन धीरे-धीरे बिहार में टूट रहा है। पहले उपेंद्र कुशवाहा फिर आरसीपी सिंह और अब जीतन राम मांझी अलग हो गए। पिछले 10 माह में महागठबंधन में न तो कोई बड़ा नेता और न ही कोई अन्य दल जुड़ा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की बैठक में जो 15 दल शामिल हुए उसमें राजद, पीडीपी और माले तीन दल ऐसे थे, जिनका लोकसभा में एक भी सांसद नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा,आप के मात्र 1-1 सांसद और सीपीआई के दो तथा सीपीएम के मात्र तीन सांसद हैं। बैठक में शामिल 11 दलों के कुल सांसदों की संख्या 24 है। ऐसे दल 303 संख्या वाले भाजपा को चुनौती दे रहे हैं। सुशील मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2019 में मायावती समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल मिलकर चुनाव लड़े फिर भी भाजपा को 64 सीटें आई थी। मोदी ने कहा कि ह्यदिल मिले न मिले लेकिन हाथ जरूर मिलाएंगेह्व वाले गठबंधन को कभी जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन बनने के बाद राज्य में तीन उपचुनाव हुए। गोपालगंज और कुढ़नी में भाजपा की जीत हुई और मोकामा में पहली बार भाजपा चुनाव लड़ी और 64 हजार वोट लाई।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो की मौत

**बिहारशरीफ।** नुरसराय थाना क्षेत्र के बिहारशरीफ चंडी मार्ग पर चिमनी मोड़ के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मरते हुए फरार हो गया, जिसमें बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी।दोनों बाइक सवार मृतक की पहचान चंडी थाना के हसनी गांव निवासी कमलेश प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार व बसंत रविदास के 45 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में की गयी है। मृतक के परिजन ने बताया कि आज दोनों बिहारशरीफ से अपने घर बाइक से हसनी गांव जा रहा था। तभी नूरसराय के चिमनी पर के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अज्ञात चार पहिया ने टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर होने से मनोज कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जबकि विपिन कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए नूरसराय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिंताजनक स्थिति में बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने जख्मी युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक मनोज कुमार बिहारशरीफ में रहकर मकान पेंटिंग का कार्य करता था। शनिवार को अपने गांव जाने के क्रम में हॉस्पीटल मोड़ के समीप गांव के ही बिपिन कुमार से मुलाकात हुआ और दोनों एक ही बाइक से घर जाने के क्रम में सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गया। स्थानीय थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि दोनों मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। अज्ञात चार पहिया वाहन को पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पेज 1 का शेष

### रूस में कयामत की रात...

येवगेनी प्रिगोझिन कभी पुतिन का रसोइया था जो अब उनका दुश्मन गया है। रूसी घटनाक्रम पर सभी देशों की नजरें टिकी हुई हैं। यूक्रेन समेत पश्चिम देशों का मानना है कि अगले 48 घंटे रूस के लिए अहम होनेवाले हैं। इस बगावत को क्रेमलिन गंभीरता से ले रहा है। पूरे मॉस्को क्षेत्र को सख्त 'आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन व्यवस्था' के तहत अलर्ट पर रखा गया है। प्रमुख कार्यक्रम रद्द कर दिये गये हैं। **प्राइवेट आर्मी बनी चुनौती :** प्रिगोझिन की प्राइवेट आर्मी रूसी सेना का सीधे प्रतिनिधित्व नहीं करती है, हालांकि वह रूसी सेना को व्यापक समर्थन जरूरी देती है। महीनों तक प्रिगोझिन ने यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उनका लंबे समय से युद्ध चला रहे सैन्य प्रमुखों के साथ खुला झगड़ा रहा है, लेकिन अब यह विद्रोह में बदल गया है। यह प्राइवेट आर्मी रूसी के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और सशस्त्र बलों के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव के लिए सीधी चुनौती बन गयी है। एक समय वो भी था जब राष्ट्रपति पुतिन ने प्रिगोझिन को एक ऐसी प्राइवेट आर्मी तैयार करने की इजाजत दी थी, लेकिन अब इसी प्राइवेट आर्मी पर खुद पुतिन का कोई कंट्रोल नहीं है। प्रिगोझिन खुद इतना बागी हो गया है कि वो पुतिन के लिए सीधे चुनौती बनकर खड़ा है।

### टी-शर्ट और टॉफी बांटने...

लल्ला इंटरप्राइजेज जमशेदपुर और कुदू फैबरिक्स को आपूर्ति का काम मिला था। टी शर्ट और टॉफी की आपूर्ति उन्होंने 13-14 नवंबर को की। इसके अगले दिन ही इसे राज्य भर के 10 हजार स्कूलों के बच्चों में बांट देना सत्यता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। इसकी जांच करायी जानी चाहिए।

### झारखंड में असर दिखायेगा चक्रवात...

अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बन रहा है इसका असर दिखेगा। झारखंड में मानसून प्रवेश करने के बाद से ही राज्य के कई जिलों के तापमान में गिरावट आयी है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री सेसि में गिरावट आने की संभावना है।

### आज राष्ट्रपति से...

**आज मोदी-राष्ट्रपति की वार्ता :** पीएम मोदी रविवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर वार्ता होगी। पिछले 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मिस्र की पहली यात्रा है। अपनी पहली राजकीय यात्रा के दौरान रविवार को पीएम मोदी काहिरा की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद भी जायेंगे। इस मस्जिद का भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से जीर्णोद्धार हुआ है। मस्जिद का दौरा भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। यह मस्जिद 11वीं शताब्दी में बनाया गया था, जब फातिमिद राजवंश का मिस्र में शासन था। **बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा :** पीएम मोदी अपने समकक्ष मैडबौली के नेतृत्व में मिस्र मंत्रिमंडल के साथ भारत पर केंद्रित एक गोलमेज चर्चा में शामिल होंगे। मिस्र के ग्रैंड मुफ्ती डॉ शॉकी इब्राहिम अब्देल-करीम आलम से मुलाकात करेंगे और बाद में मिस्र के प्रमुख बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा करेंगे। श्री मोदी और अल-सीसी के बीच शनिवार को सामरिक संबंधों को नयी गति देने के संबंध में व्यापक बातचीत की। मिस्र एक समय भारत के साथ गुटनिरपेक्ष सम्मेलन आंदोलन के प्रमुख सदस्य देशों में शामिल था। मिस्र के मुख्य इमाम डॉ शावकी इब्राहीम अब्दुल-करीम अल्लाम से मुलाकात की। वह मिस्र के विभिन्न क्षेत्र के कुछ विद्वानों और विचारकों से भी मिलेंगे। श्री मोदी काहिरा प्रवास में वहां रह रहे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे।

## स्पीड न्यूज

### नेपाल के पोखरा में चीन की फिर सक्रियता बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने के बाद चीन की गतिविधियां बढ़ गई हैं। चीन के आर्थिक सहयोग से ही इस एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। चीन की पहल पर पोखरा में पहली बार ड्रैगन बोट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। डैनबू जी के नाम से जाना जाने वाला ड्रैगन बोट फेस्टिवल चीन का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह चीनी कैलेंडर के अनुसार पांचवें चंद्र माह में मनाया जाता है। ड्रैगन बोट फेस्टिवल में उपयोग की जाने वाली 8 फाइवर नौकाओं को केरुंग दर्रे के जरिए लाया गया है। महोत्सव में भाग लेने वाली चार बोट की टीमें सिचुआन एयरलाइंस से पोखरा एयरपोर्ट पर उतरीं।

### असम में परिसीमन के खिलाफ में प्रदर्शन जारी

**गुवाहाटी।** असम में परिसीमन प्रस्तावों के विरोध में प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा, जबकि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा नीत गठबंधन के सहयोगियों के साथ-साथ विपक्षी दलों ने भी इस पर अपनी नाराजगी जताई है। परिसीमन के मसौदा प्रस्ताव को लोगों की भावनाओं की अनदेखी कर मतदाताओं का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने की भाजपा की कोशिश करार देते हुए विपक्षी दलों ने नागरिकों की शिकायतों को निर्वाचन आयोग के समक्ष रखने का फैसला किया है।

### बंगाल : बम विस्फोट में एक की मौत, 3 जख्मी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आम के बगीचे में शनिवार को देसी बम फटने से एक शख्स की मौत हो गई और तीन अन्य जख्मी हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलीम शेख (26) विस्फोट में बुरी तरह से जख्मी हो गया था और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। विस्फोट में जख्मी तीन अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### मंच ढहने से तेदेपा के 10 नेता घायल

**नुजिवीडू ।** आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले में तेलेगु देशम पार्टी (तेदेपा) की एक जनसभा के लिए तैयार किए गए मंच के ढहने से पूर्व गृह मंत्री एन. चिन्नराजप्पा समेत पार्टी के 10 नेता मामूली रूप से घायल हो गए। पार्टी के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। तेदेपा प्रवक्ता के. पत्ताभी ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात हुई और नेता एलुरु जिले के बत्तुलावारिगुडेम गांव में पार्टी के भविष्यत्तुकु गारंटी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आए थे।

### असम में बाढ़ से 4.88 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति शनिवार को भी गंभीर बनी रही और अभी तक 4.88 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ बौछार पड़ने को लेकर 'येलो अलर्ट' चेतावनी जारी की। राज्य में कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

### पीएम केयर्स कोष की जांच हो : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कथित कोविड-19 अस्पताल घोटाले में उनकी पार्टी के कुछ करीबी लोगों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि ह्यपीएम केयर्स कोष की भी जांच की जानी चाहिए। ठाकरे नागपुर, पिंपरी-चिंचवड और पुणे नगर निकाय के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकार की भी जांच कराने की मांग की जिनका नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर रही है। ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत पार्टी के नेतृत्व वाले ठाणे निकाय की भी जांच कराने की मांग की।

# मोदी को बाइडन ने उपहार में दिया अनोखा टी शर्ट

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने लिखा, द फ्यूचर इज एआई अमेरिका एंड इंडिया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया अनोखा उपहार भी है, जिस पर लिखा है कि भविष्य एआई ही है और एआई का मतलब है अमेरिका और इंडिया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा में राष्ट्रपति से लेकर आम अमेरिकी नागरिक तक ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया है।

अपनी यात्रा के अंतिम दौर में मोदी और बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी कंपनियों के मुख्य अधिशासी अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक बैठक की। इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक विशेष टी-शर्ट गिफ्ट की, जिस पर लिखा है, द फ्यूचर इज एआई यानी 'एआई भविष्य है।' साथ ही



इसके नीचे अंग्रेजी में अमेरिका और इंडिया लिखा है।

जब राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टी-शर्ट गिफ्ट की, उस समय माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, एप्पल के सीईओ टिम कुक और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई दिग्गज कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर उपहार की तस्वीर साझा की और लिखा कि भविष्य एआई का है, चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो या अमेरिका-भारत।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे लिखा कि जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं तो हमारे राष्ट्र मजबूत होते हैं। साथ ही पूरी दुनिया को फायदा पहुंचता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी संसद के

**प्रधानमंत्री मोदी बोले- पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हुई काफी प्रगति**

संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिका और इंडिया को एआई के रूप में संदर्भित किया था और कहा था कि भविष्य एआई का है और एक एआई, अमेरिका-इंडिया भी है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को प्रगाढ़ करना हमारी प्रतिबद्धता है। पिछले कुछ वर्षों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में काफी प्रगति हुई है। साथ ही, दूसरे एआई यानी अमेरिका और इंडिया में और भी महत्वपूर्ण विकास हुए हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच तकनीकी सहयोग को प्रदर्शित करने के लिए एक नया संक्षिप्त नाम संदर्भित किया।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का अमेरिका ने फिर किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भी भारत की सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने भारत के महत्वपूर्ण योगदान, बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता और सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वार्ता प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया है। उन्होंने वर्ष 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया है। भारत और अमेरिका द्वारा जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रणाली को एकतरफा नष्ट करने के किसी भी प्रयास का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का समर्थन करता है। संस्था को और अधिक समावेशी बनाया जाना चाहिए ताकि वह आज की दुनिया की जरूरतों को अच्छे तरीकों से पूरा कर सके। इस विचार को साझा करते हुए बाइडन ने संशोधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन दोहराया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भी भारत को सदस्य बनाने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया में संतुलन स्थापित होने में मदद मिलेगी।

### रिश्वत मामले में पाक के पूर्व पीएम शरीफ बरी

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 37 साल पुराने एक रिश्वत मामले में बरी कर दिया। यह मामला देश के एक प्रमुख मीडिया हाउस मालिक को रिश्वत के रूप में कीमती सरकारी भूमि हस्तांतरित करने से संबंधित था। अदालत का यह फैसला नवाज शरीफ के छोटे भाई और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार द्वारा राजनेताओं पर लगे आजीवन प्रतिबंध हटाने के लिए कानून में महत्वपूर्ण संशोधन करने के कुछ दिनों बाद आया है। न्यायालय ने वर्ष 2017 में नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अयोग्य ठहराया था। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि लाहौर की एक अदालत ने तीन बार के शरीफ को लाहौर में जंग/जियो मीडिया समूह के मालिक मीर शकील-उर-रहमान को 6.75 एकड़ सरकारी भूमि के अवैध हस्तांतरण से संबंधित मामले में बरी किया है।

# भारत में 10 अरब डॉलर निवेश करेगा गूगल

## मोदी से मिलकर सुंदर पिचाई ने खोला खजाना

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इंटरनेट की दिग्गज कंपनी गूगल भारत के डिजिटलीकरण कोष में 10 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रही है। इसके सीईओ सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कदम है, जो फिनटेक में भारत के नेतृत्व को पहचान देगा और भारत, अमेरिका के साथ ही पूरी दुनिया में छोटे और बड़े व्यवसायों की मदद करेगा। पिचाई ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और गांधीनगर के गिफ्ट-सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) में गूगल का वैश्विक फिनटेक परिचालन केंद्र खोलने की भी घोषणा की। पिचाई ने कहा कि हम गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपना वैश्विक फिनटेक संचालन केंद्र खोलने की घोषणा कर रहे हैं। इससे भारत के फिनटेक नेतृत्व को मजबूती मिलेगी, जिसमें यूपीआई और आधार की अहम

- **गांधीनगर के गिफ्ट सिटी में खोलेगी ग्लोबल फिनटेक ऑपरेशन सेंटर**
- **भारतीय भाषाओं में बहुत अधिक बोट जल्द**



भूमिका है। हम उस नींव पर निर्माण करेंगे और इसे विश्व स्तर पर ले जाएंगे। भारतीय मूल के सीईओ ने कहा कि देश ने जो प्रगति की है, विशेष रूप से डिजिटल इंडिया और आर्थिक अवसर के क्षेत्र में, उसे देखना रोमांचक है। पिचाई ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से दिसंबर में मिला था और हमने अपनी बातचीत जारी रखी। हमने साझा किया कि गूगल भारत के डिजिटलीकरण कोष में 10 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रहा है और हम इसके माध्यम से निवेश करना जारी रख रहे हैं, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर काम करने वाली कंपनियों में भी निवेश शामिल है। उसी के तहत हमारी 100-भाषाओं की पहल है। हम बहुत जल्द और अधिक भारतीय भाषाओं में बोट ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के लिए प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण समय से आगे है। पिचाई ने कहा कि अब मैं इसे एक ऐसे ब्लूप्रिंट के रूप में देखता हूं, जिसका अनुकरण अन्य देश भी करना चाह रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी ने पिचाई को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, फिनटेक और साइबर सुरक्षा उत्पादों एवं सेवाओं के साथ-साथ भारत में मोबाइल उपकरण विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग के और रास्ते तलाशने के लिए आमंत्रित किया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों ने दिखायी ताकत



सुलतानपुर । उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कूरेभार स्थित ग्राम अरवलकीरी करवत में बनी एयर स्ट्रिप पर शनिवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने करतब दिखाए। यह अभ्यास करीब दो घंटे तक चला। साढ़े तीन किमी की एयर स्ट्रिप पर लड़ाकू विमान सुखोई और मिराज ने टच एंड गो का अभ्यास किया।

### अमित शाह ने श्रीनगर में बलिदान स्तंभ का किया शिलान्यास

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को श्रीनगर के मध्य में स्थित प्रताप पार्क में बलिदान स्तंभ की आधारशिला रखी। शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ श्रीनगर शहर के वाणिज्यिक केंद्र लाल चौक सिटी सेंटर के पास स्थित प्रताप पार्क में इस स्तंभ की आधारशिला रखी। अधिकारियों के मुताबिक, इस स्मारक का निर्माण श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत किया जा रहा है और यह उन शहीदों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

RESPECTFUL HOMAGE
On Twenty Fifth Death Anniversary
To
The Man of Courage and Conviction
Determination and Social Disposition



S. D. SINGH
(15.8.1931 - 25.6.1998)
A BLOOD DONATION CAMP is organised on Sunday, 25.6.2023 from 9.00 am to 4.00 pm at SDSM SCHOOL FOR EXCELLENCE, Sidhgora

# भेड़िये झुंड में करते हैं शिकार : ईरानी

एजेंसी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** पटना में विपक्षी दलों की बैठक के अगले दिन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को अंग्रेजी की एक कहावत के जरिये इस जमावड़े पर हमला बोला कि भेड़िये झुंड में शिकार करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही यह दावा भी किया कि पटना में शुक्रवार को लगे विपक्षी जमावड़े के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं, बल्कि देश की जनता और सरकारी खजाना है। ईरानी ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर इंदौर में भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मैं जैसे ही इंदौर आई, मीडिया ने मुझसे पूछा कि शुक्रवार को पटना में विपक्ष के जमावड़े पर मेरी प्रतिक्रिया क्या है? ..तो अंग्रेजी में एक लहजे में लोग कहते हैं कि भेड़िये झुंड में शिकार करते हैं। भाजपा के इस कार्यक्रम में शहर की प्रबुद्ध महिलाओं को बुलाया गया था।

ईरानी ने कहा कि (पटना में विपक्षी दलों का) जमावड़ा हुआ है, लेकिन इसके निशाने पर मोदी नहीं, बल्कि आप (जनता) और भारत की तिजोरी है। मैं जानती हूं कि जब तिजोरी पर किसी व्यक्ति की बुरी नजर पड़े, तो बस घर की महिला को सचेत कर दो, तो दुश्मन अपने आप नाकाम हो जाता है।

# मणिपुर में शांति बहाली के लिए हर संभव किये जा रहे हैं प्रयास : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में मौजूदा स्थितियों पर चर्चा के लिए शनिवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा ने पत्रकारों को बताया कि शाह ने बैठक में कहा कि राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से एक भी दिन ऐसा नहीं गया जब उन्होंने स्थिति पर प्रधानमंत्री मोदी से बात नहीं की हो या प्रधानमंत्री ने निर्देश नहीं दिये हों। विपक्षी दल मणिपुर की स्थिति से निपटने के

**सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री ने दी जानकारी**



केंद्र के तरीके की आलोचना कर रहे हैं और उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच तीन मई को भड़की हिंसा में अब तक लगभग 120 लोगों की मौत हो चुकी है ।

**विपक्षी दलों ने सर्वदलीय डेलीगेट भेजने की मांग की**

कई विपक्षी दलों ने प्रदेश में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का आग्रह किया। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग की तो कुछ विपक्षी पार्टियों ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह किया। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामदलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बैठक में भाग लिया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से कहा कि प्रदेश में शांति बहाली के लिए गंभीर पहल करनी चाहिए और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

# कंगना की फिल्म इमरजेंसी का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की हाल ही में बनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू काफी चर्चा में है। इसके साथ ही कंगना की आने वाली फिल्मों को लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। इनमें बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

हाल ही में कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी का नया टीजर शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टीजर में हमें 1975 के दौरान देश भर में लागू आपातकाल और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से पर्दा उठाने की कहानी देखने को मिलेगी। उस समय देश में मची अफरा-तफरी, आम लोगों में व्याप्त असंतोष, विपक्षी पार्टी के नेताओं की




गिरफ्तारी, जगह-जगह हो रही हिंसा को इस टीजर में बेहद बखूबी से दिखाया गया है। टीजर में इस पूरे कालखंड को भारतीय इतिहास के सबसे काले कालखंड के तौर पर दिखाया गया है। इसके साथ ही टीजर में कंगना के डायलॉग्स की भी खूब चर्चा हो रही है। ₹मुझे इस

**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में लगीं दमदार 24 नवंबर को देश के सभी सिनेमाघरों में होगी रिलीज**

देश की रक्षा करने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि इंडिया इंदिरा है और इंदिरा इंडिया है। टीजर के अंत में हमें कंगना द्वारा बोला गया ये डायलॉग सुनने को मिलता है। इस फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में कंगना का लुक भी काफी चर्चा में है। साथ ही अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन जैसे कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन कंगना ने किया है और यह फिल्म 24 नवंबर को देशभर में रिलीज होगी।

### प्रेग्नेंसी को ले इलियाना डिक्रूज का बड़ा खुलासा

मुंबई। एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इस वक्त खबरों में हैं। कुछ दिनों पहले एक फोटो शेयर कर यह खबर दी थी कि वह जल्द ही मां बनने वाली हैं। जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट शेयर किया तो सभी की दंग रह गए। कई लोगों ने कमेंट कर उनसे पूछा कि उनके बच्चे का पिता कौन है। ऐसे में उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अब उन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान वजन बढ़ने को लेकर कमेंट किया है। इलियाना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन रखा। एक फैन ने उनसे पूछा कि क्या आपका भी वजन बढ़ रहा है?' उन्होंने कहा कि शुरूआती दिनों में वह बढ़ते वजन से परेशान थीं लेकिन अब उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# हर मौसम में धूप स्नान से रोगों का बचाव

सूर्य किरणों में 'विटामिन-डी' पाया जाता है, जो मानव शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक है

सूर्य की किरणों में जीवाणुओं को नष्ट करने की अद्भुत शक्ति हैशरीर में लौहतत्व की कमी, चर्मरोग, स्नायविक दुर्बलता, कमजोरी, थकान, कैंसर, तपेदिक और मांसपेशियों की रु ग्णता का इलाज सूर्य किरणों के समुचित प्रयोग से किया जा सकता है

सर्दी की धूप आप आसानी से सहन कर लेते हैं और खूब धूप के मजे लेते हैं, पर यही धूप र्गिमयों में आपको खाने को दौड़ती है और आप इस धूप में निकलने से बचते हैं। पर कहा गया है कि हर मौसम में कुछ देर धूप की सिकाई ली जाए तो सेहत की दृष्टि से लाभदायक होता है। सुबह खुले बदन 20 मिनट तक सूर्य किरणों में बैठकर हर ऋतु में स्वास्य लाभ उठाया जा सकता है। सूर्य किरणों में 'विटामिन-डी' पाया जाता है, जो मानव शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक है। फ्रांस के हृदय रोग विशेषज्ञ मार्सेल पोगोलो का तो यहां तक मानना था कि सूर्य और मानव का हृदय का अटूट संबंध है। उनके अनुसार सौर-मंडल में तूफानों के आने के पहले पड़ने वाले दिल के दौरों की संख्या में तूफानों के आने के बाद चार गुना ज्यादा इजाफा हो जाता है।भारतीय धर्म-दर्शन अनगिनत सदियों से सूर्य को जीवनदाता मानता आया है, किंतु अब वैज्ञानिक भी सूर्य की विलक्षण रोग-निवारक शक्तियों का लोहा मानने लगे हैं। ब्रिटिश वैज्ञानिक डॉ. फ्रेजर ने अपनी पुस्तक ''टेक्स्ट बुक ऑफ पब्लिक हेल्थ' में लिखा है कि सूर्य की किरणों में जीवाणुओं को नष्ट करने की अद्भुत शक्ति है।अमेरिकी डॉक्टर हानेश का मानना है कि शरीर में लौहतत्व की कमी, चर्मरोग, स्नायविक दुर्बलता, कमजोरी, थकान, कैंसर, तपेदिक और मांसपेशियों की रु ग्णता का इलाज सूर्य किरणों के समुचित प्रयोग से किया जा सकता है, वहीं डॉ. चार्ल्स एफ. हैनेन और एडर्वड सोनी ने अपनी रिसर्च से यह सिद्ध कर दिखाया है कि सूर्य किरणों बाहरी त्वचा पर ही अपना प्रभाव नहीं डालतीं, बल्कि वे शरीर के अंदरूनी अंगों में जाकर उन्हें स्वस्थ बनाने में कारगर भूमिका निभाती हैं।

स्नान के फायदे

स्नान यानि शरीर को शुद्ध करने की एक क्रिया, जिसके उपरांत व्यक्ति का तन रोगों से मुक्त रहता है और मन प्रफुल्लित होता है। नहाने के उपरांत चेहरे पर चमक आती है और शरीर पर गजब का विकर्षण सुंदरता में चार चांद लगाता है। प्रतिदिन किए जाने वाले इस कर्म पर थोड़ा ध्यान केंद्रित करेंगे तो आध्यात्मकि फायदे देखेंगे स्नान किए बिना जो पुण्यकर्म किया जाता है वह निष्फल हो जाता है। उसे राक्षस ग्रहण कर लेते हैं। (न हि स्नानं पुंसां प्राशस्त्यं कर्मसु स्मृतम्...लघुव्याससंहिता1/7)

तेल लगाने के बाद, श्मशान से लौटने के बाद, स्त्री संग करने पर और क्षौरकर्म (दाढी बनवाने के बाद) जब तक मनुष्य स्नान नहीं करता तब तक वह अशुद्ध बना रहता है। (तैलाभ्यंगे चिताधूमे मैथुने **क्षौरकर्मणि...चाणक्य नीति 8/6)**

यदि नदी हो तो जिस ओर से उसकी धार आती हो, उसी ओर मुंह करके तथा दूसरे जलाशयों में सूर्य की ओर मुंह करके स्नान करना चाहिए। (स्त्रवन्ती चेत प्रतिस्त्रोते प्रत्यर्क...महाभारत, आश्व 92)



कुएं से निकाले हुए जल की अपेक्षा झरने का जल पवित्र होता है। उससे पवित्र सरोवर का जल तथा उससे भी पवित्र नदी का जल होता है। तीर्थ का जल उससे भी पवित्र तथा गंगा जल सबसे पवित्र माना गया है। **(भूमिष्ठादुद्धृतं पुण्यं ततः...गरुड़ पुराण, आचार, 205/113)**

बिना शरीर की थकावट दूर किए और बिना मुख धोए स्नान नहीं करना चाहिए (नावितक्लमो नानाप्लतवदनो...चरक संहिता **सूत्र. 9/19)**

जो दोनों पक्षों की एकादशी को आंवले से स्नान करता है उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। वह विष्णुलोक में सम्मानित होता है। (एकादश्यां पक्षयुगे...पद्मपुराण, सृष्टि **13/10-11)**

स्नान के समय पहने हुए भीगे वस्त्र से शरीर को नहीं पोंछना चाहिए ऐसा करने से शरीर कुत्ते से चाटे हुए के समान अशुद्ध हो जाता है जो पुनः स्नान करने से शुद्ध होता है। (स्नानवस्त्रेण यः कयद्दिहस्य...वाधूलस्मृति 71)

बिना स्नान किए कभी भी चंदन नहीं लगाना चाहिए। **(नानुलेपनमादद्यान्नास्नातः...मार्कंडेयपुराण 34/43)**

रविवार, श्राद्ध, संक्रांति, ग्रहण, महादान, तीर्थ, व्रत-उपवास, अमावस्या व षष्ठी तिथि को गर्म पानी से स्नान नहीं करना चाहिए। **(रविसंक्रांतिवारेषु...ब-हत्पराशर स्मृति 2/112)**

# ओंकार प्राणायाम



स्वामी मुक्तरथ

योगाभ्यास में ओम के उच्चारण का अनन्य महत्व है। इसमें ओंकार का उच्चारण सुनना व बोलना दोनों का अंतर्भाव होता है। इसका लाभ उसे ही मिलता है जो स्वयं इसका अनुभव लेता है। ओंकार प्राणायाम का अधिक लाभ सामूहिक रीति से एक लय व सुरताल में करने से होता है। ओंकार प्राणायाम को ओंकार साधना/प्रणव साधना/प्रणवोच्चार कहते हैं। इस प्राणायाम के द्वारा सर्वशक्तिमान परमात्मा को संबोधित करते हैं। ओंकार ही उस परमात्मा का प्रतीक हो सकता है। ओम शब्द साढे. तीन (३०) मात्रा का एकाक्षर है, यह नाम वैज्ञानिक दृष्टि से परिपूर्ण व सिद्ध है। ओंकार सभी अक्षरों को व्याप्त करता है। जैसे सारी सृष्टि का प्रतिनिधित्व परमात्मा करता है वैसे ही सारे अक्षरों का प्रतिनिधित्व ओंकार करता है।



- शरीर की आंतरिक इंद्रियों की सफाई होती है।
- सूक्ष्म मल दूर होता है।
- शरीर स्वस्थ, सुंदर व पवित्र बनता है।
- कंठनाली में स्वरतंतु की ट्यूनिंग होती है।
- फुफ्फुस की कार्यक्षमता बढती है।
- श्वसन विकार दूर होते हैं।
- रक्तशुद्धि होती है।

## ओंकार प्राणायाम कैसे करें?

यह प्राणायाम किसी एकांत जगह पर करें। स्थान का बार-बार बदलाव न करें। पद्मासन या सुखासन में बैठे जिसमें सिर, गर्दन, पीठ, कमर सीधी एक रेखा में रहे। शांति से आंखें बंद का अवयव ध्यान कर सारी इंद्रियां अपने स्थान पर सजग हैं, इसका ध्यान रखें। सहज रीति से 2-3 बार लम्बी सांस लें व शीघ्रता से श्वास छोड़ दें। इसे ही दीर्घ श्वसन कहते हैं। ऐसे 3-4 बार दीर्घ श्वसन करने के बाद यथासंभव लम्बा श्वास लें। श्वास को बिना रोके, मुंह खोल कर कंठ से स्पंदन हो, ऐसा ओंकार का उच्चारण करें। इस ओंकार उच्चारण की अनुभूति स्वयं ही करें। शुरूआत में बराबर व दीर्घ ओंकार उच्चारण नहीं होता पर धीरे-धीरे अभ्यास से दीर्घ उच्चारण होने लगता है। ओंकार के उच्चारण से एक दीर्घ कंपन उत्पन्न होता है, जो नाभि चक्र, मुख गुहा, कान के पास व सहस्त्राधार से होकर पूरे शरीर में अनुभव होता है। शारीरिक लाभ की दृष्टि से कंपन जरूरी है। यह ओंकार की साधना जब तक साधक को आनंद दे, तब तक वह करे।

**लाभ : ओंकार प्राणायाम से साधक को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक लाभ होता है।**

- शरीर का सबसे छोटा हिस्सा ऊतकों को नवनिर्मित करने का कार्य ओंकार प्राणायाम करता है। ओंकार से प्रत्येक ऊतक चैतन्य से परिपूर्ण हो जाती है, इससे चेतना की जागृति होती है। हृदय को विश्राम मिलता है।
- मज्जा संस्थान सक्रिय होता है।
- पाचन क्रिया व उत्सर्जक क्रिया सुधरती है।
- मन के मल, मोह, अहंकार, मद से छुटकारा मिलता है।
- मन शांत, प्रसन्न रहता है।
- मन की आकलन शक्ति बढती है।
- मन रिक्त, स्वच्छ, पवित्र व हल्कापन महसूस करता है। इतना ही नहीं, एक मंगलमय वातावरण निर्मित होता है।
- हमारे दैनंदिन व्यवहार में आने वाले तनाव के कारण आने वाली निराशा, उदासी व अशांति ओंकार के स्पष्ट व दीर्घ उच्चारण से नष्ट होती है। ओंकार के नियमित उच्चारण से रक्तदान, दमा आदि तकलीफें दूर होती हैं।
- अतः स्त्रावी संस्थान चुस्त होता है।
- नर को नारायण बनाने की क्रिया ओंकार प्राणायाम में है।
- बुद्धि तीव्र, निर्णायक क्षमता व स्मरण शक्ति बढती है।
- शरीर, मन व बुद्धि को स्वस्थ रखने वाला अष्टांगों का सार ओंकार है। ओंकार से अष्टांग योग का भी पालन हो जाता है। जिस प्रकार मन पर उत्तम संस्कार होने के लिए जप, तप, कीर्तन, भजन आदि कर्म साधन प्रचलित हैं, उसी प्रकार ध्यान की कल्पना करें तो ओंकार एक साधना प्रतीत होती है किन्तु इसका नियमित अभ्यास आवश्यक है। अतः ऊषा काल में, ब्रह्म मुहूर्त में किसी रम्य स्थान में जाकर सूर्योदय के समय प्रसन्नचित्त बैठ कर यदि ओंकार का नियमित अभ्यास किया जाए तो यह उच्चारण सुमधुर, हृदय को प्रसन्न करने वाला होता है।

**(लेखक सत्यानंद योग मिशन रांची के अध्यक्ष और योग प्रशिक्षक हैं।)**

# 85% लोग गलत तरीके से पीते हैं पानी, ऐसे पिएंगे पानी तो दूर भागेंगी बीमारियां

यह बात तो हम सभी जानते हैं कि पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन हेल्थ के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है। पानी आपके शरीर के अंगो और टिश्यू की रक्षा करता है। साथ ही यह बॉडी के न्यूटिएंट्स और ऑक्?सीजन पहुंचाने का काम करता है। पानी के सेवन से बीमारियों से लड़ने में भी मदद मिलती है। इसलिए हर व्यक्ति को सही मात्रा में पानी जरूर पीना चाहिए। हालांकि ज्यादातर लोगों को पानी पीने का सही तरीका मालूम नहीं होता है। जिसके कारण उनको फायदे की जगह नुकसान होने लगता है।

बता दें कि तेजी से पानी पीने के यह यूरिन के जरिए शरीर से बाहर आ जाता है। इस वजह से शरीर को जरूरी तत्व भी नहीं मिल पाते हैं। एक बार में ज्यादा मात्रा में पानी पीने से डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। क्योंकि बॉडी को पानी प्रोसेस करने में समय लगती है। वहीं एक साथ ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम का लेवल कम हो जाता है। जिसके चलते ब्रेन सेल्स और बॉडी में सूजन भी आ सकती है। पानी पीने के इन नियमों को जानना जरूरी है। जिन्हें फॉलो कर आप सेहतमंद रह सकते हैं।

आयुर्वेद के मुताबिक हमेशा धीरे-धीरे और घूंट-घूंट करके ही हमेशा पानी पीना चाहिए। इससे हमारे मुंह में जो लार बनती है वह भी पानी के जरिए हमारे शरीर में जाती है और डाइजेस्टिव सिस्टम सही रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, पानी को एकदम से नहीं बल्कि धीरे-धीरे पीना चाहिए।

**मजबूत होता है डाइजेशन**

जब हमारे मुंह में मौजूद लार पेट में जाती है तो इससे डाइजेस्टिव सिस्टम दुरुस्त होता है। क्योंकि लार में नेचुरल अल्कलाइन पाया जाता है जो पानी के साथ मिक्स होकर हमारे पेट में पहुंचता है। इसकी मदद से खाने को तोड़ने और पचाने में मदद मिलती है। वहीं मुंह में रखकर धीरे-धीरे पानी के सेवन से खाना पचाने में आसानी होती है।

**हाइड्रेट रहता है शरीर**

गर्मियों में शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। लेकिन जब पानी को मुंह में रखकर धीरे-धीरे पीते हैं तो शरीर अच्छे से पानी को अवशोषित होता है। यह डिहाइड्रेशन को भी कम करता है। बता दें कि गर्मियों में शरीर के डिहाइड्रेट होने से मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। वहीं धीरे-धीरे पानी पीना फायदेमंद होता है।

**कम होता है वेट**

पर्याप्त मात्रा में और सही से पानी पीने से शरीर की चर्बी कम होने के साथ ही वेट भी कम होता है। वहीं घूंट-घूंटकर पानी पीने से अधिक भूख भी नहीं लगती है। जिसके चलते आप खाना कम खाते हैं और आपका वेट भी बैलेंस में रहता है।




**धीरे-धीरे पानी पीने के फायदे**

**स्किन संबंधी समस्याओं जैसे सोरायसिस और एक्जिमा को दूर करने में मदद करता है।**

**मसल्स को मजबूत होती है।**

**कब्ज की शिकायत नहीं होती है।**

**शरीर से विषैले तत्व निकालता है।**

**शरीर एनर्जी से भरपूर रखता है।**

**सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है।**

**त्वचा पर ग्लो लाता है।**

**एजिंग और झुर्रियों को कम करता है।**

**बेजान बालों में नई जान लाता है।**

**किडनी को दुरुस्त रखता है।**

**मेटाबॉलिज्म मजबूत करता है।**

**यूरिन इंफेक्शन को दूर करता है।**

# रोग प्रतिरोधक क्षमता

नारियल के पानी में एंटीऑक्सिडेंट्स और पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन सी, मैग्नीशियम, मैग्नीज, पोटैशियम, सोडियम और कैल्शियम भी पाया जाता है। यह शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढाते हैं। र्गिमयों में इसका सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। नारियल का पानी शरीर में पीएच बनाएं रखता है। इसमें पाया जाने वाला एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स को खत्म करता है और कई बीमारियों से राहत मिलती है।

- डायबिटीज से बचाए

शुगर लेवल बढ़ने का कारण शरीर में इंसुलिन हार्मोन की कमी होती है। नारियल पानी में पाया जाने वाला एंटीऑक्सिडेंट्स इंसुलिन के स्त्राव में मदद करता है। इसलिए यह डायबिटीज के रोगी के लिए काफी फायदेमंद है।

- उच्च रक्तचाप करें कंट्रोल

हाई ब्लड प्रैशर को कंट्रोल करने में नारियल का पानी बहुत मददगार है। अगर आप हाई ब्लड प्रैशर से परेशान है तो एक कप नारियल पानी दिन में दो बार पीएं। इसके लिए डिब्बा बंद नारियल पानी न लें क्योंकि यह उतना फायदेमंद नहीं होता।

- किडनी स्टोन निकालें

किडनी में पथरी होने पर डॉक्टर अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह देते हैं। इसके लिए नारियल का पानी बेस्ट ऑप्शन है। यह पथरी को बाहर निकालने में काफी मदद करता है।

- प्रेग्नेंसी में है फायदेमंद

नारियल पानी प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह बच्चे के विकास करने में मदद करता है। प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली थकान, कब्ज और जी मचलाने जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है।

- वजन करें कंट्रोल

मोटापे से परेशान लोग कई तरह की व्यायाम और डाइट चार्ट अपनाते हैं। उनके लिए नारियल पानी बहुत फायदेमंद होती है। इसे पीने से पेट पूरा दिन भरा-भरा रहता है और भूख कम लगती है।

# चेहरे की रंगत बताती है आयरण की कमी

शरीर को हमेशा फिट और बीमारियों से मुक्त रखने के लिए सभी पोषक तत्व जैसे आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, फाइबर, विटामिन अन्य आदि की जरूरत होती है। अगर इन तत्वों में से किसी एक की कमी शरीर में हो जाए तो सेहत बिगड़ने लगती है। बहुत से लोगों को आयरन की कमी रहती है, जिससे एनीमिया की समस्या रहती है और शरीर में खून का लेवल गिरने लगता है। शरीर को सुचारू रूप से चलाने में खून का अहम रोल है। अगर किसी वजह से शरीर में आयरन की कमी आ जाए तो काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। पुरूषों की तुलना में महिलाओं को यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है तो कुछ संकेत दिखने लगते है, जिन्हें अक्सर हम लोग अनदेखा कर देते है। अगर आप में भी ऐसे लक्षण दिखाएं तो समझ जाएं कि आपको आयरन की जरूर है।

आइए जानते है आयरन की कमी के दौरान शरीर में दिखने वाले संकेतः-

**● थकावट रहना**

शरीर में आयरन की कमी से हीमोग्लोबिन का स्तर भी धीमा हो जाता है, जिस वजह से शरीर सही से काम करना बंद कर देता है। बिना कोई काम किए भी थकावट रहने लगती है। थकान लगाकर महसूस होती रहे तो समझ जाए कि शरीर में आयरन की कमी है। ऐसे में तुरंत आयरन भरपूर डाइट लेना शुरू करें और डॉक्टर की सलाह भी लें।

**● सांस लेने में तकलीफ**

शरीर में आयरन कम होने से रक्तचाप कम हो जाता है और सांस लेने की रफ्तार भी कम हो जाती है, जिससे सांस फूलने लगती है। अगर आपको भी अक्सर सांस लेने में दिक्कत रहती है तो समझ जाएं कि शरीर में आयरन की कमी है।

**● मांसपेशियों में दर्द**

खून में आयरन कम हो जाता है तो रक्त की शक्ति कम होने लगती है और मांसपेशियों में दर्द होने लगता है। वहीं अगर जरा सी चोट लग जाए और ठीक होने में ज्यादा समय ले तो तुरंत डॉक्टर के पास जाए और अपना चेकअप करवाएं।

**● चेहरे की रंगत**

शरीर में आयरन की कमी होने से व्यक्ति के चेहरे की रंगत भी प्रभावित होने लगती है। इससे चेहरे की रंगत फीकी पड़ जाती है। नाखून, हथेली और आंखों का रंग भी सफेद पड़ने लगता है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



**● नाखूनों का टूटना**

इस संकेत को लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते है। अगर आपके नाखून रूखे और बीच में से टूट रहे है तो यह आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। इसलिए इसको अनदेखा बिल्कुल अनदेखा न करें और डॉक्टर के पास अपनी इस प्रॉब्लम के बारे में बताएं।

**● दर्दनाक पीरियड्स**

अगर पीरियड्स के दौरान सामान्य से ज्यादा ब्लीडिंग हो रही है तो इसकी वजह महीला में आयरन की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अपनी डाइट का ध्यान रखें।

**● सिर में दर्द रहना**

हीमोग्लोबिन शरीर के सभी हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। अगर दिमाग तक हीमोग्लोबिन की मात्रा नहीं पहुंच पाती तो अक्सर सिर दर्द रहने लगता है। अगर आप भी अक्सर सिर दर्द से परेशान रहते है तो यह आयरन की कमी का संकेत है।

**● बाल झड़ना**

जब शरीर में आयरन की कमी होने से तो नाखूनों के टूटने के साथ-साथ बाल भी झड़ने लगते है। कहीं आपके भी झड़ते बालों की वह शरीर में आयरन की कमी तो नही है। इस संकेत के अनदेखा न करें।